www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, गुरुवार, 14 मार्च, 2024 | वर्ष-16 | अंक-339 | पृष्ठ-10 | मूल्य-3.00 रुपए





गाजियाबाद 311 ऐप से जन समस्याओं का ... 04
■ गांवों में विकास के माध्यम से देश व प्रदेश को...
■ करणी सेना संस्थापक की पुण्यतिथि मनाई 05
■ सफाई कर्मचारियों के साथ सरकार : शैली
■ देश में बढ़ रहे हैं किडनी के क्रॉनिक रोग : डॉ. संजीव गुलाटी 07
भाजपा सरकार ने तोड़ा लद्दाख की जनता... 08

**रमजान मुबारक**

14 मार्च-3

खत्म सहरी : 5.15

रोजा इफ्तार : 6.30



## सार संक्षेप

### 5 लाख के इनामी टुनेश लकड़ा सहित छह नक्सली गिरफ्तार



**रांची।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी (झारखंड जन मुक्ति परिषद) के एरिया कमांडर टुनेश लकड़ा उर्फ रवि सहित छह नक्सलियों को छत्तीसगढ़ के बलरामपुर और जशपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से एक एके-47 के अलावा 90 कारतूस, एक मैग्जीन और नक्सली ड्रेस सहित कई सामान बरामद किए गए हैं। टुनेश लकड़ा पर झारखंड पुलिस ने 5 लाख का इनाम घोषित कर रखा था।

### बिहार में सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत 25 से अधिक घायल




**पटना।** बिहार के रोहतास और मुजफ्फरपुर जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में बुधवार को हुए सड़क हादसों में नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 से अधिक लोग घायल हो गए। मुजफ्फरपुर जिले के रामपुर हरी थाना क्षेत्र में सुबह एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है, जबकि पांच से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, पूर्वी चंपारण के चकिया से एक बारात में शिरकत करने के बाद कुछ लोग एक बोलेरो गाड़ी में सवार होकर वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक अनियंत्रित ट्रक ने बोलेरो को टक्कर मार दी।

### उमर खालिद जानलेवा हमला मामले में दिल्ली हाई कोर्ट पहुंचे



**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र नेता उमर खालिद ने 2018 में उन पर जानलेवा हमले के आरोप में दो लोगों को बरी करने के फैसले के खिलाफ बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया। खालिद ने याचिका में आरोपियों को हत्या के प्रयास के आरोप से मुक्त करने के निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी है।

# रामलीला मैदान में आज किसान भरेंगे हुंकार

## राजधानी दिल्ली में किसानों को महापंचायत की मिली इजाजत

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली के रामलीला मैदान में कल गुरुवार को होने वाली संयुक्त किसान मोर्चा की महापंचायत को दिल्ली पुलिस ने इजाजत दे दी है। पूरे देश के किसान आज दिल्ली में हुंकार लगाएंगे। दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, संयुक्त किसान मोर्चा के रामलीला मैदान में महा पंचायत की परमिशन दी गई है। संयुक्त किसान मोर्चा को महापंचायत करने की इजाजत देने के लिए कई शर्तें लगाई गई है।

- दिल्ली पुलिस ने कई शर्तें लगाई
- बिना ट्रैक्टर-ट्रॉली होगी पंचायत
- रात में ठहरने की नहीं होगी इजाजत




पुलिस की शर्तों में रामलीला मैदान में पंचायत के समय 5000 लोगों से ज्यादा लोग नहीं होंगे। कोई ट्रैक्टर ट्रॉली नहीं लाएगा। किसी तरह का हथियार नहीं होगा। महापंचायत को सिर्फ तीन घंटे तक चलाने की ही अनुमति मिली है। सुबह 11 से 2 बजे तक ही आयोजन करने को कहा गया है। उसके बाद सबके वापस चले जाने की शर्त लगाई गई है।

### किसान मोर्चे के नेताओं ने किए हस्ताक्षर

पुलिस ने सशर्त इजाजत में यह भी कहा कि रात में कोई नही रुकेगा. कानून व्यवस्था बनाए रखेंगे। किसी तरह की रैली या प्रदर्शन नही होगा। इन शर्तों पर संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने दिल्ली पुलिस को हस्ताक्षर करके दिए हैं, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने एनओसी देकर अनुमति दी है।

### मैदान में पानी भरने पर बिफरे राकेश टिकैत



किसान महापंचायत की तैयारियों का जायजा लेने बुधवार की शाम को पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत ने रामलीला ग्राउंड में पानी भरने पर सरकार को खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि किसानों की मीटिंग रोकने के लिए पानी भरा गया है। उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा कि खेत में पानी नहीं मिल रहा है, लेकिन मीटिंग स्थल पर पानी भर दिया गया है।

### पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

इस संबंध में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ओर से ट्रैफिक एडवाइजरी भी जारी की गई है। रामलीला मैदान में 14 मार्च 2024 को किसान महापंचायत के चलते वाहनों की आवाजाही प्रभावित रहेगी। इसलिए संबंधित मार्ग की बजाय वैकल्पिक मार्ग अपनाने की सलाह भी दी गई है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने यात्रियों को ट्रैफिक नियमों और रूट डायवर्जन के बारे में अलर्ट किया है। एडवाइजरी के मुताबिक, इन मार्गों पर गुरुवार को सुबह 6 बजे से शाम 4 बजे तक जवाहरलाल नेहरू मार्ग, बहादुर शाह जफर मार्ग, आसफ अली रोड, स्वामी विवेकानंद मार्ग, नेताजी सुभाष मार्ग, मिंटो रोड, महाराजा रणजीत सिंह फ्लाईओवर, भवभूति मार्ग, चमन लाल मार्ग, बाराखंभा रोड, टॉल्स्टॉय मार्ग, जय सिंह रोड, संसद मार्ग, बाबा खड़क सिंह मार्ग, अशोक रोड, कनॉट सर्कस और डीडीयू मार्ग पर वाहनों की आवाजाही को रेगुलेट किया जाएगा। पुलिस ने आईएसबीटी, रेलवे स्टेशन या एयरपोर्ट की ओर जाने वाले लोगों को पर्याप्त समय लेकर सावधानी बनाकर चलने को कहा है।

### किसान संगठन और मजदूर यूनियन जुटेंगी

महापंचायत केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ लड़ाई को तेज करने और खेती, खाद्य सुरक्षा, आजीविका के लिए संकल्प पत्र लाएगी। महापंचायत में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, अन्य ट्रेड यूनियनों, क्षेत्रीय फेडरेशनों और एसोसिएशनों के संयुक्त मंच के प्रतिनिधि भाग लेंगे। एसकेएम ने सभी लोगों और संगठनों, मजदूरों, छात्रों, युवाओं और महिलाओं के संघों से महापंचायत में शामिल होने की अपील की है।

### यात्रियों को मेट्रो से सफर करने की सलाह

इसके साथ ही यातायात पुलिस ने आईएसबीटी, रेलवे स्टेशन या एयरपोर्ट की ओर जाने वाले लोगों को सलाह दी है कि वो अपनी यात्रा के दौरान पर्याप्त समय लेकर सावधानी बनाकर चलें। यात्रियों से आग्रह किया है कि यदि संभव हो तो उपरोक्त सड़कों से बचकर चलें। वहीं, ज्यादा से ज्यादा पब्लिक ट्रांसपोर्ट खासकर मेट्रो सेवाओं का अधिकतम उपयोग करें।

**भाजपा की दूसरी सूची जारी**

# गडकरी से लेकर खट्टर तक को मिला टिकट

**लोकसभा चुनाव**



- दूसरी सूची 72 उम्मीदवारों के नाम है शामिल
- दिल्ली की बची हुई दो सीटों पर भी हुआ ऐलान

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा ने बुधवार को उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी। इस सूची में 10 राज्यों एवं एक केंद्र शासित प्रदेश की 72 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की गई है। इनमें 15 महिला उम्मीदवार शामिल हैं। भाजपा ने दिल्ली की बची हुई दो सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। पूर्वी दिल्ली से हर्ष मल्होत्रा और उत्तर पश्चिम दिल्ली से योगेंद्र चंदोलिया को टिकट दिया गया है, वहीं, दादर नगर हवेली से कलाबेन देलकर को टिकट मिला है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को हिमाचल की हमीरपुर लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है, वहीं, धारवाड़ से प्रहलाद जोशी, नागपुर से नितिन गडकरी, करनाल से मनोहर लाल खट्टर को प्रत्याशी बनाया गया है। पहली सूची में प्रधानमंत्री मोदी (वाराणसी), शाह (गांधीनगर) और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह (लखनऊ) के नाम भी शामिल थे। इस सूची में 34 केंद्रीय मंत्रियों के नाम शामिल थे जबकि तीन मंत्रियों के टिकट काट दिए गए थे।

### बिहार में लोजपा को मिलेगी पांच सीट

*बिहार में भाजपा का लोजपा के साथ सीट बंटवारे का मामला सुलझ गया है। पार्टी को पांच लोकसभा सीट मिल सकती है। सूत्रों से मिली जानकारी के भाजपा ने लोजपा के दोनों गुट चिराग पासवान और पशुपति कुमार पारस का आपस में विलय कराने की कोशिश करेगी। विलय नहीं भी होता है तो भी गठबंधन की सभी पांचों सीटें चिराग पासवान गुट को ही दी जाएंगी। जबकि पशुपति कुमार पारस को राज्यपाल पद का प्रस्ताव दिया गया है। चिराग पासवान ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने के बाद अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि नड्डा के साथ बातचीत बिहार में सीटों के बटवारे को लेकर हुई। इसे अंतिम रूप दे दिया गया है। उचित समय पर इसकी सूचना दी जाएगी।*

**कांग्रेस ने की 'नारी न्याय' गारंटी योजना की घोषणा**

# गरीब महिलाओं को मिलेंगे सालाना एक लाख रुपए

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (देशबन्धु)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने महिलाओं को न्याय देने की गारंटी देते हुए बुधवार को कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर गरीब परिवार की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए की मदद दी जाएगी। श्री खड़गे ने 'नारी न्याय' गारंटी योजना की घोषणा करते हुए कहा कि नारी न्याय गारंटी के अन्तर्गत कांग्रेस महिलाओं के लिए पांच घोषणाएं कर रही है। उनमें पहली



- महिलाओं के लिए पांच योजनाएं लाएंगी कांग्रेस
- नई नियुक्तियों में आधा हक महिलाओं को मिलेगा

महालक्ष्मी गारंटी है जिसके तहत गरीब परिवारों की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। दूसरी गारंटी आधी आबादी-पूरा हक की होगी जिसके तहत केंद्र सरकार की नई नियुक्तियों में आधा हक महिलाओं को मिलेगा। शक्ति का सम्मान तीसरी गारंटी है। अधिकार मैत्री चौथी गारंटी है। महिलाओं के लिए पांचवीं सावित्री बाई फुले हॉस्टल गारंटी है जिसके तहत सभी जिला मुख्यालयों में कम से कम एक कामकाजी महिलाओं का होस्टल बनाएगी और पूरे देश में इन होस्टल की संख्या दोगुनी की जाएगी।

## दिल्ली में बनेंगे मेट्रो के दो नए कॉरिडोर

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली में मेट्रो के दो और नए कॉरिडोर बनेंगे। यह फैसला बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमडल की बैठक में लिया गया। फैसले की जानकारी देते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि आज दिल्ली मेट्रो के चरण-चार परियोजना के तहत 2 नए मेट्रो कॉरिडोर को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी। ये दोनों कॉरिडोर 20.762 किलोमीटर का होगा। इसमें पहला कॉरिडोर- लाजपतनगर से साकेत जी ब्लॉक तक 8.385 किलोमीटर जबकि दूसरा इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ तक12.377 किलोमीटर का बनाया जाएगा। इंद्रलोक- इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर ग्रीन लाइन का विस्तार होगा और रेड,येलो,एयरपोर्ट लाइन,मैजेंटा,वॉयलेट और ब्लू लाइनो के साथ इंटरचेंज प्रदान करेगा। इसके लिए 8,399 करोड रुपए की लागत आएगी।

**8,399 करोड़ रुपए की लागत आएगी**

## एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में दिया हलफनामा

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बुधवार को दायर एक अनुपालन हलफनामे में सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने भारतीय चुनाव आयोग को चुनावी बॉन्ड पर डिजिटल आंकड़े सौंप दिए हैं। हलफनामे में कहा गया है कि मंगलवार को कारोबार का समय समाप्त होने से पहले संविधान पीठ के फैसले के अनुरूप सभी आवश्यक विवरणों के साथ चुनाव आयोग को एक सीलबंद लिफाफा सौंपा गया था, जिसमें दो पीडीएफ फाइलें थीं।

**बीमा कंपनी एको की अध्ययन रिपोर्ट से हुआ खुलासा**

# कार चोरी के मामलों में दिल्ली नंबर वन

■ जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (देशबन्धु )। दिल्ली एक बार फिर सबसे अधिक कार चोरी वाले शहरों की सूची में शीर्ष पर है, भजनपुरा और उत्तम नगर 2023 में लगातार दूसरे साल कार चोरी के लिए सबसे बदनाम इलाके बनकर उभरे हैं। बीमा कंपनी एको की 'थेफ्ट एंड द सिटी' शीर्षक से जारी रिपोर्ट ने खुलासा किया कि तीन नए स्थान -शाहदरा, पटपड़गंज और बदरपुर भी कार चोरी के नए हॉटस्पॉट के रूप में उभरे हैं। रिपोर्ट में अध्ययन किए गए छह शहरों में से चेन्नई



- भजनपुरा और उत्तम नगर सबसे बदनाम इलाके बनकर उभरे

और बेंगलुरु वाहन चोरी के मामले में क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर थे। दूसरी ओर, हैदराबाद, मुंबई और कोलकाता में कार चोरी की संख्या सबसे कम पाई गई। इस रिपोर्ट पर भरोसा करें तो राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली वाहन चोरों के लिए जन्नत है। दिल्ली में आए दिन गाड़ियां चोरी होती रहती है, कभी भरे बाजार से तो कभी लोगों के घर के बाहर से। गाड़ी चोरी होने की घटना में दिल्ली सबसे ऊपर है। दिल्ली में कई ऐसे इलाके हैं जहां से गाड़ियों की चोरी आसानी से होती है। इसमें भजनपुरा और उत्तम नगर सबसे ज्यादा चोरी वाले इलाके है। लगातार दूसरा साल है जब इन इलाकों से सबसे अधिक गाड़ियों की चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसके अलावा तीन नए इलाके भी सामने आए हैं, जहां से गाड़ियों की चोरी होने की घटनाएं सबसे अधिक दर्ज हुई है। इसमें शाहदरा, पटपड़गंज और बदरपुर शामिल है।

### चोरी होने की घटना में दोगुना इजाफा

इंश्योरेंस प्रोवाइड कंपनी 'एको' की रिपोर्ट की मानें तो वर्ष 2022 से 2023 तक गाड़ियां चोरी होने की घटना में दोगुना का इजाफा हुआ है। हालांकि 2022 की तुलना में 2023 में दिल्ली में गाड़ी चोरी होने की घटना में मामूली कमी देखने को मिली है।




Scheme Code: CPS-03/2023-24
through e-Auction/on-Line biding

SALIENT FEATURES

• Proximity with Noida International Airport • Easy access to Eastern & Western Dedicated Freight Corridors • Best planned city in NCR • Expressways providing excellent Multi-city Connectivity • Residential Sectors, Commercial Sectors, Educational Institutions in the Vicinity • World-class civic amenities

Greater Noida announces e-Auction for the allotment of Commercial Plots, as per terms and conditions prescribed in the on-line brochure.

How to participate/other details: Interested parties will need to sign up and obtain user ID and password on the portal https://etender.sbi as well as deposit Documents, Processing Fee (Participation Fee) & EMD separately through online payments as per date mentioned in the online brochure.

The brochure containing details of plots, procedure, terms and conditions of e-Auction is available on our website www.greaternoidaauthority.in and the web portal https://etender.sbi

It will be the sole responsibility of the bidder/ participant to obtain a compatible computer terminal with Internet connection to enable him/her to participate in the e-bidding process for any reasons thereof.

Authority reserves the right to accept or reject one or all the bids or cancel/postpone the e-auction without assigning any reason.

COMMERCIAL PLOTS - 4 FAR

| S. No. | Plot No. | Sector | Area of Plot (in Sqm.) | Total Reserve Price of Plot (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | C-1 | Sector-10 | 9250 | 78,39,83,750/- |
| 2 | C-4 | Sector-10 | 10600 | 89,84,03,000/- |
| 3 | C-5 | Sector-10 | 10600 | 89,84,03,000/- |
| 4 | C-6 | Sector-10 | 10600 | 89,84,03,000/- |
| 5 | C-7 | Sector-12 | 10400 | 77,64,64,000/- |
| 6 | C-8 | Sector-12 | 10400 | 77,64,64,000/- |
| 7 | C-9 | Sector-12 | 10400 | 77,64,64,000/- |
| 8 | C-10 | Sector-12 | 10400 | 77,64,64,000/- |
| 9 | C-11 | Sector-12 | 10400 | 77,64,64,000/- |
| 10 | C-12 | Sector-12 | 10400 | 77,64,64,000/- |
| 11 | C-2 | Techzone-VII | 10000 | 84,75,50,000/- |
| 12 | C-3 | Ecotech-12 | 12000 | 1,01,70,60,000/- |
| 13 | SLC-3/5 | Alpha-II | 2580 | 24,47,77,500/- |
| 14 | SLC-8/G/2 | Delta-2 | 2313.47 | 21,94,90,466/- |
| 15 | SLC-8/G/3 | Delta-2 | 2313.47 | 21,94,90,466/- |
| 16 | SLC-8/G/4 | Delta-2 | 2313.47 | 21,94,90,466/- |
| 17 | SLC-8/G/5 | Delta-2 | 2313.47 | 21,94,90,466/- |
| 18 | SLC-8/G/6 | Delta-2 | 2313.47 | 21,94,90,466/- |

Plots clear from all encumbrances | Lease plans are ready | Possession within 30 Days | Allotment will be made on "as in where is basis"

| Document Download Starts | Registration End Date & Time | Last Date of Registration, EMD, Processing Fee Deposit | Last Date of Final Submission of Documents | E-Auction Date & Time to be Notified Separately |
|---|---|---|---|---|
| 28-02-2024 \| 3 PM | 19-03-2024 \| 5 PM | 21-03-2024 \| 5 PM | 22-03-2024 \| 3 PM | |

For corrigendum/addendum, Please refer to website www.greaternoidaauthority.in
Don't miss the opportunity, please visit One Map Greater Noida for plots location details.

Greater Noida Industrial Development Authority
Plot No. 01, Knowledge Park-04, Greater Noida-201308, Distt.-Gautam Budh Nagar, (U.P.)
Helpline Center No. : 0120 2336046, 2336047, 2336048, 2336049
Ph.: 0120-2336030-33 | E-mail: authority@gnida.in | Website: www.greaternoidaauthority.in
Follow us on /OfficialGNIDA

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

# विकसित भारत
# विकसित दिल्ली

## मोदी सरकार की गारंटी

### दिल्ली मेट्रो रेल परियोजना (फेज़-IV)
### ₹8,400 करोड़ लागत के दो नए कॉरिडोर

लाजपत नगर - साकेत जी ब्लॉक | इंद्रलोक - इंद्रप्रस्थ

का

## शिलान्यास



## श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

के कर-कमलों द्वारा

गुरुवार, 14 मार्च 2024 । समयः सांय 5:00 बजे

(वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से)

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री हरदीप सिंह पुरी**
केंद्रीय मंत्री, आवासन एवं शहरी कार्य और
पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस



## प्रमुख विशेषताऐं

8.4 किलोमीटर लंबे लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक कॉरिडोर में 8 मेट्रो स्टेशन होंगे - लाजपत नगर, एंड्रयूज गंज, ग्रेटर कैलाश -1, चिराग दिल्ली, पुष्पा भवन, साकेत डिस्ट्रिक्ट सेंटर, पुष्प विहार और साकेत जी ब्लॉक।

लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक कॉरिडोर गोल्डन, मैजेंटा, पिंक और वॉयलेट लाइनों को लाजपत नगर (वायलेट और पिंक लाइनों के साथ), चिराग दिल्ली (मैजेंटा लाइन के साथ) और साकेत जी ब्लॉक (गोल्डन लाइन के साथ) में इंटरचेंज के साथ जोड़ेगा।

12.4 किलोमीटर लंबे इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर में 10 मेट्रो स्टेशन होंगे - इंद्रलोक, दया बस्ती, सराय रोहिल्ला, अजमल खान पार्क, नबी करीम, नई दिल्ली, एलएनजेपी अस्पताल, दिल्ली गेट, दिल्ली सचिवालय और इंद्रप्रस्थ।


इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर रेड, येलो, एयरपोर्ट एक्सप्रेस, मैजेंटा, वायलेट और ब्लू लाइनों को इंद्रलोक (ग्रीन और रेड लाइन के साथ), नबी करीम (मैजेंटा लाइन के साथ), नई दिल्ली (येलो और एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइनों के साथ), दिल्ली गेट (वायलेट लाइन के साथ) और इंद्रप्रस्थ (ब्लू लाइन के साथ) में इंटरचेंज के साथ जोड़ेगा।


लगभग 2.5 लाख यात्री इन नई लाइनों का लाभ उठा सकेंगे।

यह दो कॉरिडोर कारोबार को बढ़ावा देंगे और दिल्ली गेट, नई दिल्ली, नबी करीम और दक्षिण दिल्ली के क्षेत्र जैसे एंड्रयूज गंज, पुष्प विहार और साकेत के आस-पास कनेक्टिविटी प्रदान करेंगे।

इन लाइनों पर मेट्रो कनेक्टिविटी से यात्रा में लगने वाले समय, प्रदूषण और सड़क जाम में कमी आएगी।

सबसे उन्नत 'चालक रहित ट्रेन संचालन' तकनीक से सुसज्जित ट्रेनें।




डीडी न्यूज पर सीधा प्रसारण देखें DD NEWS

INDIAN RAILWAYS भारतीय रेल IRCTC

# विकसित भारत के लिए रेलवे का आधुनिकीकरण मोदी सरकार की गारंटी










## उपलब्धियों की एक झलक

### किफायती पर्यटन

**भारत गौरव ट्रेनें:** • फरवरी 2023 से अब तक 1 लाख से अधिक यात्रियों को किफायती मूल्य पर पर्यटन एवं तीर्थयात्रा का दिव्य अनुभव कराया जा चुका है

• ''देखो अपना देश'' की सोच पर आधारित, इन ट्रेनों को आईआरसीटीसी द्वारा विभिन्न थीम बेस सर्किटों पर संचालित किया जा रहा है जैसे श्री रामायण यात्रा, जैन सर्किट, बौध सर्किट, गरवी गुजरात, श्री जगन्नाथ पुरी यात्रा, प्रवासी भारतीय यात्रा, उत्तर-पूर्व सर्किट आदि

**आस्था ट्रेनें:** देश के विभिन्न प्रांतों के 4.5 लाख से भी अधिक तीर्थयात्रियों को अयोध्या जाने की सुविधा प्रदान की गई

सांस्कृतिक संगम और शैक्षणिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए काशी तमिल संगमम, सौराष्ट्र तमिल संगमम और युवा संगम टूर्स के माध्यम से 10000 से भी अधिक प्रतिनिधियों/छात्रों को सुविधा प्रदान की गई

### इंटरनेट टिकटिंग-डिजिटल भारत

प्रत्येक 5 में से 4 यात्री आईआरसीटीसी की सेवाओं का उपयोग करके आसान टिकट बुकिंग सुविधा का आनंद ले रहे हैं

टिकट बुकिंग की पीक टाइम मांग को पूरा करने के लिए आईआरसीटीसी के पोर्टल की क्षमता को 14 गुणा बढ़ाया गया

आईआरसीटीसी ने ग्राहकों की 24X7 सहायता के लिए ''आस्क दिशा'' चैटबॉट जैसा प्रगतिशील समाधान दिया

मोबाइल आधारित प्लेटफार्मों द्वारा ''ऑन द गो'' टिकट बुकिंग सुविधा उपलब्ध कराई

रिटायरिंग रूम, होटल, बस, फ्लाइट, लाउंज, लक्जरी ट्रेन, केदारनाथ हेलीयात्रा की बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी द्वारा ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध कराई गई


### खानपान-विशेष उल्लेख


कोविड महामारी के दौरान राज्यों, रेलवे और सरकारी संगठनों के सहयोग से आईआरसीटीसी द्वारा नियुक्त बेस किचन से 21 लाख से अधिक लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया

रेल नीर संयंत्रों में अत्याधुनिक प्रैद्योगिकी का उपयोग करके यात्रियों के लिए स्वच्छ और अच्छी गुणवत्ता वाला पेयजल उचित मूल्यों पर सुनिश्चित कराया गया

आईआरसीटीसी का मार्केट कैप लिस्टिंग की तारीख (14.10.2019) को 11,657 करोड़ रुपये से बढ़कर 73,652 करोड़ रुपये (12.03.2024 को) हो गया, जिसमें 532% की वृद्धि दर्ज की गई है और जिससे निवेशकों की संपत्ति में वृद्धि हुई



# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

आज शिक्षा का स्तर बहुत सुधर रहा है। जिसकी वजह से युवा प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं और सरकार भी उसमें काफी हद तक मदद कर रही है। युवा आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करें और भारतीय जनता पार्टी की दोबारा से सरकार बनाने में सहयोग प्रदान कर : **नरेंद्र कश्यप**

# युवाओं के सपनों को मजबूत कर रही योगी-मोदी सरकार : नरेंद्र कश्यप

**गाजियाबाद,** 13 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार और केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार युवाओं को चौतरफा अवसर प्रदान कर रही है। इसके साथ ही उनको बेहतर शिक्षा और रोजगार के अवसर भी प्रदान किया जा रहे हैं। बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग शक्तिकरण विभाग के प्रमुख नरेंद्र कश्यप ने गाजियाबाद का दौरा किया।

यहां उन्होंने विजय बीएड कॉलेज महिंद्र एनक्लेव गाजियाबाद में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के द्वारा आयोजित युवा संवाद हॉस्टल कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने युवाओं को बताया कि बेहतर भविष्य के लिए किस प्रकार से उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार लाभकारी योजनाएं चल रही है। साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जिस तरीके से युवाओं के सपने साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश में सुनहरे अवसर प्रदान किया जा रहे हैं, ऐसा पहले नहीं होता था। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि आज युवाओं ने भी ठान लिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को सत्ता दिलानी है और 400 का आंकड़ा भी पार कराना है। उन्होंने कहा है कि देश के युवा ही भारत की ताकत बनेंगे। नरेंद्र कश्यप ने कहा कि आज के युवाओं में वह ताकत देखते हैं जो देश को एक सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए नजर आती है। कश्यप ने कहा कि आज शिक्षा का स्तर बहुत सुधर रहा है। जिसकी वजह से युवा प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं और सरकार भी उसमें काफी हद तक मदद कर रही है।




आज शिक्षा का स्तर बहुत सुधर रहा है। जिसकी वजह से युवा प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहे है : **नरेंद्र कश्यप**

## पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल का शुभारंभ



**गाजियाबाद।** लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में भव्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल का लॉन्च किया गया। जिसमें पात्रों को योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण नरेंद्र कश्यप ,जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, सी डी ओ अभिनव गोपाल, सी एम एस व अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग तथा समाज कल्याण विभाग का संयुक्त कार्यक्रम जिसमें सफाई मित्रों को योजना के क्रम में कम ब्याज वाले लोन चेक वितरण किए गए।

विश्व किडनी दिवस 2024

## सही दवाओं से सीकेडी का ट्रीटमेंट मुमकिन




**नोएडा,** 13 मार्च (देशबन्धु)। क्रॉनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) यानी किडनी के पुराने और गंभीर रोग जिसमें किडनी के फंक्शन में समय के साथ खराबी आने लगती है। मौजूदा समय में डायबिटीज, हाइपरटेंशन और अनहैल्दी लाइफस्टाइल के अलावा बार-बार पैदा होने वाली पथरी की शिकायत जैसी वजह से इस बीमारी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। सीकेडी के कारण कई तरह की गंभीर समस्याएं हो सकती हैं, जैसे कि उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन), एनीमिया (खून की कमी), हड्डियों का कमजोर होना, नसों को नुकसान और हृदय व खून की नसों संबंधी बीमारियां।

**केस-1**

29 साल की चित्रा पॉल महिला का है। जिनको स्टेज 5 की किडनी की गंभीर बीमारी थीं। शुरुआत में उन्हें डायलिसिस पर रखा गया, इसके बाद उनकी तबियत तेजी से बिगड़ने लगी। उनमें उच्च रक्तचाप, बार-बार उल्टी जैसा महसूस होने, भूख न लगने और नींद न आने जैसे लक्षण दिखने लगे। इसके अलावा, उनके फेफड़ों में ट्यूबरकुलोसिस भी हो गया और नियमित तौर पर होने वाले डायलिसिस के साथ-साथ टीबी की दवाइयां भी दी जाने लगीं। हालांकि, डायलिसिस से कुछ हद तक ही खून की सफाई हो पाती है और इसकी वजह से मरीज के खानपान पर भी रोक लगा दी गई जिसके चलते वह और भी कमजोर हो गईं और संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया। डायलिसिस की वजह से मरीज के गर्भवती की संभावनाएं भी कमजोर पड़ने लगीं, ऐसे में परिवार शुरू करने के लिए किडनी ट्रांसप्लांट ही एकमात्र उपाय था।

**केस-2**

अनिल कपूर 38 साल के पुरुष में किडनी संबंधी कुछ सामान्य समस्या हुई जो बाद में बिगड़ने लगा और इसका काफी बुरा असर किडनी पड़ने लगा था। मरीज को काफी तेज बुखार रहने लगा और उनका कैरेटनाइन 8.2 के स्तर पर पहुंच गया। इससे जुड़ी हर तरह की जांच की गई और सीटी चेस्ट करने पर बड़े लिम्फ नॉड्स का पता चला।

## सार संक्षेप

### आयकर विभाग में कर्मियों ने किया धरना प्रदर्शन

**नोएडा।** भर्ती नियमों में बदलाव कैजुअल वर्कर्स के नियमतीकरण , इंटरचार्ज ट्रांसफर जैसी मांगों पर फैसला नहीं होने पर आयकर कर्मचारी काम से हड़ताल पर धरने पर बैठे है। यह धरना प्रदर्शन आयकर कर्मचारी संघ की अगुआई में चल रहा है। कर्मचारी आयकर भवन परिसर में धरना प्रदर्शन जारी है। इस दौरान परिसर में कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी भी की। संघ के अध्यक्ष तेज बहादुर मिश्रा ने बताया कि केंद्रीय संगठन इनकम टैक्स एंप्लाइज फेडरेशन की अपील पर यह धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इससे पहले सीबीडीटी चेयरमैन के अलावा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र भेजकर मांगों की ओर से ध्यान आकर्षित किया गया था। इन मांगों पर अभी तक कोई फैसला नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि कोलकाता और कर्नाटक हाई कोर्ट के जजमेंट को कंसीडर किया जाए। इसके अलावा अस्थायी कर्मचारियों को स्थाई करने की भी है। यदि अब भी हमारी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता तो 15 को आधा दिन काम किया जाएगा।

### अश्लील फोटो वायरल करने वाला यूट्यूबर गिरफ्तार

**नोएडा।** दोस्ती करने से मना करने पर युवती की अश्लील तस्वीरों को सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल करने वाले आरोपी को सेक्टर-63 पुलिस ने बुधवार को एसजेएम कट के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी यूट्यूबर भी है। बीते कई दिन से पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। उसने युवती को जान से मारने की धमकी भी दी थी। सेक्टर-63 थाना प्रभारी ने बताया कि बिहार के जमुई का इरशाद छिजारसी में रहने वाले अपने जीजा के पास अक्सर आता रहता था। कुछ माह पहले जब वह आया तो उसकी जान पहचान छिजारसी गांव में रहने वाली एक युवती से हो गई। वह युवती पर जबरन दोस्ती करने का दबाव बनाने लगा। युवती ने कई बार मना किया पर इरशाद उसका पीछा करता रहा। कुछ दिन पहले उसने युवती के घर के बाहर उससे छेड़खानी भी की। काफी प्रयास के बाद भी जब युवती ने दोस्ती नहीं की तो इरशाद ने उसकी फोटो को एडिट कर यूट्यूब पर डाल दिया ताकि उसे बदनाम किया जा सके।

### मामूली विवाद में महिला डॉक्टर के पति से मारपीट

**नोएडा।** सेक्टर 135 मंगरौली गांव में रहने वाली एक महिला डॉक्टर के पति को मामूली विवाद में पड़ोस में रहने वाले दो लोगों ने गंभीर रूप से मारपीट कर घायल कर दिया। इसको लेकर पीड़िता ने एक्सप्रेस वे थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में डॉक्टर स्मिता जैन ने बताया कि वह अपने पति विनीत जैन के साथ मंगरौली गांव में किराए के मकान में रहती है। उन्होंने बताया कि सात मार्च को रात 10.30 बजे उसी मकान में किराए पर रहने वाले भोपाल और सागर उनके पति के साथ पहले अभद्रता किए। जिसका जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने उनके पति के साथ गाली - गलौच और मारपीट करना शुरू कर दिए। घटना में उनके पति को चोटें आ गई है।

## चलती कार बनी आग का गोला



चालक ने कूदकर बचाई जान, 20 मिनट में आग पर पाया काबू, टायर फटने की आई आवाज

**नोएडा,** 13 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर-134 स्थित जेपी विशटाउन की ओर जा रही सियाज कार में मंगलवार रात को आग लग गई। चालक जेपी क्लासिक सोसाइटी निवासी गौरव मलिक ने कूदकर किसी तरह जान बचाई। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। चालक ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी की मदद से करीब 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि इस दौरान कार पूरी तरह से जल गई। गनीमत रही कि इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जाहिर की जा रही है। इस दौरान सेक्टर-126 थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है,जिसमें कार में आग लगी हुई दिख रही है। कार के टायर के फटने की आवाज़ भी वीडियो में सुनाई पड़ रही है। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा रही। आग लगने के कारण यातायात भी बाधित रहा।

## क्राइम ब्रांच ने अन्तरराज्यीय शराब तस्कर को दबोचा

**गाजियाबाद,** 13 मार्च (देशबन्धु)। क्राइम ब्रान्च पुलिस ने बुधवार को अवैध शराब की तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से पंजाब राज्य की विभिन्न ब्राण्ड की अवैध अंग्रेजी शराब व बीयर की तस्करी कर लाई जा रही कुल 501 पेटी बरामद हुई। बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग 30 लाख रुपए है। एडीसीपी क्राइम ब्रांच सच्चदानन्द ने बताया कि पुलिस ने पंजाब से अवैध अंग्रेजी शराब की तस्करी करने वाले अन्तरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है तथा एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। अनूप सिंह नामक इस तस्कर को थाना मुरादनगर गाजियाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ पर अभियुक्त अनूप सिंह ने बताया कि वह छठी फेल है तथा ट्रक ड्राईविंग का काम करता है, ट्रक ड्राईविंग के काम में ज्यादा आमदनी न हो पाने के कारण करीब 2-3 वर्ष पूर्व राममेहर निवासी जीन्द के सम्पर्क मे आया जो बिहार सरकार द्वारा अपने राज्य मे शराब की बिक्री बैन किये जाने के कारण हरियाणा, पंजाब व हिमाचल प्रदेश से अवैध शराब तस्करी करके बिहार सप्लाई करता था। जिसमें उसको काफी फायदा होता था उसको ऐसे ड्राईवर की जरूरत थी जो उसके शराब की तस्करी की गाडियों को बिहार पहुंचा सके। शराब तस्करी के काम मे ज्यादा आमदनी होने के कारण अनूप सिह राममेहर के साथ अवैध शराब तस्करी का काम करने लगा तथा राममेहर के द्वारा हरियाणा, पंजाब व हिमाचल प्रदेश से तस्करी की गई। अवैध शराब को बिहार पहुंचाने लगा।




30 लाख रुपए की शराब बरामद

## फ्लैट में चोरी करने वाला घरेलू सहायक गिरफ्तार



20 लाख की ज्वेलरी और 70 हजार नगद बरामद, आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही पुलिस

**नोएडा,** 13 मार्च (देशबन्धु)। थाना सेक्टर-113 पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। ये चोर लोगों के यहां नौकर बनकर काम करता था और मौका पाकर घर का सामान चोरी कर फरार हो जाता था। पुलिस इसका आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है। इसके पास से 9 मार्च को एक फ्लैट से चोरी किए 20 लाख जुलरी और 70 हजार कैश बरामद किया गया है।

9 मार्च को थाना सेक्टर-113 में पीड़ित ने शिकायत दी थी। उनके घर में रामचंद्र यादव घरेलू सहायक के रूप में काम करता था। उसने घर की अलमारी में रखी जुलरी और नकदी चोरी की और फरार हो गया। पुलिस ने परिजनों की ओर से बताए गए हुलिए के आधार पर तफ्तीश शुरू की। लोकल इंटेलिजेंस और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने राम चंद्र यादव को मेट्रो शौचालय सेक्टर-110 से गिरफ्तार किया । उसकी निशानदेही पर फ्लैट से चोरी किया गया सारा सामान बरामद किया गया।

## नोएडा के 35 सेक्टरों में पार्किंग शुरू

### दो पहिया के लिए प्रति घंटा 10 और चार पहिया के लिए देना होगा 20 रुपए

**नोएडा,** 13 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा के तीन क्लस्टरों में सर्फेस पार्किंग शुरू कर दी गई है। ये पार्किंग नोएडा के 35 सेक्टरों में शुरू की गई है। दो क्लस्टरों में जल्द पार्किंग शुरू की जाएगी। पार्किंग की दर निर्धारित कर दी गई है। इसमें दो पहिया वाहनों के लिए पहले दो घंटे के लिए 10 रुपए और अगले एक घंटे के लिए 5 रुपए अतिरिक्त देना होगा। इसके अलावा पूरे दिन के लिए 40 रुपए और मंथली पास 500 रुपए में बनेगा।

वहीं चार पहिया वाहनों के लिए पहले दो घंटे के लिए 20 रुपए, अतिरिक्त एक घंटे के लिए 10 रुपए और पूरे दिन के लिए 80 रुपए और मंथली पास 1500 रुपए किया गया है। इसके अलावा बस और ट्रक के लिए पहले दो घंटे के लिए 40 रुपए इसके बाद एक घंटे लिए 20 रुपए और पूरे दिन के लिए 200 रुपए चार्ज किया जाएगा। बस और ट्रक के लिए मंथली रेट नहीं लिया जाएगा।

**इन सेक्टरों में शुरू की गई पार्किंग**

**क्लस्टर-1 में सेक्टर-** 2,6,8,15,16,25,27,29,30,41,50,51,61 और 104 शामिल है। एमजी इंफ्रा सॉल्यूशन कंपनी पार्किंग का काम देखेगी।

**क्लस्टर-3 में सेक्टर-** 3,54,57,58,59,60,125,126,127,132,135, 144 शामिल है। इन सेक्टरों में माइल स्टोन सिक्योरिटी प्लेसमेंट सर्विस काम देखेगी।

**क्लस्टर-8 में सेक्टर-** 74,75,76,77,78,79,94,104,120 शामिल है। यहां आयुष पार्किंग सर्विस यहां पार्किंग देखेगी।

### डंपर की टक्कर से कार सवार महिला घायल

**नोएडा।** पर्थला ब्रिज के पास डंपर चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए महिला अधिवक्ता की कार में टक्कर मार दी। हादसे में महिला अधिवक्ता की कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। महिला इस दौरान घायल भी हो गई। उसका एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। फेज तीन पुलिस को दी शिकायत में गढ़ी चौखंडी निवासी नीतू शर्मा ने बताया कि वह सूरजपुर कोर्ट में वकालत करती हैं। मंगलवार को नीतू दोपहर करीब 12 बजे घर से सूरजपुर जाने के लिए कार से निकलीं। जब वह पर्थला ब्रिज से आधे किलोमीटर दूर चार मूर्ति के पास पहुंची तभी सफेद रंग के डंपर चालक ने पीछे से महिला की कार में टक्कर मार दी। आरोपी चालक कार को काफी दूर तक घसीटते हुए ले गया। घायल अधिवक्ता की मदद के बजाय आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने नीतू की पलटी हुई कार को सीधा कराकर उसे बाहर निकाला। नीतू के सिर और पैर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई है। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

## नोएडा में बनाया जाएगा घंटाघर



- सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन के पास स्थान चिन्हित
- 1.72 करोड़ होंगे खर्च, चारों ओर होंगी घड़ी

**नोएडा,** 13 मार्च (देशबन्धु)। हर बड़े शहर एक चौराहा ऐसा होता है जिसे सभी घंटाघर के नाम से जानते है। सिर्फ आपने ट्रांसपोर्ट साधन को बताना होता है कि घंटाघर जाना है और वो पहुंचा देता है। नोएडा में भी ऐसा ही घंटाघर बनने जा रहा है। ये घंटाघर सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन के पास विजयंत थापर चौक पर बनाया जाएगा। इसका डिजाइन लगभग तैयार हो गया है। यहां लगने वाली घड़ी का आकर और डिजाइन भी लगभग फाइनल है। जिसे कारीगर घंटाघर निर्माण के साथ ही बनाएंगे।

प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि इस घंटाघर के चारो ओर घड़ी होगी। इस पूरे घंटाघर का निर्माण में करीब 1.74 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। करीब 60 ये 70 फीट का इसे बनाया जाएगा। इससे बनाने वाली सहलाकार कंपनी ने प्राधिकरण के सामने छह डिजाइन दी है। जिसमें से किसी एक का चयन किया जाना है। इसके बाद इसका निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। इस क्लॉक टावर में रोमन या हिंदी वर्णमाला में अंक हो सकते है।

प्राधिकरण ने बताया कि सेक्टर-52 नोएडा का मिड पाइंट है। यहां लोगों की आवाजाही भी बहुत होती है। इसलिए इसी पाइंट को घंटाघर बनाने की चुना गया है। इसे घंटाघर या कुछ नाम दिया जाएगा इसको लेकर भी चर्चा की जा रही

## 25 लाख रुपए हड़पने के मामले में केस दर्ज

बलजीत व उसके बेटे पोंजी स्कीम चलाते हैं, तथा इन्होने कई लोगों से ठगी की है : **दीपक बहल, पीड़ित**

**नोएडा,** 13 मार्च (देशबन्धु)। 25 लाख रुपए हड़पने के मामले में एक व्यक्ति ने पिता-पुत्र समेत तीन के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया है। आरोप है कि पैसे वापस मांगने पर आरोपी पीड़ित से गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। शिकायत में एटीएस हेमलेट सोसाइटी निवासी दीपक बहल ने बताया कि जब वह 20 साल का था तभी उसकी मुलाकात दिल्ली के संजय कॉलोनी निवासी बलजीत सिंह से हुई।

बलजीत अपने माता-पिता के साथ दीपक की फैक्ट्री में चाय बेचता था और कर्मचारियों की देखभाल करता था। बलजीत अपनी मां के साथ रेहड़ी लगाकर कपड़े बेचने का भी काम करता था। वह शिकायतकर्ता की कंपनी से कम दाम में कपड़े लेता था और ऊंचे दामों में उसे बेचकर मुनाफा कमाता था। धीरे-धीरे बलजीत ने दीपक का विश्वास जीत लिया। वह समय-समय पर कुछ पैसे उधार लेने लगा और समय से ही दीपक को वापस भी करने लगा। इसी दौरान बलजीत ने अपने बेटों देबू और दीपक सिंह के साथ कबाड़ का काम करना शुरू कर दिया। बलजीत नवंबर 2023 में दीपक से मिला और बताने लगा कि उसे एक कंपनी के कबाड़े का बड़ा ठेका मिला है,जिसमें करीब 25 लाख रुपए की आवश्यकता है। उसने कहा कि इसमें उसे करीब 50 लाख रुपए का मुनाफा होगा। अगर दीपक 25 लाख रुपए दे देता है तो उसे मुनाफा समेत 50 लाख रुपए वह वापस करेगा। ऐसे में दीपक ने उसे 25 लाख रुपए इस शर्त पर दे दिए कि एक माह के भीतर बलजीत उसे रकम मुनाफे समेत वापस कर देगा। शिकायतकर्ता के बेटी की जब शादी तय हुई तो उसने बलजीत से उधार के 25 लाख और मुनाफे के 25 लाख रुपए मांगे। इसके बाद बलजीत ने शिकायतकर्ता को 25 लाख रुपए का चेक दिया और मुनाफे की रकम कुछ समय बाद देने के लिए कहा। कुछ समय बाद जब शिकायतकर्ता ने अपने पैसे दोबारा मांगे तो बलजीत और उसके बेटों ने उससे गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार बलजीत और उसके बेटे पोंजी स्कीम चलाते हैं, तथा इन्होंने कई लोगों से ठगी की है।

## अभियान के रूप में चल रहा टैक्स वसूली का कार्य : नगर आयुक्त




- सीलिंग की कार्रवाई के साथ-साथ करदाताओं को मोहलत दे रहा नगर निगम
- लगभग एक करोड़ 35 लाख महागुन मॉल पर बकाया

**गाजियाबाद,** 13 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम सीमा अंतर्गत टैक्स वसूली को लेकर बड़ी कार्रवाई देखने को मिल रही है। वसुंधरा तथा कवि नगर ज़ोन वृहद स्तर पर कार्य कर रहे हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में संपत्ति कर वसूलने की कार्रवाई को गति मिल रही है जिसमें सीलिंग की कार्रवाई चल रही है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव खुद भी वसूली को लेकर सीलिंग की कार्रवाई में शामिल होते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि गाजियाबाद नगर निगम कर वसूली को लेकर बेहतर कार्य कर रहा है किंतु प्रयास लगातार अभी भी जारी है। जिसके क्रम में सीलिंग के साथ-साथ कर वसूली को लेकर गाजियाबाद नगर निगम सम्मानित करदाताओं को मोहलत भी दे रहा है।

डॉ संजीव मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने बताया कि वसुंधरा जोन के अंतर्गत अंसल प्लाजा के उपरांत महागुन मॉल पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जहां टीम द्वारा वसूली के लिए कार्रवाई की गई, लगभग एक करोड़ 35 लाख महागुन मॉल पर बकाया है जिस पर कार्यवाही की गई है। लगभग 80 लाख की वसूली हो चुकी है । बाकी के लिए महागुन मॉल के मालिक से वार्ता हुई जिसमें एक सप्ताह में बकाया राशि जमा करने के लिए बताया गया है एक सप्ताह का समय महागुन मॉल को दिया गया है। इसी प्रकार कवि नगर जोन के अंतर्गत भी कार्रवाई चल रही है। सरकारी विभागों पर भी दबाव बनाया जा रहा है।

## गाजियाबाद 311 ऐप से जन समस्याओं का समाधान हो रहा आसान

### समस्याओं के निस्तारण हेतु विभाग प्राथमिकता पर करें कार्रवाई : नगर आयुक्त



**गाजियाबाद,** 13 मार्च (देशबन्धु)। 311 एप से शहर की समस्याओं के समाधान को गति मिल रही है। गाजियाबाद 311 पर आने संदर्भों पर समस्त विभागीय कार्रवाई कर रहे हैं जिसकी लगातार मॉनिटरिंग चल रही है। शहर के प्रत्येक नागरिक के मोबाइल पर गाजियाबाद नगर निगम का गाजियाबाद 311 एप डाउनलोड करने को लेकर भी अभियान के रूप में जागरूक किया जा रहा है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद 311 एप पर जन समस्याओं का समाधान आसान हो रहा है। लोग गाजियाबाद 311 एप पर शिकायतों को डालकर उनका समाधान प्राप्त कर रहे हैं। नगर आयुक्त ने बताया कि लगभग 200 से अधिक शिकायतें प्रतिदिन प्राप्त हो रही हैं जिनके समाधान पर संबंधित टीम कार्य कर रही है। समस्त विभागीय अधिकारियों को भी लगातार गाजियाबाद 311 एप पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं जिसके क्रम में सुदृढ़ता से कार्य हो रहा है। सफाई संबंधित संदर्भ के अलावा रोड रिपेयर, कैटल कैचिंग, संपत्ति नाम परिवर्तन, व अन्य संदर्भों पर तत्काल कार्रवाई कराई गई है।

उवाच "

जेवर विधानसभा विकास के मामले में दुनिया की पहली विकसित विधानसभा बनने की तरफ बहुत तेजी से अग्रसर है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के साथ-साथ जेवर में ही फिल्म सिटी का कार्य भी बहुत जल्द प्रारंभ होने वाला है। यहां के किसानों का जेवर के विकास में बहुत बड़ा योगदान है : **धीरेन्द्र सिंह**



# गांवों में विकास के माध्यम से देश व प्रदेश को बनाएंगे विकसित : धीरेंद्र सिंह

## 68 लाख रुपए के विकास कार्य जनता को समर्पित

**ग्रेटर नोएडा,** 13 मार्च(देशबन्धु)। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह बुधवार ग्राम चलो अभियान के तहत जेवर विधानसभा के ग्राम फलेदा बांगर और मेहंदीपुर बांगर का दौरा किया तथा जन चौपाल के माध्यम से लोगों की जनसमस्याएं भी जानी। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने उपस्थित लोगों को केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्राम फलेदा बांगर में भाईपुर के मंदिर से फलेदा होते हुए बागपुर हरियाणा सीमा तक क्षतिग्रस्त मार्ग के निर्माण कार्य के साथ-साथ प्रोटेक्शन वॉल एवं आरसीसी कलवर्ट का शुभारंभ भी किया। इसी प्रकार ग्राम मकनपुर खादर से ग्राम अनवरगढ़-तकीपुर बांगर-भाईपुर मार्ग पर यमुना नदी में आई बाढ़ से क्षतिग्रस्त मार्ग पर विशेष मरम्मत के अंतर्गत सीसी टो-बाल एवं ह्यूम पाइप कलवर्ट के कार्य का भी शुभारंभ



किया गया। उपरोक्त दोनों कार्यों में लगभग 68 लाख रुपए की धनराशि खर्च होगी।

इस मौके पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 'जेवर विधानसभा विकास के मामले में दुनिया की पहली विकसित विधानसभा बनने की तरफ बहुत तेजी से अग्रसर है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के साथ-साथ जेवर में ही फिल्म सिटी का कार्य भी बहुत जल्द प्रारंभ होने वाला है। इस मौके पर रेशपाल सिंह भाटी, राकेश सिंह भाटी, राजेश सिंह, सुरेंद्र सिंह, बिरजू सिंह, शमशेर, पप्पू खान, कालू खान, विनोद सोलंकी व भोलू शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## होली मिलन समारोह में स्मारिका का हुआ विमोचन



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब ने होली मिलन समारोह व शब्दमधु स्मारिका का विमोचन गलगोटियास कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के परिसर में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा, सांसद सुरेंद्र सिंह नागर, एमएलए जेवर धीरेंद्र सिंह, दादरी विधायक तेजपाल नागर, एनएचएआई के चेयरमैन संतोष यादव, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम, लक्ष्मी सिंह एवं अन्य शामिल हुए।

# मुख्यमंत्री 4450 बिल्डर फ्लैट खरीदारों को कल सौंपेंगें मालिकाना हक

- अमिताभ कांत की सीमित के रिपोर्ट पर बिल्डर बायर्स समाधान का रास्ता निकाला
- नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण के फ्लैट खरीदारों को मिलेगा मालकाना हक

**ग्रेटर नोएडा,** 13 मार्च(देशबन्धु)। गौतमबुद्धनगर जिले के नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण ने कई सालों से मालिकाना हक मिलने का इंतजार कर रहे फ्लैट खरीदारों के लिए खुशखबरी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ 15 मार्च को ग्रेटर नोएडा आ रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री तीनों प्राधिकरण के करीब 4450 फ्लैट खरीदारों की रजिस्ट्री कराकर मालिकाना हक सौंपेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफसे युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही है। मुख्यमंत्री जिस रूट से जाएंगे उसे चाकचौबंद बनाया जा रहा है।

दरअसल योगी आदित्य नाथ 2017 में जब प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे तो उन्होंने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में बिल्डर्स फ्लैट बॉयर्स की समस्या का समाधान निकालने पर महत्वपूर्ण कदम उठाया था। उस दौरान तत्कालीन



औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना, सुरेश खन्ना और सुरेश राणा की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया था। कमेटी ने बिल्डर फ्लैट बॉयर्स और प्राधिकरण के साथ बैठक कर उसका समाधान निकालने का प्रयास किया था। इसके बाद कोई सार्थक समाधान नहीं निकल पाया। अब अमिताभ कांत की सीमित के रिपोर्ट पर बिल्डर बायर्स समाधान का रास्ता निकाला गया। मुख्यमंत्री ने तीनों प्राधिकरण को निर्देश दिया था कि बिल्डरों से बातचीत कर फ्लैट बॉयर्स को मालिकाना हक दिलाया जाए।

# स्वरोजगार प्रशिक्षित महिलाओं को सीडीओ ने वितरित किए प्रमाणपत्र

**ग्रेटर नोएडा,** 13 मार्च(देशबन्धु)। केनरा बैंक की तरफ से संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), की तरफ से स्वरोजगार के लिए नि:शुल्क महिला टेलर का 30 दिवसीय प्रशिक्षण



कार्यक्रम संस्थान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्रायोजित स्वयं सहायता समूह महिलाओं सहित कुल 35 महिलाओं को प्रशिक्षण एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया। महिला टेलर का प्रशिक्षण और उनका प्रैक्टिकल डोमेन स्किल ट्रेनर प्राची चौधरी द्वारा दिया गया। इसके अतिरिक्त सॉफ्ट स्किल (उद्यमिता कौशल, बाजार एवं ग्राहक प्रबंधन, रचनात्मकता, समस्या समाधान, प्रोजेक्ट बनाना, मार्केटिंग, बैंकिंग योजनाओं) की जानकारी संस्थान के निदेशक अनिल कुमार, फैकल्टी अजीत सिंह व अंकिता नागर ने सभी को प्रदान किया। प्रशिक्षण समापन और प्रमाण पत्र वितरण समारोह का बुधवार को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनार्दन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, गौतमबुद्ध नगर और विनोद कुमार भाटी, प्रधानाचार्य, आई.टी. आई. लुहारली, उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य, आई.टी.आई. ने महिलाओं से अनुरोध किया की वो ट्रेनिंग के बाद अपने घर पर फ्री न बैठे बल्कि अपने घर से ही काम करना शुरू करे। अंत में संस्थान के निदेशक अनिल कुमार के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समारोह समाप्त हुआ।

# हर घर जल योजना के तहत ग्रामीणों को जागरूक करने लिए वैन को दिखाई हरी झंडी

**ग्रेटर नोएडा,** 13 मार्च(देशबन्धु)। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के तहत जिले के विकास भवन



मुख्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसका संचालन मे. न्यू जेनेसिस दिल्ली की टीम ने किया। जिसमें प्रोजेक्टर वीडियो के माध्यम से जन समुदाय को जागरुक करना, जल जांच के माध्यम से पेयजल की गुणवत्ता के बारे में जानकारी देना, आईआईसी मैटेरियल वितरण कर जागरुक करना, प्रदर्शनी लगाकर विभिन्न रंगे के माध्यम से सामाजिक मानचित्र करते हुए लोगों को जागरुक करना था। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह व जिला पंचायतराज अधिकारी कुंवर सिंह यादव ने टीम को हरी झंडी दिखाकर ग्राम पंचायतों एवं राजस्व गांवों के लिए रवाना किया। उपरोक्त कार्यक्रम में जिला परियोजना समन्वयक सुशील कुमार शर्मा, मुख्य प्रशिक्षक लाल अम्बरीश मणि शर्मा, हरिराम यादव, राहुल, गुलाब, अखिलेश, नीतेश, पंकज शुक्ला, मनोज, सूरज, रमाकांत, आकाश प्रशिखा ऊषा, रजनी, प्रिया आदि मौजूद रहे।

# करणी सेना संस्थापक की पुण्यतिथि मनाई



**रबूपुरा,** 13 मार्च(देशबन्धु)। राजपूत करणी सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा बुधवार को संगठन के संस्थापक स्व0 लोकेन्द्र कालवी की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। गांव रुस्तमपुर में जिला अध्यक्ष दीपक ठा0 के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में संगठन सदस्यों के साथ अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी लोकेन्द्र कालवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया। उनके जीवन कार्यकाल पर जानकारी देते हुए लोकेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि देशभर में राजपूत करणी सेना को खड़ा करने का काम लोकेंद्र सिंह कालवी ने किया तथा संगठन ने उनके नेतृत्व में स्वर्ण समाज के लिए एससी एसटी एक्ट और आरक्षण जैसी दमनकारी नीतियों के विरुद्ध लड़ाई लड़ी है। राष्ट्रीय सचिव गीता भाटी ने कहा कि मां पद्मावती के सम्मान में राजपूत समाज घरों से निकलकर सड़कों पर आ गया था और संगठन के आक्रोश को देखते हुए फिल्म पर रोक लगाई गई थी। अपने समाज के लिए दमनकारी नीतियों के खिलाफ संगठन का संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान प्रवीण भाटी, मनोज ठाकुर, अमित सोलंकी, सुनील कुमार, अरुण सिंह आदि मौजूद रहे।

# जागरूकता से किडनी की बीमारी से मिल सकती है निजात : डॉ. संकेत पाटिल



**ग्रेटर नोएडा,** 13 मार्च(देशबन्धु)। पूरी दुनिया 14 मार्च को विश्व किडनी दिवस मनाती है। विश्व किडनी दिवस एक वार्षिक अभियान है, जिसका उद्देश्य किडनी के महत्व और किडनी रोगों के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। रोकथाम और उपचार को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष की थीम, किडनी और महिला स्वास्थ्य, शामिल करें, मूल्य, सशक्त बनाएंश् है, जो किडनी स्वास्थ्य के प्रबंधन में महिलाओं के सामने आने वाली अनूठी चुनौतियों पर प्रकाश डालती है। ग्रेटर नोएडा स्थित फोर्टिस हॉस्पिटल के नेफ्रॉलजिस्ट, कंस्ल्टेंट, डॉ. संकेत पाटिल ने बताया कि किडनी ब्लड से अपशिष्ट उत्पादों और अतिरिक्त तरल पदार्थ को फिल्टर करके,रक्तचाप को नियंत्रित करके और हार्मोन का उत्पादन करके समग्र स्वास्थ्य बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो रक्तचाप को नियंत्रित करने और लाल रक्त कोशिकाओं का उत्पादन करने में मदद करते हैं। इन सबके बावजूद किडनी की बीमारी का अक्सर तब तक पता नहीं चल पाता, जब तक कि यह एक एडवांस्ड स्टेज तक नहीं पहुंच जाती। ऐसे में इसके प्रति जागरूकता एवं इससे निजात करने के उपाय भी जरूरी हो जाते हैं।

# नवजात देखभाल को बढ़ावा देने के लिए जिम्स का प्रयास



**ग्रेटर नोएडा,** 13 मार्च(देशबन्धु)। जिम्स के बाल रोग विभाग ने (ईसीएचओ) प्लेटफॉर्म के सहयोग से आवश्यक नवजात देखभाल पर एक इंटरैक्टिव और विचार-मंथन सत्र का आयोजन किया। आवश्यक नवजात शिशु देखभाल सर्वोपरि है, क्योंकि यह शिशुओं के तत्काल और दीर्घकालिक स्वास्थ्य परिणामों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती है। इको प्लेटफॉर्म के माध्यम से आवश्यक नवजात शिशु देखभाल को पढ़ाना स्वास्थ्य पेशेवरों को महत्वपूर्ण ज्ञान प्रदान करने के लिए एक अभिनव और सुलभ दृष्टिकोण प्रदान करता है जो दूर के स्थानों पर हैं। सत्र की शुरुआत जीआईएमएस के निदेशक डॉ. ब्रिगेडियर राकेश गुप्ता के मुख्य भाषण से हुई, जिन्होंने हमारे देश में नवजात शिशुओं के समग्र परिणाम में सुधार के लिए आवश्यक नवजात देखभाल के महत्व पर जोर दिया।

**नवजात शिशुओं में सुधार के लिए आवश्यक देखभाल के महत्व पर दिया जोर**

इसके बाद जीआईएमएस की एसोसिएट प्रोफेसर (पीडियाट्रिक्स) डॉ. रुचिका भटनागर ने वीडियो और केस स्टडीज पर चर्चा की। ईसीएचओ इंडिया की डॉ. अंजलि ने पूरे सत्र का समन्वय किया। डॉ. अनीता कुमारी, प्रोफेसर और एचओडी पीडियाट्रिक्स, डॉ. प्रियंका, डॉ. सुजया, डॉ. पिंकी, डॉ. रुचि, डॉ. राजीव और डॉ. संजू ने सत्र में भाग लिया। मुख्य संदेश में बताया गया कि शरीर के तापमान को बनाए रखें और हाइपोथर्मिया को रोकें।

# अवैध शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

**जेवर,** 13 मार्च(देशबन्धु)। कोतवाली पुलिस ने बुधवार को एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 110 पव्वे अवैध अंग्रेजी व देशी शराब के बरामद कर जेल भेजा है। कोतवाली प्रभारी मनोज सिंह चौहान ने बताया कि बुधवार को रंहेरा पुलिस चौकी प्रभारी मय पुलिस बल के संदिग्धों की तलाश में गस्त कर रहे थे। उसी दौरान मुखबिर की सूचना पर दयानतपुर गांव के समीप रजवाहे की पटरी पर एक व्यक्ति को 110 पब्बे अवैध अंग्रेजी व देशी शराब के साथ हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपित की पहचान दयानतपुर के रहने वाले रामू के रूप में हुई है।

**तमंचा सहित आरोपी को दबोचा**

**जेवर।** कोतवाली पुलिस ने गस्त के दौरान मंगलवार शाम को एक व्यक्ति को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है।


ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्धनगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-खानपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन-के.ए.एस.01894, भूखण्ड संख्या-11, पाकेट-के, क्षेत्रफल-116 वर्ग मीटर श्री अन्तू पुत्र श्री पोहपी, निवासी-ग्राम-खानपुर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री अन्तू पुत्र श्री पोहपी की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री विकास कुमार भाटी, नरेश कुमार भाटी, शिव कुमार, सोनू भाटी पुत्रगण स्व0 श्री दीपचन्द, श्रीमती राजेश पत्नी स्व0 श्री दीपचन्द पौत्रगण/पुत्रबधु स्व0 श्री अन्तु सर्वश्री जयवीर, ब्रहमपाल, महावीर पुत्रगण स्व० श्री अन्तू, श्रीमती दीपचन्दी (विवाहित) पुत्री स्व० श्री अन्तू सर्वश्री अंकित, मोहित, रोहित पुत्रगण स्व० श्री सतवीर, श्रीमती बिजेन्द्री पत्नी स्व० श्री सतवीर व श्रीमती उषा विवाहित पुत्री स्व0 श्री दीपचन्द पौत्रगण/पुत्रबधु/पौत्री स्व० श्री अन्तू, निवासी-ग्राम-खानपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से सर्वश्री विकास कमार भाटी, नरेश कुमार भाटी, शिव कुमार, सोनू भाटी पुत्रगण स्व0 श्री दीपचन्द श्रीमती राजेश पत्नी स्व0 श्री दीपचन्द पौत्रगण/पुत्रबधु स्व0 श्री अन्तु निवासी-ग्राम-खानपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एव शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके सर्वश्री विकास कुमार भाटी, नरेश कुमार भाटी, शिव कुमार, सोनू भाटी पुत्रगण स्व0 श्री दीपचन्द, श्रीमती राजेश पत्नी स्व0 श्री दीपचन्द पौत्रगण/पुत्रबधु स्व0 श्री अन्तू निवासी ग्राम खानपुर, ग्रेटर नोएड, जिला गौतमबुद्धनगर उ0प्र0 के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्धनगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-खानपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन-के.एच.एन.0132, भूखण्ड सख्या-एन-198, क्षेत्रफल-890 वर्ग मीटर श्री अन्तू पुत्र श्री पोहपी, निवासी-ग्राम-खानपुर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री अन्तू पुत्र श्री पोहपी की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री जयवीर, ब्रहमपाल पुत्रगण स्व० श्री अन्तू सर्वश्री विकास कुमार भाटी, नरेश कुमार भाटी, शिव कुमार, सोनू भाटी पुत्रगण स्व० श्री दीपचन्द, श्रीमती राजेश पत्नी स्व० श्री दीपचन्द, सर्वश्री अंकित, मोहित, रोहित पुत्रगण स्व0 श्री सतवीर, श्रीमती बिजेन्द्री पत्नी स्व० श्री सतवीर पौत्रगण/पुत्रबधु स्व० श्री अन्तू, श्री महावीर पुत्र स्व० श्री अन्तू, श्रीमती दीपचन्दी (विवाहित) पुत्री स्व० श्री अन्तू व श्रीमती उषा (विवाहित) पुत्री स्व० श्री दीपचन्द पौत्री स्व० श्री अन्तू, निवासी-ग्राम-खानपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से सर्वश्री जयवीर, ब्रहमपाल पुत्रगण स्व० श्री अन्तू, सर्वश्री विकास कुमार भाटी, नरेश कुमार भाटी, शिव कुमार, सोनू भाटी पुत्रगण स्व० श्री दीपचन्द, श्रीमती राजेश पत्नी स्व० श्री दीपचन्द, सर्वश्री अंकित, मोहित, रोहित पुत्रगण स्व० श्री सतवीर, श्रीमती बिजेन्द्री पत्नी स्व० श्री सतवीर पौत्रगण/पुत्रबधु स्व० श्री अन्तू, निवासी-ग्राम-खानपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करे, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके सर्वश्री जयवीर, ब्रहमपाल पुत्रगण स्व० श्री अन्तू, सर्वश्री विकास कुमार भाटी, नरेश कुमार भाटी, शिव कुमार, सोनू भाटी पुत्रगण स्व० श्री दीपचन्द, श्रीमती राजेश पत्नी स्व० श्री दीपचन्द, सर्वश्री अंकित, मोहित, रोहित पुत्रगण स्व० श्री सतवीर, श्रीमती बिजेन्द्री पत्नी स्व० श्री सतवीर पौत्रगण/पुत्रबधु स्व० श्री अन्तू निवासी-ग्राम-खानपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009


# व्यवसाय प्रबंधन व साइबर सुरक्षा में उभरते रुझान पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का होगा आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 13 मार्च(देशबन्धु)। आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी, 15-16 मार्च को व्यवसाय प्रबंधन और साइबर सुरक्षा में उभरते रुझान व उद्योग की नई क्रांति 5.0 विषय पर सातवे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण उत्तर प्रदेश पुलिस विभागों द्वारा एक साइबर सुरक्षा पर वर्कशॉप है। इसके तहत साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए अपनाई गई साइबर सुरक्षा तकनीकों को प्रस्तुत किया जाएगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य मानव-मशीन सहयोग की विशेषता वाले प्रमुख तत्वों के संबंध में डेटा विश्लेषण,एकीकरण, अनुकूलन, और अन्य परिवर्तनकारी पहलू पर चर्चा करना एवं शिक्षाविदों, और शोधकर्ताओं के लिए एक साझा मंच प्रदान करना है।

# शुभम मणि त्रिपाठी को मिला एजुकेटर्स फेम अवॉर्ड



**ग्रेटर नोएडा,** 13 मार्च(देशबन्धु)। इंजीनियरिंग के छात्रों को प्रोग्रामिंग, आर्टिफीसियल इंटेलीजेंस और मशीन लर्निंग की टेक्निकल ट्रेनिंग देने वाले ग्रेटर नोएडा के संस्थान आन्विक इंफोटेक के फाउंडर यंग इंटर्प्रिन्योर शुभम मणि त्रिपाठी को एन सी आर के सर्वश्रेष्ठ ट्रेनिंग इंस्टीयूट का एजुकेटर्स फेम अवार्ड दिया गया। नोएडा एक्सटेंशन स्थित मंथन स्कूल के प्रांगण में आराध्या-एक एहसास फाउंडेशन मेरठ द्वारा आयोजित एजुकेटर्स फेम अवार्ड समारोह में त्रिपाठी को दिया गया। इससे आन्विक इंफोटेक के प्रयास को संबल मिलेगा और ग्रेटर नोएडा स्थित पचासों टेक्निकल और प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट के छात्रों को और एडवांस टेक्निकल व स्किल ट्रेनिंग प्राप्त करने मे मदद मिलेगी। शुभम मणि त्रिपाठी जैसे युवाओं की आज के समाज को गढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका है। जो प्रत्येक वर्ष हजारों टेक्निकल युवाओं को स्किल ट्रेनिंग देकर सैकड़ों युवाओं को रोजगार दिलाने का काम करते हैं।


देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida



ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर के0पी0-4, ग्रेटर नोएडा सिटी
जि0- गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0।
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि RPS01 योजना के अन्तर्गत भूखण्ड संख्या F-19, Area-162 Sqmt., Sector-02, Allotment No.-RPS0196738 Greater Noida के आवंटी Sh. Chandru S/o Sh. Yadu के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। आवंटी Sh. Chandru की मृत्यु दिनांक 11.06.2022 को हो गयी है। आवंटी Sh. Chandru की मृत्यु हो जाने के उपरान्त उपरोक्त वर्णित भूखण्ड को मृतक आवंटी के पुत्रों Sh. Aazad & Sh. Prem Singh S/o Late Sh. Chandru द्वारा प्रस्तुत प्रपत्रों/शपथ पत्रो/वारिसान प्रमाण पत्र/मृत्यु प्रमाण के आधार पर संयुक्त रूप से अपने पक्ष में म्युटेशन/नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस म्युटेशन के सम्बन्ध यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में स्वर्गीय Sh. Chandru S/o Sh. Yadu के स्थान पर उनके पुत्रों Sh. Aazad & Sh. Prem Singh S/o Late Sh. Chandru R/o Village- Sakipur, Distt.-G.B. Nagar (U.P.) का नाम पूर्ण रूप से दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी सम्पत्ति
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण।



ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्धनगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-खानपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन-के.ए.एस.01897, भूखण्ड संख्या-28, पाकेट-के, क्षेत्रफल-116 वर्ग मीटर श्री अन्तू पुत्र श्री पोहपी, निवासी-ग्राम-खानपुर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री अन्तू पुत्र श्री पोहपी की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री ब्रहमपाल पुत्र स्व० श्री अन्तु, सर्वश्री जयवीर, महावीर पुत्रगण स्व० श्री अन्तू, श्रीमती दीपचन्दी (विवाहित) पुत्री स्व० श्री अन्तू सर्वश्री अंकित, मोहित, रोहित पुत्रगण स्व० श्री सतवीर, श्रीमती बिजेन्द्री पत्नी स्व० श्री सतवीर व सर्वश्री विकास कुमार भाटी, नरेश कुमार भाटी, शिव कुमार, सोनू भाटी पुत्रगण स्व० श्री दीपचन्द, श्रीमती राजेश पत्नी स्व० श्री दीपचन्द, श्रीमती उषा (विवाहित) पुत्री स्व० श्री दीपचन्द पौत्रगण/पुत्रबधु/पौत्री स्व० श्री अन्तू, निवासी-ग्राम-खानपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से श्री ब्रहमपाल पुत्र स्व० श्री अन्तू, निवासी-ग्राम-खानपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एव शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्री ब्रहमपाल पुत्र स्व० श्री अन्तू, निवासी-ग्राम-खानपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्धनगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-खानपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन-के.ए.एस.01895, भूखण्ड संख्या-14, पाकेट-के, क्षेत्रफल-116 वर्ग मीटर श्री अन्तू पुत्र श्री पोहपी, निवासी-ग्राम-खानपुर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री अन्तू पुत्र श्री पोहपी की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री महावीर पुत्र स्व० श्री अन्तु, सर्वश्री जयवीर, ब्रहमपाल पुत्रगण स्व० श्री अन्तू, श्रीमती दीपचन्दी (विवाहित) पुत्री स्व० श्री अन्तू सर्वश्री अंकित, मोहित, रोहित पुत्रगण स्व० श्री सतवीर, श्रीमती बिजेन्द्री पत्नी स्व० श्री सतवीर व सर्वश्री विकास कुमार भाटी, नरेश कुमार भाटी, शिव कुमार, सोनू भाटी पुत्रगण स्व० श्री दीपचन्द, श्रीमती राजेश पत्नी स्व० श्री दीपचन्द, श्रीमती उषा (विवाहित) पुत्री स्व० श्री दीपचन्द पौत्रगण/पुत्रबधु/पौत्री स्व० श्री अन्तू, निवासी-ग्राम-खानपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से श्री महावीर पुत्र स्व० श्री अन्तू, निवासी-ग्राम-खानपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एव शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्री महावीर पुत्र स्व० श्री अन्तू, निवासी-ग्राम-खानपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला-गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-खानपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन-के.ए.एस.01893, भूखण्ड संख्या-4, पाकेट-के, क्षेत्रफल-116 वर्ग मीटर श्री अन्तू पुत्र श्री पोहपी, निवासी-ग्राम-खानपुर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री अन्तू पुत्र श्री पोहपी की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री अंकित, मोहित, रोहित पुत्रगण स्व० श्री सतवीर, श्रीमती बिजेन्द्री पत्नी स्व० श्री सतवीर पौत्रगण/पुत्रबधु स्व० श्री अन्तू सर्वश्री जयवीर, ब्रहमपाल, महावीर पुत्रगण स्व० श्री अन्तू, श्रीमती दीपचन्दी (विवाहित) पुत्री स्व० श्री अन्तू सर्वश्री विकास कुमार भाटी, नरेश कुमार भाटी, शिव कुमार, सोनू भाटी पुत्रगण स्व० श्री दीपचन्द, श्रीमती राजेश पत्नी स्व० श्री दीपचन्द व श्रीमती उषा (विवाहित) पुत्री स्व० श्री दीपचन्द पौत्रगण/पुत्रबधु/पौत्री स्व० श्री अन्तू, निवासी-ग्राम-खानपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से सर्वश्री अंकित, मोहित, रोहित पुत्रगण स्व० श्री सतवीर, श्रीमती बिजेन्द्री पत्नी स्व० श्री सतवीर पौत्रगण/पुत्रबधु स्व० श्री अन्तू, निवासी-ग्राम-खानपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके सर्वश्री अंकित, मोहित, रोहित पुत्रगण स्व० श्री सतवीर, श्रीमती बिजेन्द्री पत्नी स्व० श्री सतवीर पौत्रगण/पुत्रबधु स्व० श्री अन्तू, निवासी-ग्राम-खानपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरुवार 14 मार्च 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# चुनाव आयोग के मामले पर घिरती केन्द्र सरकार

चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के मामले में केन्द्र सरकार की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका पर सुनवाई करने के लिये अपनी सहमति दे दी है जिसमें केन्द्रीय चुनाव आयोग अधिनियम, 2023 के प्रावधानों को चुनौती देते हुए मांग की गई है कि इस नियम के अंतर्गत चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति न होने दी जाये। यह याचिका कांग्रेसी नेता जया ठाकुर की ओर से सोमवार को दाखिल की गई थी। इसके अलावा एडीआर ने भी मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों के चयन के लिए बनी समिति में भारत के मुख्य न्यायाधीश को शामिल नहीं किए जाने को चुनौती देने की याचिका दाखिल की थी। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना ने याचिकाकर्ता को सूचित किया कि मुख्य न्यायाधीश ने इसकी सुनवाई की मंजूरी दी है और शुक्रवार (15 मार्च) के लिये इसे सूचीबद्ध किया गया है। यानी उसी दिन इस पर सुनवाई होने जा रही है जिस दिन केन्द्रीय चुनाव आयोग को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से मिली इलेक्टोरल बॉन्डस की पूरी जानकारी अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करनी है। चुनाव के ऐन पहले नरेन्द्र मोदी सरकार ने जिस प्रकार से चुनाव आयोग को विवादास्पद बना दिया है, उम्मीद की जाये कि इस सुनवाई में शीर्ष न्यायालय केन्द्र को अनुकूल आदेश देकर आगामी लोकसभा चुनाव के निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से सम्पन्न होने का मार्ग प्रशस्त करेगा। इन चुनावों की घोषणा इसी हफ्ते कभी भी होने के अनुमान जताये जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि तीन सदस्यीय चुनाव आयोग में इस वक्त केवल मुख्य आयुक्त राजीव कुमार ही बचे हुए हैं। अनूप चंद्र पांडेय जहां फरवरी में सेवानिवृत्त हो गये वहीं दूसरे आयुक्त अरूण गोयल 8 मार्च को इस्तीफा देकर चलते बने हैं। जाहिर है कि एक विशाल तथा दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश होने का दावा करने वाले भारत का इतना महत्वपूर्ण आम चुनाव एक ही सदस्य के भरोसे नहीं किया जा सकता। भारत सरकार आनन-फानन में दो नये सदस्यों की नियुक्ति करने पर आमादा है लेकिन जिस प्रकार से आयोग के गठन के सारे अधिकार सरकार ने एक तरह से अपने हाथों में पहले से ले रखे हैं, उससे अंदेशा यही है कि जिन दो सदस्यों की नियुक्तियां होंगी वे सरकार के 'यस मेन' की ही हो सकती हैं। वैसे भी पहले आयोग के सदस्यों की नियुक्ति का काम चार सदस्यीय कमेटी करती थी जिसमें प्रधानमंत्री, एक केन्द्रीय मंत्री, विपक्ष का नेता (मान्यता प्राप्त नेता प्रतिपक्ष न हो तो सबसे बड़े विरोधी दल का नेता) एवं भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) शामिल थे। पिछले वर्ष संशोधन अधिनियम लाकर मोदी सरकार ने सीजेआई को कमेटी से बाहर कर दिया है। इस तरह से कमेटी में सरकारी पक्ष का बहुमत हो चुका है। इसी के चलते पिछली एक बैठक में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी ने यह कहकर कमेटी की बैठक में जाने से इंकार कर दिया था कि उसका कोई फायदा नहीं है। बहुमत के आधार पर सरकार जो फैसला लेना चाहे वह ले सकती है।

बहरहाल, आयोग से पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनावों की आशा इसलिये नहीं की जा सकती क्योंकि जिन दो नये सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई है उसे लेकर सभी विरोधी दलों एवं सिविल सोसायटियों का मानना है कि मोदी के वफादार अधिकारियों की ही नियुक्तियां की जायेंगी। जैसा कि पहले भी होता आया है। न केवल चुनाव आयोग बल्कि जितनी भी संवैधानिक संस्थाएं हैं, सभी में जिस प्रकार से सरकार समर्थक अधिकारी बैठाये गये हैं, वैसा ही अब फिर से होगा- यह सभी का मानना है।

बात यहीं पर नहीं ठहरती। संशोधन के जरिये सरकार ने कई ऐसे नियम बनाये हैं जिनसे आयोग सरकार के हाथों की कठपुतली मात्र बनकर रह गया है। चुनाव आयुक्तों के वेतन, भत्तों, सुविधाओं आदि से सम्बन्धित बदलाव भी किये गये हैं। अभी उनके वेतन सुप्रीम कोर्ट के जजों के बराबर ही रखे गये हैं लेकिन उनके भत्तों व सुविधाओं को बढ़ाकर कैबिनेट सचिवों के बराबर कर दिया गया है। यानी प्रकारान्तर से वे जजों से ऊपर हो गये हैं। अधिक खतरनाक नियम यह बना दिया गया है कि चुनाव आयुक्त जो भी फैसले लेंगे उनके खिलाफ न तो प्राथमिकी दर्ज की जा सकेगी और न ही उन्हें कोर्ट में चुनौती दी जा सकेगी। यानी आयुक्त इतने ताकतवर हो जायेंगे कि उनके निर्णय अंतिम रहेंगे। ऐसे में अगर वे सरकार की हां में हां मिलाने वाले हुए (जिसकी आशंका भी है), तो यह संस्था पूर्णत: निरंकुश हो जायेगी।

जया ठाकुर ने अपनी याचिका में बताया है कि उन्होंने मूल याचिका 12 जनवरी को दायर की थी परन्तु इस दौरान एक और आयुक्त ने इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही, लोकसभा चुनाव कभी भी हो सकते हैं इसलिये सुप्रीम कोर्ट द्वारा इसकी तत्काल सुनवाई किये जाने की आवश्यकता है। एक बार फिर से जन अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए शीर्ष अदालत ने इस मामले की सुनवाई तय की है। पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की पहली शर्त है। जिस प्रकार से मोदी सरकार ने अपनी सत्ता को बनाये रखने के लिये सम्पूर्ण संवैधानिक प्रणाली को ही ध्वस्त कर दिया है, उससे एक ऐसे चुनाव आयोग से कोई उम्मीद नहीं की जा सकती कि वह स्वतंत्र रूप से अपने उत्तरदायित्वों का ईमानदारी से निर्वाह करेगा। वैसे भी मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल में चुनाव आयोग ने जिस प्रकार पक्षपातपूर्ण तरीके से काम करने के बहुतेरे उदाहरण पेश किये हैं, उनके चलते उच्चतम न्यायालय ही आशा की अंतिम किरण है। देखना होगा कि इस याचिका की सुनवाई में क्या ऐसा कोई फैसला आता है जिसके जरिये केन्द्र सरकार को ऐसा आयोग पुनर्गठित करने का आदेश मिलेगा जिससे निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव की अपेक्षा पूर्ण हो सकेगी।

# प्रधानमंत्री के सपने और देश की हकीकत

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा के गुरुग्राम में कहा कि मैं न छोटा सोच सकता हूं, न मैं मामूली सपने देखता हूं और न ही मैं मामूली संकल्प करता हूं। मुझे जो चाहिए... विराट चाहिए, विशाल चाहिए और तेज गति से चाहिए क्योंकि 2047 में मुझे देश को 'विकसित भारत' के रूप में देखना है।

बात बिल्कुल सही है कि श्री मोदी के सपने बिल्कुल मामूली नहीं हैं। उन्होंने तीन बार मुख्यमंत्री रह कर संतोष नहीं किया, देश से फिर अपने लिए 60 महीने मांगे। मांगने का कारण वही पुराना था कि उन्हें देश का विकास करना है। पांच साल यानी 60 महीने बाद फिर से पांच साल और मांगें, क्योंकि पहले पांच साल तो विकास की तैयारियों में ही लग गए और उन्हें देश का विकास अब भी करना था। इस तरह दस साल गुजर जाने के बाद अब नरेन्द्र मोदी के सपने इतने बड़े हो गए हैं कि उन्हें पांच साल का मामूली जनादेश नहीं चाहिए, वे अब 2029 तक की बात नहीं करते, सीधे 2047 की बात करते हैं। नरेन्द्र मोदी के नामामूली संकल्पों का ही नतीजा है कि लालकिले से उन्होंने ऐलान कर दिया था कि तीसरी बार भी वही यहां आकर झंडा फहराएंगे। अब तक के प्रधानमंत्रियों ने लोकतंत्र को लेकर जितना लिहाज बरता था, प्रधानमंत्री मोदी के विराट, विशाल और तेज गति वाले सपनों ने उन तमाम लिहाजों को रौंद दिया और बता दिया कि लोकतंत्र में अधिनायकतंत्र का सिक्का कैसे जमाया जाता है।

जिस हरियाणा में सोमवार को श्री मोदी ने अपने सपनों और संकल्पों के बारे में जनता को बताया, वहां जनता से नहीं पूछा कि उनके सपने और आकांक्षाएं क्या हैं। प्रधानमंत्री मोदी हरियाणा क्या, किसी भी राज्य की जनता से कुछ पूछना जरूरी नहीं समझते। बस अपने मन की सुना देते हैं। जनता के साथ अब उन्होंने अपने नेताओं की बात भी संभवत: सुनना बंद कर दिया है। इसलिए अपने दौरे के अगले ही दिन मंगलवार को उनकी पार्टी की हरियाणा सरकार में बड़ा फेरबदल हो गया। भाजपा और जेजेपी के बीच का गठबंधन टूट गया, मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपनी केबिनेट समेत इस्तीफा दे दिया और कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सैनी मुख्यमंत्री बना दिए गए। भाजपा में अब यही चलन हो गया है। कभी भी किसी को उसके पद से हटाकर नए को लाकर बिठा दिया जाता है। गुजरात, कर्नाटक, उत्तराखंड में पहले यही प्रयोग हो चुका है कि अचानक मुख्यमंत्री बदल दिए गए। अनुशासन या अन्य कारणों की वजह से पद से हटाए गए नेता सवाल भी नहीं करते कि आखिर उनकी गलती क्या थी या फिर उन्हें बलि का बकरा क्यों बनाया जा रहा है। अब यह भाजपा का आंतरिक मसला है कि वह अपने नेताओं को सवाल पूछने की छूट दे या न दे। लेकिन जनता अगर सवाल पूछने की आदत भूल जाए, तो यह देश के लिए बहुत घातक साबित हो सकता है। जनता के सवाल लोकतंत्र में असली सेंगोल का काम करते हैं। आजादी के बाद से 2014 तक इस सेंगोल का दम देश ने देखा, लेकिन फिर जनता के सवाल कम हो गए और अब नए संसद भवन में सोने का सेंगोल स्थापित कर दिया गया है, जो उस सोने के हिरण की तरह प्रतीत होता है, जिसके पीछे राम भागते जाएंगे, लेकिन वो कभी हाथ नहीं आएगा।

> **जनता को सवाल पूछने के लिए तैयार करने में अहम भूमिका शिक्षा संस्थानों, संवैधानिक संस्थाओं और मीडिया की रहती है। खेद है कि इस वक्त ये खुद सवाल पूछना भूल रही हैं। पढ़ाई के नाम पर बंधुआ मजदूरी तैयार करने वाला बड़ा वर्ग तैयार किया जा रहा है। वैज्ञानिक सोच, तर्क की आजादी, सवाल पूछने की हिम्मत ऐसे माहौल को देने वाले शिक्षा संस्थानों को किसी न किसी तरह बंद करने की कोशिशें हो रही हैं।**

जनता को सवाल पूछने के लिए तैयार करने में अहम भूमिका शिक्षा संस्थानों, संवैधानिक संस्थाओं और मीडिया की रहती है। खेद है कि इस वक्त ये खुद सवाल पूछना भूल रही हैं। पढ़ाई के नाम पर बंधुआ मजदूरी तैयार करने वाला बड़ा वर्ग तैयार किया जा रहा है। वैज्ञानिक सोच, तर्क की आजादी, सवाल पूछने की हिम्मत ऐसे माहौल को देने वाले शिक्षा संस्थानों को किसी न किसी तरह बंद करने की कोशिशें हो रही हैं या फिर उन्हें इतना बदनाम किया जा रहा है, जिससे युवा वर्ग वहां जाना ही न चाहे। चुनाव से पहले जेएनयू नाम की फिल्म प्रदर्शित हो रही है, इसका एक पोस्टर आया है, जिसमें लिखा है जेएनयू: जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी'। पोस्टर पर भगवा रंग का भारत का नक्शा देखने को मिल रहा है, जिसे एक हाथ जकड़े हुए है, पोस्टर पर लिखा है, 'क्या एक एजुकेशनल यूनिवर्सिटी देश को तोड़ सकती है?

बड़े शातिराना तरीके से जेएनयू यानी जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की छवि को बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है, यह इस फिल्म के पोस्टर से ही समझ आ रहा है। टुकड़े-टुकड़े गैंग जैसी शब्दावली पहले-पहल 2016 में जेएनयू में हुए विवाद के बाद ही प्रयोग में आई थी। जब कन्हैया कुमार को देशद्रोही कहा गया, लेकिन उन पर देशद्रोह का कोई मामला साबित नहीं हो सका। इसके बाद कई और विवाद जेएनयू को लेकर खड़े किए गए और अब श्री मोदी के बड़े सपनों की खातिर फिल्मों के सहारे चुनाव में इन विवादों को ताजा किया जा रहा है। जेएनयू से पहले आर्टिकल 370 भी प्रदर्शित हो चुकी है। मुख्यधारा के मीडिया में ये सवाल होने चाहिए कि चुनाव के वक्त ही ऐसी फिल्मों का प्रदर्शित होना क्या किसी बड़ी रणनीति का हिस्सा है। लेकिन इसकी जगह मीडिया में भाजपा के मास्टर स्ट्रोक दिखाए जा रहे हैं कि कैसे हरियाणा में एक सांसद को मुख्यमंत्री बना कर भाजपा ने कई समीकरण एक साथ-साध लिए। मीडिया यह सवाल नहीं करता कि इसी हरियाणा में महिला पहलवानों और किसानों के साथ सरकार खड़ी नहीं हुई, क्या इस बात से जनता नाराज थी और क्या इसलिए श्री खट्टर को हटाकर भाजपा ने नुकसान को संभालने की कोशिश की है। इसी मीडिया ने महिला पहलवानों के संघर्ष में भी उनका साथ देते हुए कभी प्रधानमंत्री से सीधे सवाल नहीं किया कि क्या आपके सपनों में न्याय के लिए जगह है या नहीं। क्यों आपने ब्रजभूषण शरण सिंह को बाहुओं का दम दिखाने की छूट दी, क्यों उन्हें अपने परिवार का हिस्सा बनने दिया। बल्कि पेरिस ओलंपिक में भागीदारी के लिए राष्ट्रीय महिला कुश्ती ट्रायल में महिला पहलवान विनेश फोगाट 53 किग्रा वाली श्रेणी में हार गईं, लेकिन 50 किग्रा वाली श्रेणी में जीत गईं, तो इसे एक न्यूज चैनल ने विनेश फोगाट की करारी हार के तौर पर प्रस्तुत किया, मानो विनेश फोगाट की हार में मोदी सरकार की जीत छिपी है। यही शायद श्री मोदी के सपनों का सच है कि उनमें उत्पीड़ित, शोषित और वंचित लोग वैसे ही नजर नहीं आते, जैसे दरभंगा में एम्स की इमारत नहीं दिखती।

राहुल गांधी अभी भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर निकले हुए हैं, पिछले दिनों जब वे मध्यप्रदेश में थे तो वहां बुंदेलखंड इलाके की दलित महिलाओं ने अपने जीवन की कड़वी सच्चाई बताई कि उन्हें ऊंची जाति के लोग चप्पल नहीं पहनने देते, कुएं से पानी नहीं लेने देते। एक महिला ने रोते हुए राहुल गांधी से कहा कि देश आजाद है लेकिन हम बहुत दुखी हैं। बुंदेलखंड जैसे भेदभाव से जकड़े हुए कई खंड देश में हैं, जहां लोग आजादी का अनुभव नहीं कर पा रहे हैं, ऊंचे सपने देखना तो दूर की बात है। इन लोगों के दुख न मोदीजी के सपनों में हैं, न मीडिया के सवालों में। चुनावी बॉंड पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की आंकड़े दिखाने की आनाकानी, सीएए को चार साल बाद अचानक लागू करने की याद आना, लद्दाख में पूर्ण राज्य के दर्जे को लेकर अनशन पर बैठ सोनम वांग्चुक, चुनाव में नए आयुक्तों की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई ऐसे तमाम मुद्दे हैं, जो चुनाव को नया मोड़ दे सकते हैं, जिन पर जनता के बीच विमर्श होना चाहिए। उसे सवाल पूछने के लिए तैयार करना चाहिए। लेकिन यहां अलग ही खेल चल रहा है।

पिछले सप्ताह तक मीडिया खरबपति मुकेश अंबानी के बेटे की शादी के कवरेज में लगा था। अभी मीडिया में लेडी डॉन अनुराधा चौधरी और गैंगस्टर काला जठेड़ी की शादी सुर्खियों में थीं। ये खेल महज टीआरपी का नहीं है, बल्कि जनता को खबरों से दूर करने का है। अब यह जनता को समझना है कि क्या ध्यान भटकाने का यह सारा उपक्रम किसी के सपनों को पूरा करने के लिए है।

# उम्मीदवारों की घोषणा के बाद टीएमसी को अभियान में शुरुआती बढ़त

■ तीर्थंकर मित्र

दस्ताने उतर गए हैं और चुनावी पंजे बाहर आ गये हैं। कांग्रेस के साथ चुनावी गठबंधन की संभावनाओं को खारिज करते हुए, तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए अपनी पार्टी के सभी 42 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की, जिससे भाजपा, सीपीआई (एम) और कांग्रेस, सभी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त हासिल कर ली गई।

अप्रत्याशित काम करके सुर्खियों में रहने की अपनी आदत के लिए मशहूर बनर्जी ने रविवार को कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में 42 महिलाओं और पुरुषों के साथ रैंपवॉक किया, जिसमें सौगत रॉय और सुदीप बंदोपाध्याय जैसे दिग्गज और यूसुफ पठान और रचना बनर्जी जैसे ग्रीनहॉर्न शामिल थे। पास ही एक मंच पर उनके भतीजे डायमंड हार्बर लोकसभा सीट के उम्मीदवार अभिषेक बनर्जी ने उन नामों की घोषणा की, जिन पर संभावित उम्मीदवार और उनके समर्थक उत्सुक थे।

दोनों नेताओं के बीच भूमिगत मतभेदों को पाटने का प्रयास स्पष्ट था। यह उम्मीदवार घोषणा रैली का एक अंश था।

सच कहें तो, उम्मीदवारों की सूची की घोषणा ने बनर्जी के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को असंतुलित कर दिया है। यह ऐसे समय में आया है जब विपक्ष संदेशखाली के ताकतवर नेता शेख शाहजहां की जमीन पर कब्जा करने और कुछ स्थानीय महिलाओं के यौन शोषण के आरोप में उसके कुछ गुर्गों के साथ कथित तौर पर संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तारी के बारे में सोचकर अपनी पीठ थपथपा रहा था। कोलकात्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय के इस्तीफे और उनके भाजपा में शामिल होने के बाद की कार्रवाई को लेकर भाजपा नेता उत्साहित थे।

> **टीएमसी द्वारा अपने 42 उम्मीदवारों की एकतरफा घोषणा के बाद पश्चिम बंगाल में इंडिया गठबंधन लड़खड़ा गया है। इस राज्य में टीएमसी, भाजपा और वाम-कांग्रेस गठबंधन के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होता दिख रहा है। मूलत:, लड़ाई टीएमसी और भाजपा के बीच होगी, कांग्रेस-वाम गठबंधन सीमांत भूमिका निभा रहा है। फिलहाल, टीएमसी को अभी भी बढ़त हासिल है लेकिन अभी भी दो महीने बाकी हैं।**

गंगोपाध्याय, जिनका नाम तमलुक में संभावित भाजपा उम्मीदवार के रूप में लिखा जा रहा है, उनका मुकाबला टीएमसी के देबांगशु भट्टाचार्य से होगा। वाकयुद्ध की आशंका जताई जा रही है क्योंकि पार्टी प्रवक्ता भट्टाचार्य अक्सर टेलीविजन टॉक शो में गंगोपाध्याय के फैसले की तीखी आलोचना करते रहे हैं।

तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों की सूची पर सरसरी नजर डालने से पता चलता है कि यह वास्तव में टीएमसी नेतृत्व के लिए एक विचार-मंथन सत्र था, जिसमें इसे सामने लाने के लिए युवाओं और अनुभव के विवेकपूर्ण संयोजन समय की मांग थी। यदि टीएमसी 90 के दशक के अंत में ममता बनर्जी की कांग्रेस से अलग होने की इच्छा से विकसित हुई, तो 2024 के लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों की सूची पर भी उनकी स्वीकृति की मुहर है।

वरिष्ठों को डेडवुड करार देने के कानाफूसी अभियान को खारिज करते हुए सौगत रॉय, सुदीप बंदोपाध्याय, माला रॉय, कल्याण बंदोपाध्याय और काकली घोष दस्तीदार को उम्मीदवारों की सूची में शामिल किया गया है। उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र की उम्मीदवारी बरकरार रखी जहां से वे पिछले साल विजयी हुए थे।

सौगत रॉय और सुदीप बंदोपाध्याय दोनों ही अभिषेक बनर्जी के समर्थकों के निशाने पर रहे हैं। बंदोपाध्याय के सबसे मुखर आलोचकों में से एक और कोलकाता उत्तर से नामांकन के इच्छुक बारानगर विधायक तापस रॉय ने भाजपा में शामिल होने के लिए टीएमसी छोड़ दिया।

पार्टी के नये चेहरे और टीएमसी सुप्रीमो के भतीजे अभिषेक बनर्जी की इच्छाओं का प्रकटीकरण भी असंदिग्ध था। सय्योनी घोष, पार्थ भौमिक, शाहनाज अली रेहान, देबांगशु भट्टाचार्य उनकी पसंद के प्रमुख उम्मीदवारों में से हैं।

भौमिक को बैरकपुर निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है, जो 2019 के चुनाव विजेता अर्जुन सिंह की जगह लेंगे, जो अपनी पुरानी पार्टी में लौटने के लिए भाजपा में शामिल हो गये थे। बैरकपुर एक परेशानी का स्थान रहा है और सिंह पर पार्टी के भीतर झड़पें भड़काने का आरोप लगाया गया था, जिसके कारण कानून और व्यवस्था की समस्याएं पैदा हो गईं।

तृणमूल नेतृत्व ने कई पूर्व भाजपा नेताओं को लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार के रूप में चुना है। वे हैं शत्रुघ्न सिन्हा जो पटना साहिब से जीते, कीर्ति आज़ाद जो दरभंगा से जीते, रायगंज विधायक कृष्णा कल्याणी, राणाघाट से मुकुटमणि अधिकारी और सुजाता मंडल बिष्णुपुर के मौजूदा सांसद अपने पति सौमित्र खान से मुकाबला करेंगी।

बड़े पैमाने पर गैर-बंगाली वोट बैंक को लुभाने के लिए आसनसोल दुर्गापुर बेल्ट में सिन्हा और आज़ाद दोनों को मैदान में उतारना, क्योंकि दोनों बिहार से हैं, टीएमसी नेतृत्व की ओर से एक स्मार्ट कदम है। गुजरे जमाने के लोकप्रिय फिल्म नायक सिन्हा पहले से ही आसनसोल के मौजूदा सांसद हैं, वहीं 1983 विश्व कप जीतने वाली कपिल देव की अगुवाई वाली क्रिकेट टीम के सदस्य आजाद ने भी दुर्गापुर और बर्नपुर में सेल क्रिकेट टीम में क्रिकेट खेला है।

इस चुनाव में रचना बनर्जी, युसूफ पठान और शाहनाज अली रैहान अपनी शुरुआती किस्मत आजमायेंगे। भारतीय क्रिकेट टीम को कई जीत दिलाने वाले अपने बड़े हिटिंग कौशल के लिए जाने जाने वाले पठान मुस्लिम बहुल निर्वाचन क्षेत्र बेहरामपुर में कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी से भिड़ेंगे, जहां चौधरी 1999 के लोकसभा चुनावों से जीत रहे हैं।

तृणमूल को उम्मीद है कि 2019 के चुनावों में पठान की लोकप्रियता और चौधरी की जीत का अंतर कम हो जायेगा और उसके अपने वोटों के प्रतिशत में बढ़ोतरी होगी। पठान उलटफेर कर सकते हैं क्योंकि इस लोकसभा के सात विधानसभा क्षेत्रों में से छह पर तृणमूल उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है, जबकि बेहरामपुर विधानसभा क्षेत्र में एक भाजपा उम्मीदवार विजयी हुआ है।

बनर्जी, जो एक लोकप्रिय टेलीविजन शो दीदी नंबर वन की मेजबानी करती हैं, जिसमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 3 मार्च को दिखाई दीं, एक अन्य अभिनेत्री और भाजपा सांसद लॉकेट चटर्जी से हुगली सीट पर मुकाबला करेंगी।

बंगाली, उड़िया और दक्षिण भारतीय फिल्मों का जाना-माना चेहरा बनर्जी लोगों के लिए काफी जाना-पहचाना चेहरा हैं क्योंकि उनका शो एक दशक से लगातार चल रहा है। ऑक्सफोर्ड के विद्वान और पूर्व पत्रकार रेहान को मालदा दक्षिण से दिवंगत कांग्रेस नेता एबीए गनी खान चौधरी के भाई अबूहासेम खान चौधरी के खिलाफ खड़ा किया गया है।

रेहान पहली बार लंदन में भारतीय उच्चायोग के सामने सीएए के खिलाफ प्रदर्शन में हिस्सा लेने के बाद सुर्खियों में आये थे। ध्यान रहे कि 11 मार्च को भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने संशोधित नागरिकता नियमों को लागू किया।

2019 के चुनावों में 18 लोकसभा सीटें जीतने और 2021 के विधानसभा चुनावों में प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ, भाजपा इस चुनाव में टीएमसी के लिए एक निस्संदेह राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी होगी। फिर भी 2021 के चुनावों के बाद निराशाजनक चुनावी प्रदर्शन ने इसे एक ख़त्म हो चुकी ताकत की तरह बना दिया है।

लेकिन संदेशखाली की घटनाओं और उसके बाद कोलकात्ता उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय के इस्तीफे और उनके भाजपा में शामिल होने ने भगवा खेमे में एक नयी जान डाल दी है। गंगोपाध्याय के फैसले, जब वह शिक्षण नौकरियों के लिए नकद और अन्य भ्रष्टाचार के मामलों पर सुनवाई कर रहे थे, विपक्षी खेमे के लिए अभियान का चारा होंगे।

टीएमसी द्वारा अपने 42 उम्मीदवारों की एकतरफा घोषणा के बाद पश्चिम बंगाल में इंडिया गठबंधन लड़खड़ा गया है। इस राज्य में टीएमसी, भाजपा और वाम-कांग्रेस गठबंधन के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होता दिख रहा है। मूलत:, लड़ाई टीएमसी और भाजपा के बीच होगी, कांग्रेस-वाम गठबंधन सीमांत भूमिका निभा रहा है। फिलहाल, टीएमसी को अभी भी बढ़त हासिल है लेकिन अभी भी दो महीने बाकी हैं और भाजपा टीएमसी से सीटें छीनने की पूरी कोशिश करेगी। बंगाल की लड़ाई में 2021 के राज्य विधानसभा चुनावों में हुई भीषण लड़ाई के सभी संकेत होंगे।

# गुरवाणी विचार

## करन करावन हार आप, मानुख के किछ नाहिं हाथ

दोवें थांबा रखे गुरु सूरे  
हलत पलत पार ब्रह्म सवारे, कारज होवे सगले पूरे (रहाओ)  
हरि हरि नाम जपत सुख सहजे, भजन होवत साधू धूरे  
आवण जान रहे थिति पाई, जनम मरण के मिटे बिसरे  
भरम भय तरे छूटे भय जम के, घटि घटि एक रहिया भर पूरे  
नानक सरण परियो दुख भंजन, अंतर बाहर पेख हजूरे।

इस शब्द में पांचवें नानक प्रभु परमात्मा के गुणों का बखान करते हुए मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि प्रभु परमात्मा की सिमरन बंदगी करते रहने से वह हमारी दोनों स्थानों लोक परलोक में रक्षा करते हैं और हमारा सहायक हो जाते हैं। जिस तरह एक बीर पुरुष अपने बाहुबल की ताकत से अपने अधीनस्थ लोगों की रक्षा करता है ठीक उसी तरह वह प्रभु परमात्मा हमारी क्यों न करेंगे? हम न केवल उसके अधीनस्थ हैं बल्कि वह हमारे जनक भी हैं। वही इस समस्त चराचर का सिरजनहार है इसलिए हमारे हर शुभ कार्य में वह सहायक बन कर आन खड़ा होता है परन्तु इसके लिए हमें उस पर भरपूर आस्था रखनी चाहिए। उसका सिमरन बंदगी करती रहनी चाहिए। क्योंकि इस संसार में जो कुछ भी हो रहा है वह उस प्रभु परमात्मा की मर्जी से ही हो रहा है- करन करावन हार आप, मानुख के किछ नाहिं हाथ।

उसकी आज्ञा के बिना एक पत्ता भी हिल नहीं सकता इसलिए हमें हर वक्त प्रभु भक्ति में लगे रहना चाहिए। उसके चरणों में मन रमाये रखना चाहिए और प्रभु परमात्मा का नाम सिमरन करते करते ही हमारा उद्धार हो सकता है। हमारा इस संसार में आना जाना और चौरासी लाख योनिओ के चक्कर में पड़ने से छुटकारा हो सकता है और हम शांतचित्त होकर उजले मुख से प्रभु के सांचे दरबार में स्थान प्राप्त कर सकते हैं। प्रभु परमात्मा को ढूंढने के लिए हमें कहीं भटकने की आवश्यकता नहीं है वह तो हमारे घट घट में ही समाये हुए हैं- मोको कहां ढूंटे रे बंदे मैं तो तेरे पास में।

हमें केवल जुगत लगानी है कि उसे प्राप्त कैसे किया जा सके। जिस तरह दूध में घी समाया हुआ हुआ है परंतु पहले दूध को पकाया जाता है फिर दही बनाया जाता तब दही को मथकर मक्खन निकाला जाता है फिर मक्खन से घी बनाया जाता है उसी तरह शरीर रूपी दूध में प्रभु नाम रूपी जामन मन रूपी मथनी से मथना पड़ेगा। तभी परमात्मा की प्राप्ति हो सकती है। शरीर रूपी खेत में मन रूपी हल चलाकर मन रूपी बीज बोना पड़ेगा। तभी मन शुद्ध हो सकेगा और सेवा भावी रहना पड़ेगा। तभी प्रभु मिलन हो सकता है-

मन हाली किसानी करनी सरम पानी तन खेत।  
नाम बीज संतोख सुहागा रख गरीबी वेस।।

इस समस्त संसार की रचना प्रभु ने स्वयं की है और वह प्रत्येक प्राणी के अंदर बैठ कर अपनी रचना कार्य गति को हर वक्त देखता रहता है। हमें उसे प्राप्त करने हेतु उसका सिमरन भजन करना पड़ेगा। तथा जहां कहीं भी प्रभु संकीर्तन होता हो। उस साध संगत में जाकर प्रभु में मन लगाना पड़ेगा। जिस धार्मिक ग्रंथ से प्रभु नाम की महिमा प्राप्त होती है।

हमारा मन धीरे धीरे प्रभु के श्री चरणों में जुड़ेगा-जिन खोजा तिन पाइआं गहरे पानी पैठ। जिसने भी सिमरन बंदगी की है चाहे वह भक्त कबीर हो चाहे धिन्ना जाट हो चाहे रविदास चमार हो, चाहे सधना कसाई हो सभी ने प्रभु परमात्मा को प्राप्त किया है यहां तक कि बाल्मीकि डाकू भी प्रभु कृपा से मरा मरा कह कर भी इस संसार समुद्र से पार हो गया। हमारी भावना सच्ची होनी चाहिए। हमारा प्रेम मीरा बाई सरीखा शबरी सरीखा, बिदुरानी सरीखा होना चाहिए तभी हमें प्रभु परमात्मा की प्राप्ति हो सकती है। सारी उमर पापमय जीवन व्यतीत करने वाली गणिका वेश्या तोते को राम राम पढ़ाते हुए प्रभु के नाम का सिमरन करते प्रभु चरणों में विराजमान हुई- सुआ पढ़ावत गणिका तरी। अजामल पापी को कौन नहीं जानता। उसने सारी उमर पापमय जीवन व्यतीत किया। विषय विकारों में गलतान रहा परन्तु प्रभु की उस पर ऐसी कृपा दृष्टि हुई कि उसने अपनी संतान का नाम नारायण रख दिया। अपना अंत समय जब उसके नजदीक आता जान पड़ा तो पुत्र मोह में पड़कर नारायण नारायण की पुकार लगा दी। पुत्र नारायण ने नहीं लेकिन प्रभु परमात्मा ने तो उसकी पुकार सुन ली। उसकी आन सुधि ली और उसे भव सागर से पार लगा दिया। इसलिए इस शब्द द्वारा पांचवें नानक मानव को समझा रहे हैं कि दुख भंजन दुखों को हरने वाले प्रभु परमात्मा के ध्यान में मन लगाए रखना चाहिए। विषय विकारों में ही हर वक्त गलतान नहीं रहना चाहिए। तभी हमारा पार उतारा हो सकता है और इस भव सागर से अपनी नैया को सुचारू किनारा लगा सकते हैं।

**इंदर सिंह आहुजा**

# आपके पत्र

## अरब सागर से 480 करोड़ की पुलिस ने ड्रग्स पकड़ी, पाकिस्तान की कारस्तानी

गुजरात एटीएस, कोस्टगार्ड और एनसीबी के संयुक्त अभियान चलाकर 480 करोड़ की ड्रग्स के साथ छह पाकिस्तानी को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया।यह पहली और आखिरी घटना नही है। इसके पहले 3132 किलोग्राम ड्रग्स जब्त करने की घटना सुर्खियों में थी। बड़ी तलाशी के बाद एनसीबी और एटीएस की टीमो की सफलता ने युवाओ की जिंदगी बचाने का ही कार्य किया है। इतनी बड़ी खेप और यहा के हैंडलर की बडी कारस्तानी भारत के युवाओ के नशों में जहर घोलने का काम जारी है। यह पहली घटना नही है।अरब सागर से हर दो महीने के भीतर करोड़ो रुपये की नशीली ड्रग्स युवाओ को गलत मार्ग पर ले जाने की एक सोची समझी साजिश है। दुनिया मे सपने में नही सोचा जाने वाला काम पाकिस्तान के युवा चुटकी बजाते ही कर लेते है। पाकिस्तान के ऐसे मानव जाति के खिलाफ किये जाने वाले काम पर कोई गीले शिकवे नही होते है। पाकिस्तान के युवाओ को हर वो बुरा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करते है। जिसके लिए हम सोच भी नही सकते है। आईसीजी ने ड्रग्स हेंडलरो का पीछा किया और इनको रंगे हाथ पकड़ा। करोड़ो रूपये की ड्रग्स मानवता के दुश्मन पाकिस्तान से भारत मे सप्लाई करते है। ददेश में सबसे ज्यादा ड्रग्स गुजरात के दरिया तट पर आती है। गुजरात पाकिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्र होने और पाकिस्तान जलसीमा के नजदीक होने के कारण वहां पर ड्रग्स के कारोबारी खुल्ले में सौदाबाजी करते और माल डिलेवरी करते समय पकड़े जाते है। अगर ये इंसानियत के दुश्मन इतनी बड़ी भारी मात्रा की ड्रग्स डिलेवरी करने में सफल हो जाते तो लाखों युवा नशे की चपेट में आ जाते। यह एक आश्चर्यचकित करने वाली अमानवीय घटना है। पुलिस ऐसी घटना की पुनरावृत्ति नही हो, उसके लिए अलर्ट है।लेकिन पाकिस्तान ऐसे कारनामो के लिए जाना जाता है।यह संयुक्त ऑपरेशन पुलिस टीमो के लिए चुनौतियों से भरपूर था। लेकिन वे गुनहगार थे और पुलिस देश की रक्षा के लिए तटस्थ खड़ी रहकर ड्रग्सआफ़ियाओ के लिए चुनौती बनी हुई थी।

**कांतिलाल मांडोत सूरत**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर ने महिला के मुंह में थर्मामीटर रख कर कुछ देर मुंह बंद रखने को कहा।

पत्नी को खामोश देख कर पति ने पूछा : डॉक्टर साहब, ये जादुई चीज कितने की आती है?

# सफाई कर्मचारियों के साथ सरकार : शैली

## मेयर ने शहीद सफाई कर्मचारी के परिवार को सौंपा 32 लाख का चेक

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने बुधवार को शहीद सफाई कर्मचारी को सम्मानित करते हुए उनके बेटे आकाश को 32 लाख का चेक और नियुक्ति पत्र भेंट किया। आकाश के पिता एक सफाई कर्मचारी थे, और एक दुखद घटना में ड्यूटी के दौरान उनकी मौत हुई। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि इस दुखद समय में पूरा निगम परिवार एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी सफाई कर्मचारी और दिवंगत कृष्ण के परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्हे हर संभव सहायता प्रदान करेगी।

परिवार की शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी देखभाल और किसी भी अन्य आवश्यकता के लिए साथ खड़ी हैं। मेयर ने अधिकारियों को कृष्ण के परिवार की सभी जरूरतों का ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने सफाई कर्मचारियों के हितों पर कोई ध्यान नहीं दिया। लेकिन निगम में आप सरकार बनने के बाद सफाई कर्मचारियों को पक्का किया जा रहा है। ड्यूटी पर जान गंवाने वाले सफाई कर्मचारियों के परिवारों को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता दी जा रही है। उनके परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जा रही है। निगम में आप सरकार बनने के बाद अब तक तीन मृतक सफाई कर्मचारियों के परिवार की



- पिछली सरकारों ने सफाई कर्मचारियों के हितों पर कोई ध्यान नहीं दिया
- सफाई कर्मचारी के बेटे को नियुक्ति पत्र भी सौंपा

मदद की जा चुकी है। उनको घर जाकर आर्थिक सहायता राशि का चेक और परिजन को नौकरी का नियुक्ति पत्र दिया गया है। इसके अलावा सफाई कर्मचारियों को बड़े स्तर पर पक्का किया गया है। वहीं दूसरी ओर दिल्ली की मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने बुधवार को सिविक सेंटर में हरदयाल म्युनिसिपल लाइब्रेरी के संबंध में महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। दिल्ली की मेयर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम की हरदयाल लाइब्रेरी 160 साल पुरानी हेरिटेज लाइब्रेरी है। जिसकी शुरुआत 1862 में हुई थी। इस ऐतिहासिक लाइब्रेरी में दिल्ली ही नहीं बल्कि देश भर से छात्र पढ़ने आते हैं।

### सुल्तानपुरी इलाके का निरीक्षण और लोगों की समस्याएं सुनीं

इस दौरान मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के बारे में जाना। साथ ही सुल्तानपुरी इलाके का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अधिकारियों से जानवरों को अवैध रूप से काटे जाने के खिलाफ सख्त कदम उठाने के आदेश दिए। उन्होंने इलाके में साफ-सफाई बनाए रखने और कूड़े के प्रबंधन पर भी ज़ोर दिया। डॉ. शैली ओबरॉय ने बताया कि जनता की शिकायतों को प्रभावी ढंग से दूर करने के लिए निगम की सरकार प्रतिबद्ध है। नागरिक क्षेत्र की स्वच्छता और सुव्यवस्था बनाए रखने में अधिकारियों के साथ सहयोग करें। सभी के लिए बेहतर वातावरण बनाने में सामुदायिक भागीदारी जरूरी है। इस दौरान विधायक मुकेश अहलावत, पार्षद बॉबी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सबके आराध्य हैं श्री खाटू श्याम : अनिल गुप्ता

### दर्शन करने से मिलती है मन की शांति



**नई दिल्ली,** 13 मार्च (देशबन्धु)। राजस्थान स्थित प्रसिद्ध श्री खाटू श्यामजी सभी के अराध्य हैं, उनके दर्शन करने मात्र से सभी कष्ट दूर होते हैं, यह कहना है आदित्य केयर एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष प्रसिद्ध समाज सेवी अनिल गुप्ता का। उनके कार्यालय पुष्प विहार से 12 मार्च को श्री खाटू श्यामजी के दर्शन करने एक बस भेजी गई है,दर्शन करने वालो को सोसायटी की और से मुफ्त यात्रा करवाई जाती हैं। अनिल गुप्ता ने बताया कि आदित्य केयर एजुकेशन सोसायटी गत 2005 से गरीब, बेसहारा फुटपाथों में रहने वाले बच्चों को शिक्षित करने, महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने, तीज त्यौहार में मेंहदी महोत्सव से लेकर करवा चौथ पर विशेष पूजा का भी प्रबंध किया जाता है। उन्होंने बताया की सोसायटी की और से लोगो को मुफ्त धार्मिक यात्राएं, 2013 से करवाई जा रही हैं।

## मुद्रेक्स ने लॉन्च किया बिटकॉयन स्पॉट ईटीएफ

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (देशबन्धु)। वाय-कॉम्बीनेटर द्वारा समर्थित ग्लोबल क्रिप्टो इन्वेस्टमेन्ट प्लेटफॉर्म मुद्रेक्स ने भारतीय निवेशकों के लिए यूएस बिटकॉयन स्पॉट ईटीएफ के लॉन्च की घोषणा की है। निवेशक मुद्रेक्स के प्लेटफॉर्म पर न्यूनतम 4 लाख रूपए के साथ बिटकॉयन स्पॉट ईटीएफ में निवेश शुरू कर सकते हैं। मुद्रेक्स निवेशकों को व्यक्तिगत स्पॉट ईटीएफ चुनने, पर्सनलाइज़्ड बास्केट बनाने तथा बाज़ार पूंजीकरण के आधार पर पहले से सूचीबद्ध विकल्पों को चुनने में मदद करता है। इस अवसर पर एदुल पटेल, सीईओ एवं सह-संस्थापक, मुद्रेक्स ने जानकारी दी।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली-6 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:-

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम एवं स्थान | उत्तर रेलवे के क्षेत्र में (i) नई बडी रेलवे लाइन परियोजना के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण और (ii) दोहरीकरण/तीसरी लाइन/तीसरी एवं चौथी लाइन/फलाईओवर और (iii) गेज परिवर्तन के निर्माण के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण करना। |
| अनुमानित/निदेशात्मक परियोजना लागत | रु. 27,14,15,400/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 24 माह |
| जमा की जाने वाली जमानती राशि | रु. 15,07,100/- |
| ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा दस्तावेज 11:30 बजे दिनांक 14.03.2024 से 10.04.2024 तक आईआरईपीएस की वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। |
| निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | 10.04.2024 को 11:30 बजे तक निविदाकर्ता द्वारा 27.03.2024 से 10.04.2024 तक आई आरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है। |
| ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11.30 बजे दिनांक 10.04.2024 को खोली जायेगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है। |

सं0 74-डब्ल्यू/4/1/469/डब्लु.ए/मुख्यालय दिनांक : 13.03.2024 799/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## देश में बढ़ रहे हैं किडनी के क्रॉनिक रोग : डॉ. संजीव गुलाटी



**नई दिल्ली,** 13 मार्च (देशबन्धु)। विश्व किडनी दिवस पर किडनी हेल्थ फॉर ऑल ऐडवांसिंग इक्विटेबल ऐक्सेस टू केयर ऐंड ऑप्टिमल मेडिकेशन प्रैक्टिस को मजबूत बनाने की कारवाई के लिए दुनिया भर में किए गए आह्वान पर भारत में अनेक हितधारक डायबिटीज के रोगियों के लिए क्रॉनिक किडनी डिजीज सीकेडी को बढ़ने से रोकने के महत्त्व पर रोशनी डालने के लिए एकत्रित हो रहे हैं। बायर और आईएसएन का संयुक्त विज्ञापन हैशटैग रेडी टू स्लोडाउन भारत में पिछले साल नवम्बर में लॉन्च किया गया था। यह विज्ञापन डायबिटीज के साथ जी रहे 101 मिलियन लोगों की किडनी की सेहत पर करीबी ध्यान देने की कारवाई की फौरन मांग करता है। इंडियन सोसायटी ऑफ़ नेफ्रोलॉजी के निवर्तमान प्रेसिडेंट और फोर्टिस एस्कॉर्ट्स में नेफ्रोलॉजी के प्रिंसिपल डायरेक्टर, डॉ. संजीव गुलाटी ने कहा कि क्रॉनिक किडनी डिजीज एक मौन महामारी है जो पूरी दुनिया में और विशेषकर भारत में करोड़ों लोगों को प्रभावित कर रही है। भारत में वंचित समुदायों में किडनी रोग का बोझ तेजी से बढ़ रहा है। लोगों के लिए डायबिटीज जैसे उच्च जोखिम वाले मरीजों में संकेतों और लक्षणों से अवगत होना और उन्हें जीवनशैली में बदलाव करने में सहयोग करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। बातचीत में भाग लेते हुए, गिनी हेल्थ के मेडिकल डायरेक्टर एंडोक्राईनोलॉजिस्टपीजीआईएमआर चंडीगढ़ के एंडोक्राईनोलॉजी विभाग के प्रोफेसर और हेड, डॉ. अनिल भंसाली ने डायबिटीज और किडनी संबंधी रोग के बीच जटिल गहरा सम्बन्ध होने की बात बताई। उन्होंने कहा कि डायबिटीज का उचित प्रबंधन नहीं होने से समय के साथ किडनी संबंधी जटिलताओं का खतरा काफी बढ़ जाता है। इन समस्याओं का जल्द पता लगाना और आगे क्षति को कम करने के लिए प्रभावकारी हस्तक्षेप करना अनिवार्य है।

## आध्यात्मिक कार्यशाला का किया आयोजन

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (देशबन्धु)। सावन कृपाल रूहानी मिशन की ओर से दिल्ली टेक्नोलोजिकल यूनिवर्सिटी के प्रज्ञान हॉल में 'शरीर, मन और आत्मा के लिए ध्यान-अभ्यास' विषय पर आध्यात्मिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें खासतौर पर इस यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों के अलावा वाईस चांसलर प्रो. प्रतीक शर्मा, रजिस्ट्रार प्रो. मधूसूदन सिंह, प्रसिद्ध इंजीनियर सूरज पाल भाटिया और प्रो. विजय कुमार भी उपस्थित थे। इस आध्यात्मिक कार्यशाला में यह समझाया गया कि आज के आधुनिक युग में लोग ध्यान-अभ्यास के प्रति जागरूक हो रहे हैं क्योंकि वे अपनी आत्मा के साथ-साथ अपने शरीर और मन को भी स्वस्थ रखना चाहते हैं। लेकिन इस भाग-दौड़ भरी जिंदगी, अनियमित जीवन शैली और हमारे बदलते खान-पान ने हमें शारीरिक तौर पर इतना अस्वस्थ कर दिया है कि हमारा शरीर रोगों का घर बन गया है। आज के दौर में हरेक इंसान अपने आपको अस्वस्थ महसूस कर रहा है। इसके अलावा आज का इंसान यह भी सोच रहा है कि यदि उसके पास रुपया-पैसा, जमीन-जायदाद, कारें, बैंक-बैलेंस, और हीरे-जवाहरात होंगे तो उसे जीवन में कभी परेशानी, चिंता व दुःख-तकलीफ नहीं आएगी और वह एक स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकेगा लेकिन आमतौर पर ऐसा होता नहीं है क्योंकि इन सब चीज़ों से हमारे स्वास्थ्य से कोई लेना-देना ही नहीं है। अब ये सवाल उठता है कि जब हर तरफ तनाव और चिंता का माहौल हो तो हम एक स्वस्थ जीवन कैसे जिए, सदियों से हमारे संतों-महापुरुषों ने हमें स्वस्थ रहने के लिए ध्यान-अभ्यास की विधि बताई है क्योंकि ध्यान-अभ्यास ही एक ऐसी रामबाण दवा है जिससे हम शारीरिक तौर पर ही स्वस्थ नहीं रहते बल्कि यह हमारे मन और आत्मा को भी स्वस्थ रखता है।

# देश के सभी नागरिकों को मिले शीघ्र व प्रभावी न्याय : विशाल

### न्यायिक प्रक्रियाओं में हो रहे भ्रष्टाचार व सुधार संबंधित चीजों को किया उजागर



**नई दिल्ली,** 13 मार्च (देशबन्धु)। स्वराज मेरा अधिकार कब मिलेगा इंसाफ स्वराज मेरा अधिकार के तत्वावधान में कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में कानूनी औपचारिक प्रेसवार्ता सभा रखा गया।

जिसके तहत न्यायिक प्रक्रियाओं में हो रहे है भ्रष्टाचार और सुधार संबंधित चीजों को उजागर किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य दो थीम थे न्याय सभी के लिए समान हो एवं दूसरा एक वर्ष में न्याय हो। भारत के सभी नागरिकों को शीघ्र एवं प्रभावी न्याय मिले। स्वराज मेरा अधिकार के अध्यक्ष विशाल खन्नाजी ने बताया कि यह सेमिनार प्रत्येक वर्ष कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित की जाती है तथा देश के अन्य हिस्सों में भी आयोजित की जाती रही है और न्यायिक व्यवस्था की विसंगतियां और सुधार पर चर्चा केंदित किया जाता रहा है। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता सुनील शर्मा जो स्वराज मेरा अधिकार के उपाध्यक्ष एवं योग वेदान्त समिति उत्तरी दिल्ली के सलाहकार हैं उनके द्वारा की गई, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्य न्यायाधीश राजेंद्र मेनन, पूर्व न्यायाधीश दिल्ली हाईकोर्ट एस. एन. धींगरा, पूर्व चेयरमैन दिल्ली बार काउंसिल मुरारी तिवारी व अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट ए.पी. सिंह व अश्विनी उपाध्याय मौजूद थे।

### न्याय व्यवस्था में तेजी से सुधार के तरफ दिया जोर

जस्टिस मेनन ने न्याय व्यवस्था में तेजी से सुधार के तरफ जोर दिया। जस्टिस एस एन ढींगरा ने तारीख पर तारीख मिलने वाले कोर्ट के प्रक्रिया के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट से गुहार लगाई। बार काउंसिल के अध्यक्ष मुरारी तिवारी ने भी अपना पक्ष रखा और बताया कि उनके जैसे कई अधिवक्ता जस्टिस फॉर ऑल के तहत फ्री कानूनी सलाह और गरीब लोगों की फ्री में मुकदमे में लड़ने की पेशकश की। अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय एवं डॉ. एपी सिंह ने जस्टिस विदिन यर के अंतर्गत संत आशारामजी बापू के पक्ष में अपनी अपनी आवाज उठाई और कुछ बिंदु बताएं कि कैसे आशारामजी बापू को एक षड्यंत्र के तहत फंसाया गया है न्यायिक आधिकारों से वंचित किया जा रहा है।



# होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली के दौरान उत्तर रेलवे द्वारा पहले से ही घोषित होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने के दिन | अवधि | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01053 | लोकमान्य तिलक (ट) | 12:15 | बनारस | 16:05 | बुधवार | 20 एवं 27.03.2024 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य | कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पीपरईया, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर एवं प्रयागराज च्योकी स्टेशन। |
| 01054 | बनारस | 20:30 | लोकमान्य तिलक (ट) | 23:55 | गुरुवार | 14 से 28.03.2024 तक | | |
| 01123 | लोकमान्य तिलक (ट) | 12:15 | गोरखपुर जंक्शन | 18:55 | शुक्रवार | 15 से 29.03.2024 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ओरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ (जं.), गोंडा एवं बस्ती स्टेशन। |
| 01124 | गोरखपुर जंक्शन | 21:15 | लोकमान्य तिलक (ट) | 07:25 | शनिवार | 16 से 30.03.2024 तक | | |
| 01103 | सीएसटी मुंबई | 22:35 | गोरखपुर जंक्शन | 09:30 | गुरुवार | 14 से 28.03.2024 तक | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य | दादर, ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ओरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ (जं.), गोंडा एवं बस्ती स्टेशन। |
| 01104 | गोरखपुर जंक्शन | 15:30 | सीएसटी मुंबई | 00:40 | शनिवार | 16 से 30.03.2024 तक | | |
| 05115 | छपरा | 17:45 | आनन्द विहार (ट) | 11:50 | बुधवार | 20 एवं 27.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | सिवान, देवरिया, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल जं., सीतापुर जं., बरेली जं. एवं मुरादाबाद स्टेशन। |
| 05116 | आनन्द विहार (ट) | 14:45 | छपरा | 09:30 | गुरुवार | 21 एवं 28.03.2024 | | |
| 05023 | गोरखपुर जंक्शन | 21:15 | आनन्द विहार (ट) | 13:15 | रविवार | 24 एवं 31.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल जं., सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन। |
| 05024 | आनन्द विहार (ट) | 15:15 | गोरखपुर जंक्शन | 07:30 | सोमवार | 25.03 एवं 01.04.2024 | | |
| 05097 | टनकपुर | 18:25 | दौराई | 13:40 | शुक्र, सोम, बुध | 22 से 29.03.2024 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | खटीमा, पीलीभीत, भोजीपुरा, इज्जतनगर, बरेल सिटी, बरेली जं., चन्दौसी, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली जं., दिल्ली कैंट, गुरुग्राम, रेवाड़ी, नारनौल, नीम का थाना, श्रीमाधोपुर, रिंगस जं., फुलेरा जं., किशनगढ़ एवं अजमेर जं. स्टेशन। |
| 05098 | दौराई | 16:05 | टनकपुर | 09:35 | शनि, मंगल गुरु | 23 से 30.03.2024 तक | | |
| 05047 | बनारस | 19:20 | आनन्द विहार (ट) | 09:30 | मंगलवार | 26.03.2024 | वाता. 3 टीयर एवं वाता. कुर्सीयान | भदोही, माँ बेल्हादेवी धाम प्रतापगढ़, अमेठी जं., रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली एवं मुरादाबाद स्टेशन। |
| 05048 | आनन्द विहार (ट) | 18:15 | बनारस | 08:10 | बुधवार | 27.03.2024 | | |
| 05053 | गोरखपुर जंक्शन | 09:30 | बांद्रा टर्मिनल | 16:00 | शुक्रवार | 22 एवं 29.03.2024 | सामान्य | खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बादशाह नगर, ऐशबाग, कानपुर सेन्ट्रल, टूण्डला जं., आगरा फोर्ट, बयाना, गंगापुर सिटी, कोटा जं., भवानी मंडी, सामगढ़, नागदा जं., रतलाम जं., वडोदरा जं., सूरत, वलसाड, वापी, पालघर एवं बोरीवली स्टेशन। |
| 05054 | बांद्रा टर्मिनल | 21:45 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | शनिवार | 23 एवं 30.03.2024 | | |
| 05005 | गोरखपुर जंक्शन | 14:40 | अमृतसर जंक्शन | 09:30 | बुधवार | 20 एवं 27.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल जं., सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट, लुधियाना जं., जलंधर सिटी एवं ब्यास जं. स्टेशन। |
| 05006 | अमृतसर जंक्शन | 12:45 | गोरखपुर जंक्शन | 08:50 | गुरुवार | 21 एवं 28.03.2024 | | |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर जंक्शन | 09:30 | शुक्रवार | 22 एवं 29.03.2024 | वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | सिवान, थावे, तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल जं., सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट, लुधियाना जं., जलंधर सिटी एवं ब्यास स्टेशन। |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 12:45 | छपरा | 14:00 | शनिवार | 23 एवं 30.03.2024 | | |
| 05012 | गोमती नगर | 14:00 | छपरा | 00:05 | गुरु., शनि, सोम, बुध | 21 से 27.03.2024 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | बाराबंकी, बुढवल जं., करनैल गंज, गोंडा, मनकापुर जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., पिपराइच, कप्तानगंज, रामकोला, पड़रौना, तमकुही रोड, थावे, दिघवादुबौली, मसरख एवं छपरा कचहरी स्टेशन। |
| 05011 | छपरा | 05:45 | गोमती नगर | 16:00 | शुक्र, रवि, मंगल, गुरु | 22 से 28.03.2024 तक | | |
| 05045 | लाल कुआँ | 13:10 | राजकोट | 18:10 | रविवार | 24 एवं 31.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | किच्छा, बहेरी, भोजीपुरा, इज्जतनगर, बरेली सिटी, बरेली जं., बदायूँ, सोरों शूकर, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा कैंट, मथुरा जं., भरतपुर, दौसा, जयपुर जं., फुलेरा जं., नवा सिटी, कुचामन सिटी, मकराना जं., डेगाना जं., मेड़ता रोड जं., गोटन, जोधपुर जं., लूनी जं., समदड़ी जं., मोकालसर, जालौर, मोदरन, मारवाड़ भीनमाल, रानीवाड़ा, धनेरा, भीलडी, पाटन, महेसाना जं., सुरेन्द्रनगर एवं वांकानेर जं. स्टेशन। |
| 05046 | राजकोट | 22:30 | लाल कुआँ | 04:05 | सोमवार | 25.03 एवं 01.04.2024 | | |
| 05193 | छपरा | 15:20 | पनवेल | 20:30 | गुरुवार | 21 एवं 28.03.2024 | वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य | बलिया, गाजीपुर सिटी, वाराणसी जं., बनारस,, प्रयागराज जं., सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी जं., भुसावल जं., नासिक रोड, इगतपुरी एवं कल्याण जं. स्टेशन। |
| 05194 | पनवेल | 21:40 | छपरा | 08:50 | शुक्रवार | 22 एवं 29.03.2024 | | |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 10:10 | मंगलवार | 19.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य | द्वारका, खंभालिया, जामनगर, हापा, राजकोट जं., सुरेन्द्रनगर, वीरंगम जं., महेसाना जं., उनझा, सिद्धपुर, पालनपुर जं., आबू रोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर जं., गांधीनगर जयपुर, दौसा, बाँदीकुई, अलवर एवं रेवाड़ी स्टेशन। |
| 09524 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 13:20 | ओखा | 13:50 | बुधवार | 20.03.2024 | | |
| 09525 | हापा | 00:40 | नाहरलगुन | 16:00 | बुधवार | 20.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | राजकोट जं., बाँकानेर, सुरेन्द्रनगर, अहमदाबाद जं., नाडियाड, आनन्द, छायापुरी, गोधरा, रतलाम, नागदा जं., उज्जैन जं., मक्सी जं., शाजापुर, ब्यावर राजगढ़, रुठियाई जं., गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, इटावा, गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., झानपुर रोड, बनारस, वाराणसी, गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, हाजीपुर, शाहपुर पटौरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार, बारसोई जं., किशनगंज, न्यु जलपाईगुड़ी, न्यू कूचबिहार, कोकराझार, न्यु बंगाईगांव जं., बरपेटा रोड, रंगिया, उदलगुड़ी, न्यु मिसामारी, रंगपारा नार्थ एवं हरमुटी स्टेशन। |
| 09526 | नाहरलगुन | 10:00 | हापा | 00:30 | शनिवार | 23.03.2024 | | |
| 09183 | मुंबई सेन्ट्रल | 22:50 | बनारस | 10:30 | बुधवार | 20.03.2024 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर एवं वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी) | बोरीवली, पालघर, वापी, बलसाड़ जं., सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा जं., सवाई मधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर जं., अछनेरा जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला, शिकोहाबाद, मैनपुरी, भोगाँव, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी जं., प्रतापगढ़, जंघई जं. एवं भदोही स्टेशन। |
| 09184 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेन्ट्रल | 04:20 | शुक्रवार | 22.03.2024 | | |
| 09111 | बडोदरा | 19:00 | गोरखपुर जं. | 23:30 | सोमवार | 18.03.2024 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | गोधरा, रतलाम जं., कोटा जं., सवाई मधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला, शिकोहाबाद, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन। |
| 09112 | गोरखपुर जं. | 05:00 | बडोदरा | 08:35 | बुधवार | 20.03.2024 | | |
| 09195 | बडोदरा | 19:00 | मऊ | 20:45 | शनिवार | 23 एवं 30.03.2024 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | गोधरा, दाहोद, रतलाम, कोटा जं., बयाना जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ जं., सुलतानपुर एवं वाराणसी जं. स्टेशन। |
| 09196 | मऊ | 23:00 | बडोदरा | 00:45 | रविवार | 24 एवं 31.03.2024 | | |
| 09061 | वलसाड | 02:15 | बरौनी जं. | 18:00 | मंगलवार | 19.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, मथुरा जं., कासगंज, फर्रुखाबाद, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, सुलतानपुर, जौनपुर सिटी, वाराणसी जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र एवं हाजीपुर स्टेशन। |
| 09062 | बरौनी जं. | 12:15 | वलसाड | 03:45 | गुरुवार | 21.03.2024 | | |
| 09417 | अहमदाबाद जं. | 09:10 | दानापुर | 20:30 | सोमवार | 18.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | नाडियाड जं., छायापुरी, रतलाम जं., कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, हिण्डौन सिटी, भरतपुर जं., मथुरा जं., कासगंज, फर्रुखाबाद, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, सुलतानपुर, जौनपुर सिटी, वाराणसी जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन। |
| 09418 | दानापुर | 23:50 | अहमदाबाद जं. | 11:10 | बुधवार | 20.03.2024 | | |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनन्द विहार (ट) | 14:10 | सोमवार | 25.03 से 01.04.2024 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., पीरपैंती, कहलगाँव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बख्तियारपुर, पटना जं., आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं., एवं गोविन्दपुरी स्टेशन |
| 03436 | आनन्द विहार (ट) | 19:00 | मालदा टाउन | 23:30 | मंगलवार | 26.03 से 02.04.2024 तक | | |
| 04145 | सूबेदार गंज | 21:30 | आनन्द विहार (ट) | 08:00 | तिथिवार | 20, 21, 22, 23, 24, 26, 27, 28, 29 एवं 31.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य | फतेहपुर, कानपुर सेन्ट्रल, इटावा, टूण्डला एवं अलीगढ़ स्टेशन। |
| 04146 | आनन्द विहार (ट) | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:00 | तिथिवार | 21, 22, 23, 24, 25, 27, 28, 29, 30.03.2024 एवं 01.04.2024 | | |
| 08475 | पुरी जं. | 04:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 17:40 | शुक्रवार | 22 एवं 29.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | खोरधा रोड, भुवनेश्वर, नराज मर्थापुर, ढेंकानाल, अनुगुल, रेढ़ाखोल, सम्भलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, बिलासपुर, न्यु कटनी जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन। |
| 08476 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:35 | पुरी जं. | 06:55 | शनिवार | 23 एवं 30.03.2024 | | |
| 08571 | विशाखापत्तनम | 08:20 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 17:40 | शनिवार | 23 से 30.03.2024 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी) एवं सामान्य | विजयनगरम जं., बोब्बिलि जं., पार्वतिपुरम, रायगड़, केसिंगा, टिटिलागढ़ जं., कांटाबांजी, खरियार रोड, महासमुन्द, रायपुर, अनूपपुर, न्यु कटनी जं., ललितपुर जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन। |
| 08572 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:35 | विशाखापत्तनम | 13:30 | रविवार | 24 से 31.03.2024 तक | | |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य जानकारी जैसे कि सीट उपलब्धता और समय-सारणी आदि के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# देश

**उवाच** "धर्म, जाति या क्षेत्र के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। नागरिकता आस्था में बिना किसी किस्म के हस्तक्षेप के देश के प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है, चाहे वह किसी भी धर्म, रंग, क्षेत्र या पृष्ठभूमि का हो।

–मोहम्मद यूसुफ तारिगामी, माकपा नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 23.0 | 15.0 |
| मुंबई | 27.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 26.0 |

# भाजपा सरकार ने तोड़ा लद्दाख की जनता का भरोसा : प्रियंका

## पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की मांग को ठहराया जायज

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की शिक्षाविद एवं पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की मांग को जायज ठहराते हुए बुधवार को कहा कि सरकार को लद्दाख ताकि संवेदनशीलता को देखते हुए वाजिव मांग को पूरा करना चाहिए। वाड्रा ने कहा कि शिक्षाविद एवं पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक पिछले आठ दिन से भूख हड़ताल पर हैं और जिस जगह उनका अनशन चल रहा है वहां तापमान शून्य से 15 डिग्री नीचे है। उनका कहना था कि सरकार को लद्दाख की जनता के साथ धोखा किए बिना क्षेत्र में बढ़ रही चीनी गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए तत्काल उनकी मांग पूरी करनी चाहिए। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आगे कहा कि भाजपा ने लद्दाख की जनता से पूर्ण राज्य का दर्जा देने का वादा किया था लेकिन पूरा नहीं किया। एक तरफ बढ़ता चीनी कब्जा और



पूर्ण राज्य के दर्जे की मांग पर लद्दाख की जनता की आवाज सुने केंद्र : **प्रियंका गांधी**

दूसरी तरफ भाजपा सरकार की चुप्पी, वादाखिलाफी और धोखा लद्दाख की जनता का विश्वास टूट रहा है।

उन्होंने कहा कि बार-बार प्रदर्शनों के बीच लद्दाख के शिक्षाविद एवं पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक दर्जनों लोगों के साथ माइनस 15 डिग्री तापमान में आठ दिन से अनशन कर रहे हैं। आज लद्दाख की जनता पूर्ण राज्य का दर्जा और 6 वीं अनुसूची के तहत सुरक्षा की मांग कर रही है जिसे पूरा करना सरकार का कर्तव्य है। सरकार को हठधर्मिता छोड़कर लद्दाख की जनता की आवाज सुननी चाहिए।बता दें कि अनशन के सातवें दिन बार एसोसिएशन लेह के पदाधिकारी सोनम वांगचुक से मिलने अनशन स्थल पर पहुंचे और उन्हें समर्थन दिया। बार एसोसिएशन लेह के अध्यक्ष मो. शफी लासू ने आश्वासन दिया कि लद्दाख के लोगों के हितों की सुरक्षा के लिए वे इस संघर्ष में कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलेंगे।

### आमरण अनशन पर बैठे हैं सोनम वांगचुक



मशहूर पर्यावरणविद् और इनोवेटर इंजीनियर सोनम वांगचुक लद्दाख के लिए अपनी मांगों के समर्थन में आमरण अनशन पर हैं। बुधवार को उनका यह अनशन (क्लाइमेट फास्ट) आठवें दिन में प्रवेश कर गया। उनकी मांगों में लद्दाख को राज्य का दर्जा देना और संविधान की छठी अनुसूची के तहत मूल निवासियों के लिए सुरक्षा उपाय शामिल हैं। वांगचुक का दावा है कि यह विरोध सरकार द्वारा अभी तक पूरी नहीं की गई कुछ घोषणाओं के मद्देनजर भी है, जो 2019 में उनके चुनावी घोषणापत्र का हिस्सा थीं। वह लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा मांग रहे हैं, क्षेत्र में मूल निवासियों के अधिकारों की वकालत कर रहे हैं और क्षेत्र में जलवायु संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता पैदा कर रहे हैं। इनोवेटर और शिक्षाविद् को पहले अत्यधिक ठंडे स्थानों में भारतीय सेना के उपयोग के लिए सौर-गर्म तंबू विकसित करने के लिए प्रशंसा मिली थी, जबकि उनके नाम पर कई अन्य पर्यावरण-अनुकूल नवाचार भी हैं।

## लोस चुनाव आने वाली पीढ़ी के भविष्य का चुनाव : अखिलेश

**लखनऊ,** 13 मार्च (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में आने वाली पीढ़ी के भविष्य का चुनाव है। यह जनता के जीवन-मरण का चुनाव होगा और लोकतंत्र, संविधान, आरक्षण सब पर खतरा मंडरा रहा है। यादव ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 2024 का चुनाव जीतने के लिए किसी भी स्तर तक जा सकती है। मतदान के समय धांधली की तैयारियां है। ऐसे में जन सामान्य, जो मतदाता भी है, उसे ही अपने अधिकार और वोट की रक्षा करनी है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर लोकतंत्र बचाने की जिम्मेदारी है।



सपा अध्यक्ष ने प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में बड़ी संख्या में आए कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में पूरी तरह व्यवस्था चौपट है। भाजपा सरकार में लूट मची है। उसका रास्ता खतरनाक है। भाजपा सरकार हर स्तर पर विफल है। अपनी नाकामी को छुपाने के लिए झूठे वादे विज्ञापनों में दर्शाएं जा रहे हैं। यादव ने कहा कि सपा के सभी नेता, कार्यकर्ता बूथस्तर पर पार्टी संगठन को मजबूत कर पीडीए का संदेश जन-जन तक पहुंचाए। समाजवादी सरकार की उपलब्धियां लोगों को गिनाएं और सपा-गठबंधन के प्रत्याशियों को बहुमत से जिताने में कोई कोरकसर न छोड़े। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रति जनता में भारी रोष है। विपक्षी नेताओं पर फर्जी मुकदमें लगाकर जेल भेजा जा रहा है।

## एनसीसी में तीन लाख और कैडेटों को किया जाएगा शामिल

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के विस्तार के लिए तीन लाख कैडेट रिक्तियों को भरने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी की बढ़ती मांग को पूरा करने की उम्मीद है। इस प्रस्ताव की मंजूरी के बाद एनसीसी में अब कैडेटों की स्वीकृत संख्या 20 लाख हो जाएगी, जो इसे दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन बना देगी। वर्ष 1948 में केवल 20,000 कैडेटों के साथ एनसीसी का गठन हुआ था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार एनसीसी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में पेश किए जाने के साथ, एनसीसी का यह विस्तार देश के भावी मार्गदर्शक के रूप में अहम भूमिका निभाने की युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में बड़ा कदम होगा। इस विस्तार से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रिक्तियों का आनुपातिक वितरण होगा और एनसीसी के इच्छुक शैक्षणिक संस्थानों की प्रतीक्षा सूची में कमी आएगी। एनसीसी का लक्ष्य एक ऐसा वातावरण तैयार करना है, जहां युवा राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान दें। यह पहल 'अमृतपीढ़ी' के प्रेरित, अनुशासित और देशभक्त युवाओं के आधार का विस्तार करेगी जो 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने में योगदान देंगे।



- राजनाथ सिंह ने एनसीसी के विस्तार को दी मंजूरी
- बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन

### चार नए ग्रुप हेडक्वाटर की होगी स्थापना

इस विस्तार योजना में चार नए समूह मुख्यालयों और दो नई एनसीसी इकाइयों की स्थापना शामिल है। इस विस्तार योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसमें पूर्व सैनिकों को एनसीसी प्रशिक्षकों के रूप में रोजगार देने का प्रस्ताव शामिल है, जिससे उनके कौशल और लंबे अनुभव का लाभ उठाया जा सके। इस पहल से एनसीसी कैडेटों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित हो सकेगा और उनके लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। यह विस्तार अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना से ओतप्रोत मार्गदर्शक तैयार करने के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

## सार संक्षेप

### श्रीनगर में भीषण आग से चार घर क्षतिग्रस्त

**श्रीनगर।** केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के पुराने शहर में कल देर रात आग लगने की घटना में कम से कम चार घर क्षतिग्रस्त हो गए। अग्निशमन और आपातकालीन सेवा के अधिकारियों ने कहा कि श्रीनगर शहर में पाथेर मस्जिद जैना कदल के पास एक घर में लगभग पौने एक बजे आग लग गई और पास के अन्य तीन घरों में फैल गई, जिससे संपत्ति को भारी नुकसान हुआ।

### गोविंद सिंह कांग्रेस के लिए द्रोणाचार्य : पटवारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठतम सदस्यों में से एक पूर्व मंत्री डॉ. गोविंद सिंह के कांग्रेस छोड़ कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की अटकलों के बीच कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि सिंह कांग्रेस के द्रोणाचार्य हैं और पूरी कांग्रेस एक परिवार है। पटवारी ने कहा कि डॉ. सिंह कांग्रेस के लिए पितातुल्य हैं।

### केरल में वेली टूरिस्ट विलेज में कन्वेंशन सेंटर का शुभारंभ

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के पर्यटन मंत्री पी. ए. मोहम्मद रियास बुधवार को यहां वेलि टूरिस्ट विलेज में बुनियादी ढांचे के विकास गतिविधियों के दूसरे चरण के हिस्से के रूप में पर्यटन विभाग की ओर से निर्मित कन्वेंशन सेंटर का उद्घाटन करेंगे। कन्वेंशन सेंटर में 27,000 वर्ग फुट की लेकफ्रंट सुविधा 20 करोड़ रुपए की लागत से बनाई गई है और इसमें वैश्विक मानकों की उच्च-स्तरीय विशेषताएं हैं। इसकी पहली मंजिल पर लगभग 750 लोग रह सकते हैं और डाइनिंग हॉल में 300 मेहमानों के लिए जगह है। इसके अलावा, कॉम्प्लेक्स में एक समय में लगभग 60 वाहन पार्क किए जा सकते हैं।

### पोकेमॉन गो कम्युनिटी डे 16 को

**नई दिल्ली।** हम मार्च 2024 में होने वाले पोकेमॉन गो कम्युनिटी डे की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं, जो शनिवार, 16 मार्च, 2024 को आयोजित किया जाएगा। इस कम्युनिटी डे के दौरान, अपने आस-पास के प्रशिक्षकों के साथ रेड, ट्रेड और एक्सप्लोर करें, जिसमें लिटन को विशेष रुप से फीचर किया जाएगा। हमारे कम्युनिटी डे मीट-अप शनिवार 16 मार्च 2024 को स्थानीय समय (भारत में IST) अनुसार दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक होंगे। वर्चुअल ट्रेनर मीटअप भारत के सत्रह शहरों में आयोजित किए जाएंगे, जिनमें नई दिल्ली का लोधी गार्डन, मुंबई का हॉर्निमन सर्कल गार्डन, पुणे का सारस बाग, गुरुग्राम का लेजर वैली पार्क, जयपुर का जवाहर सर्कल, बेंगलुरु का कब्बन पार्क में स्थित एडवर्ड VII की प्रतिमा, कानपुर का कारगिल पार्क, वडोदरा का कामतीबाग, इंदौर का लालबाग गार्डन, कोलकाता का रवीन्द्र सरोवर झील में लायंस सफारी पार्क, वाराणसी का शहीद उद्यान नगर निगम, पटना का विज्ञान केंद्र, चेन्नई का अन्ना नगर में स्थित टॉवर पार्क, हैदराबाद का इंदिरा पार्क, लखनऊ का लोहिया पार्क, अहमदाबाद का परिमल गार्डन, और तिरुवनंतपुरम का नेपियर संग्रहालय शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री धामी के रोड शो में उमड़ा जन सैलाब

### गोपेश्वर को दी 229 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात

**गोपेश्वर,** 13 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को चमोली के एक दिवसीय दौरे पर रहे। वे सबसे पहले चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर पहुंचे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने बस स्टैंड गोपेश्वर से कार्यक्रम स्थल पुलिस मैदान तक रोड शो किया। मुख्यमंत्री के रोड शो में अपार जन सैलाब उमड़ा। जगह-जगह भारी संख्या में लोगों ने पुष्प वर्षा करते हुए उनका भव्य स्वागत किया। सीएम धामी के गोपेश्वर रोड शो में हजारों भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग जुटे। करीब एक किलोमीटर तक के रोड शो के दौरान सीएम धामी ने चमोली की जनता का अभिवादन किया और लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के पक्ष में वोट की अपील की। इस दौरान लोगों ने घरों की छतों से सीएम धामी पर फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने रोड शो में शामिल सभी लोगों का आभार जताया। सीएम धामी के साथ रोड शो में राज्यसभा सांसद एवं उत्तराखंड भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत, थराली विधायक भूपालराम टम्टा, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल पुलिस मैदान में मुख्यमंत्री धामी ने सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं के लाभार्थियों को समानित किया। जिसमें मत्स्य विभाग, विकास विभाग, अटल आवास योजना के लाभार्थी मुख्य रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जिले के लिए 229 करोड़ की विकास योजना का लोकार्पण और शिलान्यास किया।



# बंगाल में नहीं बनेगा डिटेंशन कैंप : ममता

## सीएए को लेकर भाजपा की सियासत पर भड़कीं मुख्यमंत्री

**कोलकाता,** 13 मार्च (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नागरिकता संशोधन कानून के मामले में केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार प्रदेश में एक भी डिटेंशन कैंप बनाने की इजाजत नहीं देगी। उन्होंने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर से जुड़ा हुआ है। यही कारण है कि वे इस कानून का मुखरता से विरोध कर रह हैं। टीएमसी सुप्रीमो ममता ने कहा कि असम की तर्ज पर वे बंगाल में डिटेंशन कैंप बनवाना नहीं चाहतीं। सीएम ममता ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव 2024 से पहले भाजपा सीएए का इस्तेमाल राजनीतिक हथकंडे के रूप में कर रही है। ममता ने सिलिगुड़ी में मीडिया के सामने कहा कि हमें जो भी कहना है जनता से कहेंगे। भाजपा कहती है कि हमें 400 सीटें मिलेंगी, लेकिन तृणमूल सब कुछ जनता पर छोड़ देती है। उन्होंने कहा कि जनता जिसे भी वोट देगी हम जनादेश स्वीकार करेंगे। ममता ने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि अगर भाजपा जबरदस्ती चुनाव कराएगी तो हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे।



सीएए का इस्तेमाल राजनीतिक हथकंडे के रूप में कर रही भाजपा : **ममता बनर्जी**

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने साफ किया है कि भारत में नागरिकता संशोधन कानून लागू होने के बाद नागरिकता पाना बहुत जटिल प्रक्रिया नहीं है। सरकार के मुताबिक किस देश से भारत आए हैं यानी कंट्री ऑफ ओरिजिन वाले सवाल का जवाब देने के लिए कुल नौ दस्तावेजों का सहारा लिया जा सकता है। गृह मंत्रालय के मुताबिक नागरिकता का आवेदन करते समय भारत में आने की तारीख साबित करने के लिए 20 दस्तावेजों में किसी का भी सहारा लिया जा सकता है। गौरतलब है कि ममता बनर्जी के भाई ने पश्चिम बंगाल में उम्मीदवारों के चयन को लेकर उनपर सवाल खड़े किए हैं। तृणमूल कांग्रेस के फैसले पर सवाल करने और पार्टी के खिलाफ बोलने के लिए बाई बाबुन बनर्जी पर निशाना साधते हुए ममता ने कहा कि उन्होंने भाई के साथ सभी रिश्ते तोड़ने का फैसला लिया है।

### निर्दलीय चुनाव नहीं लड़ेंगे स्वपन बनर्जी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भाई स्वपन बनर्जी उर्फ बाबुन ने आगामी लोकसभा चुनाव निर्दलीय लड़ने का फैसला किया था। इस फैसले से सीएम ममता बनर्जी आग बबूला हो गईं। उन्होंने बुधवार को अपने भाई से सभी संबंध तोड़ने की धमकी तक दे दी। हालांकि, इसके कुछ घंटों के बाद बाबुन का रुख नरम हो गया। स्वपन बनर्जी उर्फ बाबुन ने सुबह दावा किया था कि वह हावड़ा लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे। इस सीट से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पूर्व भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी प्रसून बनर्जी को मैदान में उतारा है। हालांकि, बाबुन बुधवार दोपहर अपने दावे से पीछे हट गए। स्वपन बनर्जी ने कहा, निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का फैसला वापस ले लिया गया है।

### उत्तराखण्ड में समान नागरिक संहिता लागू

# राष्ट्रपति ने यूसीसी विधेयक पर लगाई मुहर

**अमरनाथ तिवारी**

**देहरादून,** 13 मार्च (देशबन्धु)। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू हो गयी है। कुछ समय पूर्व ही प्रदेश की विधानसभा से यूसीसी बिल पारित होने के बाद राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा गया था। राष्ट्रपति की 11 मार्च को मिली मंजूरी के बाद विधायी एवं संसदीय विभाग ने मंगलवार को इस सम्बंध में अधिसूचना जारी कर दी। सीएम धामी ने कहा हम सभी प्रदेशवासियों के लिए यह अत्यंत हर्ष और गौरव का क्षण है कि हमारी सरकार द्वारा उत्तराखण्ड विधानसभा में पारित समान नागरिक संहिता विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपनी मंजूरी प्रदान की है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर प्रदेश में समान नागरिक संहिता कानून लागू होने से सभी नागरिकों को समान अधिकार मिलने के साथ ही महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न पर भी लगाम लगेगी। प्रदेश में सामाजिक समानता की सार्थकता को सिद्ध करते हुए समरसता को बढ़ावा देने में युनिफार्म सिविल कोड अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप हमारी सरकार नागरिकों के हितों के संरक्षण और उत्तराखण्ड के मूल स्वरुप को बनाए रखने के लिए संकल्पित है। उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। दरअसल, यूनिफॉर्म सिविल कोड का ड्राफ्ट तैयार किए जाने को लेकर गठित पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति ने 2 फरवरी को फाइनल ड्राफ्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंप दिया था। ऐसे में अब शनिवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान धामी कैबिनेट में इस पर मुहर लगाने के साथ ही 6 फरवरी को विधानसभा सत्र के पटल पर विधेयक रखा था। नियमावली बनते ही लागू करने वाला पहला राज्य होगा उत्तराखण्ड उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता के लागू होने के बाद शादी का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा।



अगर रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया तो उन्हें सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं दिया जाएगा। पति और पत्नी के जीवित रहते दूसरे विवाह पूरी तरह के प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा अगर शादीशुदा दंपति में से कोई एक बिना दूसरे की सहमति के अपना धर्म परिवर्तन करता है तो दूसरे व्यक्ति को उससे तलाक लेने और गुजारा भत्ते लेने का पूरा अधिकार होगा। सभी धर्मों में शादी की न्यूनतम उम्र युवकों के लिए 21 साल और युवतियों के लिए 18 साल निर्धारित की गई है। पति और पत्नी के बीच तलाक या घरेलू झगड़े के दौरान पांच साल तक के बच्चे की कस्टडी उसकी मां के पास ही रहेगी।

## हरिद्वार लोकसभा सीट पर प्रत्याशी को लेकर सस्पेंस बरकरार

**देहरादून,** 13 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों पर कांग्रेस और बीजेपी ने तीन-तीन उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। मंगलवार यानी 12 मार्च की शाम कांग्रेस ने टिहरी गढ़वाल, अल्मोड़ा और पौड़ी गढ़वाल सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार दिए हैं। लेकिन बीजेपी की तरह ही कांग्रेस ने भी हरिद्वार पर सस्पेंस बरकरार रखा है। उत्तराखंड की सबसे महत्वपूर्ण सीटों में से एक हरिद्वार पर दोनों ही पार्टियां बेहद सोच समझकर फैसला लेना चाहती हैं। दोनों ही पार्टियों के इस सस्पेंस से राजनीति में रुचि रखने वाले लोग अचरज में हैं कि आखिरकार इतना मंथन हरिद्वार पर क्यों हो रहा है। उत्तराखंड की सबसे महत्वपूर्ण लोकसभा सीट हरिद्वार को कहा जाता है। मौजूदा समय में रमेश पोखरियाल निशंक यहां से सांसद हैं। निशंक दो बार से सांसद बनते आ रहे हैं। रमेश पोखरियाल को मोदी सरकार में शिक्षा मंत्रालय दिया गया था।

## उत्तराखण्ड को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के प्रयास शुरू : धामी

**देहरादून,** 13 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए धामी सरकार ने अपने प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसी संबंध में बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने सरकारी आवास के कैंप कार्यालय पर देश के विभिन्न वेडिंग प्लानर्स के साथ वर्चुअली बैठक की। इस बैठक में मुख्यमंत्री के सचिव मीनाक्षी सुंदरम भी मौजूद रहे। इस दौरान सीएम धामी ने वर्चुअली बैठक में वेडिंग प्लानर्स के साथ लंबी चर्चा की। वेडिंग प्लानर्स ने सीएम धामी को कई तरह के सुझाव भी दिए। वहीं नए वेडिंग डेस्टिनेशन के बारे में चर्चा हुई। वेडिंग प्लानर्स ने इस दौरान सीएम धामी को बताया कि उन्हें प्रदेश में किसी तरह की समस्याएं आ रही हैं और वो सरकार से क्या चाहते हैं। सीएम धामी ने भी वेडिंग प्लानर्स को आश्वासन दिया कि वो उनके सभी सुझावों पर विचार करेंगे, ताकि उत्तराखंड एक बेहतर वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित हो सके। इस दौरान सीएम धामी ने कहा कि बीते साल आठ दिसंबर को उत्तराखंड सरकार ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया था, जिसमें देश के प्रमुख उद्योगपतियों ने शिरकत की थी। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पीएम मोदी ने किया था। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में उत्तराखंड सरकार के साथ निवेशकों ने करीब तीन लाख करोड़ रुपए के एमओयू साइन किए थे। सीएम धामी ने कहा कि तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वेडिंग डेस्टिनेशन के बारे में चर्चा की थी, जिसमें उन्होंने बड़े-बड़े उद्योगपति घरानों से अपील की थी।

> सीएम धामी ने भी वेडिंग प्लानर्स को आश्वासन दिया कि वो उनके सभी सुझावों पर विचार करेंगे

**राजनीति** | *जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव अनोखे होने की ओर अग्रसर*

# राजौरी-अनंतनाग संसदीय क्षेत्र बनेगा राजनीतिक युद्धा का मैदान

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 13 मार्च (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर में आगामी संसदीय चुनाव राजौरी-अनंतनाग निर्वाचन क्षेत्र को एक महत्वपूर्ण राजनीतिक युद्ध का मैदान बनाने के लिए तैयार हैं। अपने विविध भौगोलिक और सामाजिक-सांस्कृतिक परिदृश्यों के लिए मशहूर यह लोकसभा सीट जम्मू कश्मीर के राजनीतिक परिदृश्य में बदलती गतिशीलता को दर्शाती है।**

जम्मू-कश्मीर में 2024 के लोकसभा चुनाव अनोखे होने की ओर अग्रसर हैं। पहले छह लोकसभा सीटों वाला राज्य था और अब, जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिए जाने के साथ ही लोकसभा की पांच सीटें रह गई हैं। इतना जरूर था कि लद्दाख को उसके निर्वाचन क्षेत्रों की सूची से अलग करने से आम चुनावों का आकर्षण फीका पड़ने की उम्मीद है। हालांकि, आगामी मेगा चुनाव में जम्मू-कश्मीर का महत्व अपरिवर्तित है। यहां अधिकांश सीटें जीतना किसी भी राष्ट्रीय पार्टी के लिए बेहद गर्व की बात है, क्योंकि पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) जैसी स्थानीय पार्टियां आमतौर पर प्रमुख खिलाड़ियों के रूप में उभरती हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पूरे कश्मीर में मतदान कार्यालय स्थापित करके अपना अभियान शुरू किया है। पार्टी के महासचिव अशोक कौल ने हाल ही में अपने अनंतनाग कार्यालय का उद्घाटन किया, जो एक मजबूत शुरुआत का संकेत है। केंद्र शासित प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने हाल के दिनों में दक्षिण कश्मीर में आधा दर्जन से अधिक राजनीतिक रैलियों को भी संबोधित किया। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि भौगोलिक अलगाव के बावजूद, मई 2022 में कश्मीर के अनंतनाग निर्वाचन क्षेत्र को जम्मू के राजौरी और पुंछ जिलों के साथ विलय करने के परिसीमन आयोग के फैसले का उद्देश्य भाजपा के लिए कश्मीर में एक रास्ता बनाना था। एक राजनीतिक पर्यवेक्षक का कहना था कि एसटी के लिए विधानसभा सीटें आरक्षित करने के फैसले का अनंतनाग लोकसभा क्षेत्र पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।



■ चुनावों में परिसीमन से राजनीतिक समीकरण बदलने की उम्मीद

इस निर्वाचन क्षेत्र में अब राजौरी और पुंछ जिलों के सात विधानसभा क्षेत्रों में से छह शामिल हैं, जिनमें से पांच क्षेत्र वर्तमान में आरक्षित हैं। राजनीतिक आरक्षण सहित, गुज्जरों और बकरवालों को लुभाने के भाजपा के प्रयासों को अतीत में इन समुदायों के वरिष्ठ नेताओं से समर्थन मिला था। आगामी लोकसभा चुनावों पर नजर रखने वाले राजनीतिक पंडितों का कहना था कि अगर भाजपा अनंतनाग जीतने में सफल हो जाती है, तो यह कश्मीर प्रांत में पार्टी की पहली जीत होगी। वर्ष 2011 की जनगणना से संकेत मिलता है कि गुज्जर और बकरवाल आबादी, मुख्य रूप से मुस्लिम, पुंछ जिले में 43 प्रतिशत और राजौरी में 41 प्रतिशत शामिल है।

# प्रादेशिकी

## फर्रुखाबाद में विवाद में नशेड़ी युवक ने बड़े भाई को मार डाला

**फर्रुखाबाद,** 13 मार्च (देशबन्धु)। नशेड़ी भाइयों में विवाद के दौरान एक ने दूसरे को ही मार डाला। यह सनसनीखेज घटना कोतवाली कायमगंज के ग्राम रजपालपुर में की है। सायं घर में महाराज सिंह जाटव का 25 वर्षीय पुत्र रंजीत एवं छोटा बेटा गोलू उर्फ गोयल थे। दोनों भाइयों ने शराब की दावत उड़ाई किसी बात को लेकर दोनों भाइयों में विवाद हुआ। इसी दौरान गोलू ने बड़े भाई रंजीत पर गड़ासा एवं दराती से जानलेवा प्रहार किए जिससे रंजीत की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद लहूलुहान गोलू शरीर से खून साफ कर रहा था। यह देखकर पड़ोसियों ने पुलिस को जानकारी दी। घटना के समय महाराज सिंह अपनी साइकिल मरम्मत की दुकान पर थे। पुलिस ने गोलू को हिरासत में ले लिया।

# चीनी उत्पादों को बाजार से किया गया दूर : योगी

## मुख्यमंत्री ने एमएसएमई विभाग के कार्यक्रम को किया संबोधित

**लखनऊ,** 13 मार्च (देशबन्धु)। चीन के उत्पादों को हमने अपने मार्केट से बहुत दूर कर दिया है। यही हमारे एमएसएमई यूनिट्स की ताकत का परिणाम है। इससे बड़ा राष्ट्रवाद क्या हो सकता है, अगर हमारे घर का उत्पाद मार्केट में छा रहा है तो हमें भी उसे प्रोत्साहित करना होगा, प्रेरित करके प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना होगा। ये कितनी खुशी की बात है कि हमारा उत्पाद मार्केट में छा रहा है और दुश्मन देश का उत्पाद मार्केट से दूर होता जा रहा है। आज दीपावली, विजयदशमी, ईद और क्रिसमस पर यूपी के उत्पाद ही मार्केट में देखने को मिल रहे हैं। हमारा उत्पाद अच्छा तो होता ही है, साथ ही हमारे उद्यमियों और कारीगरों को भी लगता है कि उनका भविष्य उज्ज्वल है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही।



**अनलिमिटेड पोटेंशियल वाले राज्य को कुछ लोगों ने बीमारू बनाकर रखा था : योगी आदित्यनाथ**

### एमएसएमई क्षेत्र को 30,826 करोड़ का मेगा ऋण वितरित

इस दौरान उनहोंने एमएसएमई क्षेत्र के लिए 30,826 करोड़ का मेगा ऋण वितरण किया। साथ ही उन्नाव में स्वीकृत प्लेज पार्क के विकासकर्ताओं को सीएम योगी ने चेक वितरित किया। वहीं उन्होंने औद्योगिक आस्थानों में भूखंडों के आवंटन के लिए ऑनलाइन पोर्टल का भी शुभारंभ किया। सीएम योगी ने इस अवसर पर ओडीओपी एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत टूलकिट वितरित किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एमएसएमई विभाग को मार्केट की संपूर्ण मैपिंग कराते हुए डिमांड के अनुसार प्रोडक्ट उपलब्ध कराने पर विशेष जोर देना होगा। इसके साथ ही प्रोडक्ट की पैकेजिंग पर भी खास ध्यान देना होगा। अगर हमने ये काम कर लिया तो प्रदेश के स्थानीय उत्पादों को पूरे देश में छाने में बहुत देर नहीं लगेगी। उन्होने एमएसएमई उद्यमियों से भी अपील की कि रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के साथ तेजी से जुड़ें, जिससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम से जुड़े उद्यमियों की ट्रेनिंग की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जा सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के समापन के पहले एमएसएमई विभाग की ओर से लोन वितरण के विभिन्न कार्यक्रम हुए हैं। सीएम ने प्रसन्नता व्यक्त की कि इस वर्ष वितरित की गई राशि गत वर्ष की तुलना में दोगुना और बीते सात साल की अपेक्षा 10 गुना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि यह प्रगति यूपी के आर्थिक उन्नयन को तो प्रदर्शित करता ही है साथ ही युवाओं को रोजगार भी प्रदान कर रहा है। सीएम योगी ने बताया कि प्लेज पार्क से प्रदेश के 10 जनपद जुड़ चुके हैं। उन्नाव में बन रहे प्रदेश के 11वें प्लेज पार्क के लिए आज चेक वितरित हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएसएमई विभाग पिछले सात साल में प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के उद्यमियों के लिए नई आशा की किरण बनकर उभरा है। अपने अभिनव प्रयोग ओर नवाचार के कारण पीएम मोदी के आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में तेजी से आगे बढ़ा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नये भारत का नया उत्तर प्रदेश है। इसे लेकर बनी पुरानी धरणा को हमने अपने सामर्थ्य से बदला है। आज हमारा हर सेक्टर सभी को उत्तर दे रहा है। यूपी पहले भी अनलिमिटिड पोटेंशियल वाला राज्य था, मगर कुछ लोगों ने इसे बीमारू बना रखा था।

### लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री का शुक्रिया अदा किया

*मुख्यमंत्री के हाथों ऋण प्राप्त करने वाले लखनऊ के हामिद अली अंसारी ने बताया कि उन्हें प्लास्टिक मैनेजमेंट के लिए ऋण मिला है। उन्होंने सीएम योगी का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी वजह से मुझे अपना बिजनेस बढ़ाने में मदद मिली है। वहीं बाराबंकी के मोहम्मद इज़हार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि मुझे कोल्ड स्टोर के लिए लोन बिना किसी परेशानी के मिला है। इसके लिए मुख्यमंत्री का शुक्रगुजार हूं। सीएम योगी के हाथों सिलाई मशीन टूलकिट प्राप्त करने वाली आशा कुमारी ने भी मुख्यमंत्री का विशेष आभार जताया। इसके अलावा सुल्तानपुर रोड के मनोज कुमार ने कहा कि बिना किसी को एक भी पैसा खिलाए उन्हें 47 लाख रुपए का ऋण मिला है। इसके लिए मुख्यमंत्री का बहुत बहुत आभार।*

# विनायक विद्यापीठ में रूद्रा ग्रुप फैकेल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम आयोजित

## शिक्षकगणों को नैक व एनआईआरएफ के बारे में दी जानकारी



**मेरठ,** 13 मार्च (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ में इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल द्वारा एक रुद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के लिए फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर की गई। इस प्रोग्राम का विषय प्रिपरेशन फॉर एनएएसी एवं एनआईआरएफ रैंकिंग रहा। इस कार्यक्रम में वक्ता सीआरआईएसपी, उत्तर प्रदेश के फेलो दिव्या मालाकर एवं राहुल अब्रॉल रहे। जिनका स्वागत विनायक विद्यापीठ की प्राचार्या एवं निदेशक (एकेडमिक) रुद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की डॉ. अनुप्रिता शर्मा ने बुके देकर किया। इस दौरान निदेशक इंजी. विकास कुमार, डीन एकता सिंधु, इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल के हैड डॉ. आसिफ अली, रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, मवाना की प्राचार्या डॉ. उर्मिला मोरल, एकेडमिक डीन संजीत सिंह, रुचिका गुप्ता, रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, नानपुर की प्राचार्या डॉ. पूनम नागर, गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष मोनी, शांति निकेतन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की कानून विभागाध्यक्ष पायल बंसल, बीएड विभागाध्यक्ष गीता शर्मा एवं डॉक्यूमेंट्स विभाग से शिवम चौधरी मौजूद रहे। वक्ता द्वारा उपस्थित शिक्षकगणों को नैक और एनआईआरएफ के बारे में विस्तार से बताया विस्तार से बताया।

उन्होंने नैक और एनआईआरएफ क्या होता है, इसके किए क्या क्या डॉक्यूमेंट्स की जरूरत है है, इसके रजिस्ट्रेशन की क्या प्रक्रिया है, इसकी के साथ साथ इंस्टीट्यूट को क्या क्या फार्मलिटीज पूरी करनी पड़ती है, की जानकारी दी।

## सार संक्षेप

### क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेले आयोजित



**मेरठ।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के प्रांगण में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में वोडाफोन आईडिया लि. व एक्टाविन लाईफसाईन्सेस कंपनी द्वारा सेल्स मेन, सेल्स प्रमोटर व बिजनेस सेल्स एग्जीक्यूटिव पद हेतु साक्षात्कार लिया गया। रोजगार मेले में उपस्थित अभ्यर्थियों की मनीषा अत्री, जिला रोजगार सहायता अधिकारी, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय मेरठ, द्वारा कैरियर मार्ग दर्शन दिया गया। युवाओं को प्रेरित करते हुए बताया गया कि. यह सेवायोजन पोर्टल के माध्यम से दी जाने वाली सभी सेवाओं का लाभ उठाएं। राजू यादव व जय भगवान वरिष्ठ सहायक ने भी रोजगार मेले में उपस्थ्ति अन्यर्थियों की काउन्सिलिंग की। साथ ही साथ कंपनी के एचआर ने अपनी कम्पनी की रिक्तियों एवं कार्यों से सम्बन्धित विस्तार से जानकारी दी। उद्घाटन के उपरान्त 02 कम्पनियों द्वारा 54 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार कर 11 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया।

### गंगा एक्सप्रेसवे को बुंदेलखंड से एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा



**फर्रुखाबाद।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा में घोषणा की कि फर्रुखाबाद को एक्सप्रेसवे से जोड़ने के साथ ही गंगा एक्सप्रेसवे को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। यह विचार क्रिश्चियन इंटर कल ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा। योगी ने पूर्व सपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि समाजवादी सरकार में राम भक्तों पर गोलियां दागी जाती थी। हमारी सरकार ने राम भक्तों को फ्री में भगवान के दर्शन कराए। 500 साल बाद भगवान राम का भव्य मंदिर बन रहा है।उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए पूरे प्रदेश में फर्रुखाबाद से ही नई योजना का शुभारंभ किया गया है जिससे अब किसानों को तुरंत ही किसान क्रेडिट कार्ड का लोन मिल जाएगा। सभी किसानों के खातों को आधार कार्ड से लिंक कर दिया गया है।

### प्रणाम से सुधर जाते हैं परिणाम : भावभूषण

**मवाना/हस्तिनापुर।** प्राचीन गंगा नदी किनारे स्थित कैलाश पर्वत दिगम्बर जैन मन्दिर में विश्व की सुख-शान्ति-समृद्धि के लिये 48 दिवसीय भक्तामर विधान पाठ के 25वें दिन सर्वप्रथम विधानाचार्य सुदीप शास्त्री ने मांगलिक मन्त्रों से क्रियाओं का शुभारम्भ किया। तदोपरांत भगवंतो का स्वर्ण कलश अभिषेक अभय कुमार जैन, विहान जैन वाशिम और शान्तिधारा करने का सौभाग्य सुशील जैन, सौरभ, शैलेष, स्वराज जैन को प्राप्त हुआ। अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले दीप का प्रज्जवलन सीमा जैन ने किया। बा.ब्र. सुनीता दीदी ने विश्व के सभी जीव सुखी रहें ऐसी मंगल भावना के साथ शान्तिधारा का उच्चारण किया। बुधवार को विधान के मध्य आयोजित धर्म सभा में गुरूवर 108 भावभूषण मुनिराज ने अपने मंगल उद्बोधन में कहा कि- प्रणाम करने से परिणाम सुधर जाते हैं।

# शोभित सम विश्वविद्यालय ने निकाली उमंगभरी रैली

**मेरठ,** 13 मार्च (देशबन्धु)। मेरा पहला वोट-देश के लिए श्रृंखला के अन्तर्गत शोभित सम विश्वविद्यालय के उत्साही विद्यार्थीगण ने विश्वविद्यालय परिसर व उसके आसपास के क्षेत्र में एक उमंगभरी रैली का आयोजन किया। रंग-बिरंगे प्लेकार्डस और जोशिले किन्तु सार्थक नारों के साथ उन्होंने सरकार के गठन में निर्वाचक जनता की महती भूमिका और उनके मताधिकार के महत्व को रेखांकित करते हुए अपनी आशाओं और आदर्शों का प्रतिनिधित्व करने वाली सशक्त सरकार का चुनाव करने की मतदाताओं की सोच को जाग्रत करने का प्रभावी प्रयास किया। रैली के आयोजन मे प्रोफेसर विजय माहेश्वरी तथा विधि संकाय के शिक्षार्थी रूबी कुमारी, तनीशा साहू, नीरव कुमार, वीथिका गोयल, तथा गार्गी उपाध्याय ने महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया तथा कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रोफेसर डाक्टर पल्लवी जैन के मार्गदर्शन मे एलएलबी की छात्रा सृष्टि गुप्ता ने किया।



## डीएम ने राजनीतिक दल प्रतिनिधियों संग की बैठक

# चुनाव आचार संहिता की दी गई जानकारी

**मेरठ,** 13 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में राजनीतिक दल के लिए चुनाव आचार संहिता का अनुपालन किए जाने एवं चुनाव के दौरान आने वाली समस्याओं के दृष्टिगत समस्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई।

बैठक में, चुनाव के दौरान जनसभा, जुलूस, रैली, प्रचार सामग्री वाहनपास, इत्यादि गतिविधियों के लिए परमिशन सहित चुनाव आचार संहिता की बिंदुवार जानकारी दी गई। राजनीतिक दल प्रतिनिधियों द्वारा इस संबंध में विभिन्न बिंदुओं पर सुझाव प्रस्तुत किए गए । जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि दिए गए है। चुनाव आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप ही कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी तथा परमिशन इत्यादि की सरल एवं सुलभ व्यवस्था बनाते हुए निर्वाचन कार्यों को राजनीतिक दलों के साथ समन्वय के साथ संपन्न कराया जाएगा। वहीं लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष पारदर्शी व सकुशल संपन्न कराए जाने की तैयारियों के दृष्टिगत कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि समस्त एसडीएम सीओ अपने स्तर पर बूथ ,थाना इत्यादि की निर्वाचन से संबंधित समीक्षा बैठक करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित कर ले तथा अपने अधीनस्थ टीम कर्मियों को चुनाव आचार संहिता अनुपालन से बिंदुवार अवगत करा दे।

■ **अनुपालन हेतु अधिकारियों को किया गया प्रशिक्षित**

### आचार संहिता के अनुपालन को अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया

इसी क्रम में जिला पंचायत सभागार में निर्वाचन के दौरान चुनाव आदर्श आचार संहिता का अनुपालन किए जाने विषयक, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। मेरठ विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अभिषेक पांडे द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू होने पर अधिकारियों द्वारा अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने हेतु विस्तृत एवं बिंदुवार जानकारी देते हुए प्रशिक्षित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी तथा अलग-अलग टीमों में लगे अधिकारी अपने कार्यों से संबंधित जानकारी को भली भांति अध्ययन कर लें।

# मास्टर ट्रेनरों को दिया गया प्रशिक्षण

**मेरठ,** 13 मार्च (देशबन्धु)। विकास भवन सभागार में सामान्य निर्वाचन- 2024 के दृष्टिगत मास्टर ट्रेनरों को चुनाव में कार्मिकों को दी जाने वाली ट्रेनिंग के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि मतदान कार्मिकों की ट्रेनिंग काफी अहम होती है,इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। सभी मास्टर ट्रेनर निर्वाचन आयोग की बुकलेट का गहनता से अध्ययन कर लें। मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम के संचालन से लेकर वीवीपैट के बारे में भी पूरी जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला, श्रुति शर्मा, डीडीओ अंबरीश कुमार, जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार सिंह व मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

# ट्रांसलम एकेडमी बना विश्व रिकार्ड का हिस्सा

## प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों ने रद्दी कागज को एकत्र कर संस्था का किया सहयोग

**मवाना,** 13 मार्च (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने वाली संस्था ब्लू प्लैनेट एनवायर्नमेंटल सॉल्यूशन द्वारा गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड के लिए चलाई गई मुहिम वेस्ट टू वेल्थ के अन्तर्गत आयोजित प्रतियोगिता में ट्रांसलम एकेडमी ने प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों ने रददी कागज को एकत्र कर उसे रिसाइक्लिंग करने के गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में संस्था का सहयोग किया। 29 अक्टूबर को दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में एकेडमी के बच्चों ने भाग लेते हुए 24 घंटे में 437.975 किग्रा रददी एकत्र करके गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में सहयोग किया। संस्था पदाधिकारी मंगलवार को यूनाईटेड किंगडम से स्कूल के नाम जारी गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड का प्रमाण पत्र लेकर स्कूल पहुंचे और यह खुशखबरी साझा की। उन्होंने स्कूल को प्रतिभाग प्रमाण पत्र सौंपा और इस रिकार्ड में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। प्रधानाचार्य धीरज आर्य ने बताया कि यह स्कूल और छात्रों के लिए न केवल रिकार्ड तोड़ने में भाग लेने का बल्कि एक हरित दुनिया के निर्माण में योगदान देने का अद्भुत अवसर था जिसमें एकेडमी ने जिम्मेदारी से अपनी भूमिका निभाई और बच्चों को भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए प्रेरित किया।



विद्यालय चौयरमैन सीमांत जैन ने कहा कि यह प्रयास पर्यावरण और मानवता के हित में स्कूल परिवार की सकारात्मक सोच का परिणाम है जिसके लिए प्रधानाचार्य, विधार्थी तथा समस्त स्टाफ बधाई का पात्र है।

# चौधरी चरण सिंह विवि में लगेगा रोजगार मेला

**मेरठ,** 13 मार्च (देशबन्धु)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला के निर्देशन में एवं रोजगार प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रोफेसर शैलेंद्र सिंह गौरव की अध्यक्षता में रोजगार प्रकोष्ठ द्वारा आगामी 15 एवं 16 मार्च को एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न क्षेत्र से 15 से 16 कंपनियां प्रतिभाग कर रही है। रोजगार प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रोफेसर शैलेंद्र सिंह गौरव के अनुसार यह रोजगार मेला चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से संबंधित महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जा रहा है। इसमें देश की विभिन्न कंपनिया, कॉरपोरेट सेक्टर, जिसमे एन टी पी एल, सेटपा, टाइम्स प्रो, एन आई आई टी लिमिटेड, निंबुस, आईसीआईसीआई बैंक, एलआईसी आदि भाग ले रही है। रोजगार प्रकोष्ठ के सह समन्वयक डॉक्टर लक्ष्मण नागर ने भी जानकारी दी।

# एएसपीजी में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित



**मवाना,** 13 मार्च (देशबन्धु)। नगर स्थित एएसपीजी कालिज में बुधवार को अन्तर संकाय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन वाणिज्य संकाय व विज्ञान संकाय के मध्य 20-20 क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. अरूण कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बैट से बॉल को हिट कर किया। विज्ञान संकाय ने टॉस जीतकर पहले फिल्डिंग करने का निर्णय लिया। वाणिज्य संकाय ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दस विकेट के नुकसान पर 136 रन बनाये। वाणिज्य संकाय की ओर से सर्वाधिक 45 रन खुशखेरा ने बनाए व अंशु सूद ने 36 रन का सहयोग दिया। विज्ञान संकाय की ओर से अक्षय कुमार ने चार विकेट व रितिक मावी ने तीन विकेट लिए। विज्ञान संकाय ने 19.5 ऑवर में एक गेंद शेष रहते हुए नौ विकेट के नुकसान पर 137 रन बनाते हुए एक विकेट से मैच जीत लिया। विज्ञान संकाय की ओर से रितिक मावी ने सर्वाधिक 36 रन व मौ. शाह हुसैन ने नाबाद 18 रन बनाए।


वाणिज्य संकाय की ओर से कुशाग्र, अक्षित सूद व रोहित ने दो-दो विकेट लिए। इस तरह से विज्ञान संकाय ने 20-20 क्रिकेट मैच एक विकेट से जीत लिया। डा. नीतू सिंह व अजय सिंह धामी क्रिकेट मैच के अम्पायर रहे व नवीन कुमार मैच स्कोरर रहे।

## आयोजन — गुरुकुल चोटीपुरा में चतुर्थ राष्ट्रीय महिला योगासन चौम्पियनशिप का हुआ समापन

# बेटों से अधिक मेडल जीतकर देश का गौरव बढ़ा रहीं बेटियां : त्यागी

**मेरठ, 13 मार्च (देशबन्धु)। खेल मंत्रालय एवं स्पोर्ट्स अथोरिटी ऑफ इण्डिया एवं राष्ट्रीय योगा आयोग के संयुक्त तत्वावधान में उ.प्र. योगासन फेडरेशन द्वारा आठ मार्च से 13 मार्च तक चली इस राष्ट्रीय चौम्पियनशिप में (29) राज्यों के अलग-अलग वर्गों में 582 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। चतुर्थ सीनियर महिला नेशनल योगासन चौंपियनशिप के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित योगासन भारत के महासचिव डॉक्टर जयदीप आर्य ने प्रात: काल में सबसे पहले गुरुकुल चोटीपुरा में डॉक्टर सुमेधा आर्य एवं गुरुकुल के समस्त छात्रों के साथ यज्ञ किया उसके बाद सभी योगासन एथलीटों के साथ योग सत्र का प्रारंभ किया।**

महासचिव द्वारा सभी एथलीटन को मेडल देकर पुरस्कृत किया साथ ही साथ सभी कोच, मैनेजर एवं टेक्निकल ऑफिसियल को भी सम्मानित किया गया। इस सफल कार्यक्रम के लिए जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन अमरोहा के सभी सदस्यों को सम्मानित किया गया तथा कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नमामिगंगे के सभी वालिंटियर का मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर उनको धन्यवाद किया गया। वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय के प्रो. चांसलर डॉ.राजीव त्यागी के द्वारा सभी खिलाड़ियों एवं टेक्निकल ऑफिसियल को वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय की तरफ से गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति एवं किक बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इण्डिया (खेल मंत्रालय) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. राजीव त्यागी ने चौम्पियन लीग के आयोजकों के साथ मिलकर विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि आज आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी के 'नारी शक्ति वंदन', बेटी-बचाओ, बेटी-पढ़ाओ, बेटी-खिलाओ जैसी शानदार योजनाओं से "महिला सशक्तिकरण" देश में अपने चरम पर है। आज राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतिस्प्रधाओं में देश की बेटियां पदक तालिका में बेटों से अधिक मेडल जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाने का काम कर रहीं हैं। गुरुकुल चोटीपुरा स्वंय "महिला सशक्तिकरण" का जीवन्त हस्ताक्षर है। इस अवसर पर डॉ. सुमेधा आर्य, वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय के प्रो. चांसलर डॉ. राजीव त्यागी, आनंद डिग्री कॉलेज के चेयरमैन नेमपाल सिंह, योगासन भारत के कोषाध्यक्ष रचित कौशिक, उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन के सचिव रोहित कौशिक, पीयूष कांत मिश्रा, जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन अमरोहा के जिला अध्यक्ष जोगिन्द्र सिंह, सचिव नौबहार सिंह, जिला उपाध्यक्ष पुरुजीत सिंह, संयुक्त सचिव पूनम शर्मा एवं सचिन चौधरी कोषाध्यक्ष कोमल, गौरव धारीवाल, आदि उपस्थित रहे।



■ **29 राज्यों के 582 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग**

■ **सभी एथलीटन को मेडल देकर किया गया पुरस्कृत**

# सीसीएस विश्वविद्यालय में हुई कार्यशाला

**मेरठ,** 13 मार्च (देशबन्धु)। विधि अध्ययन संस्थान, चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय मूट कोर्ट टूल्स एवं टेकनीक था। कार्यशाला का उद्घाटन संस्थान के समन्वयक डॉ. विवेक कुमार ने किया। कार्यशाला में मूट कोर्ट का प्रयोगात्मक प्रदर्शन किया गया। कार्यशाला में मूट कोर्ट की विभिन्न तकनीकों और उसके संचालन के बारे में संस्थान के अध्ययनरत विद्यार्थियों को जानकारी दी गयी।

डा. विवेक कुमार द्वारा अध्यक्षीय उदबोधन में विद्यार्थियों को बताया गया कि मूट कोर्ट विधि अध्ययन में एक महत्वपूर्ण व सभी विद्यार्थियों के लिए आवश्यक गतिविधि है।



# यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

## निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर...




**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री,
उत्तर प्रदेश

# परियोजनाओं का हो रहा विकास 07 वर्षों में रचा इतिहास

**नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'**
मंत्री, औद्योगिक विकास
उत्तर प्रदेश सरकार

- **औद्योगिक भूखण्डों का आवंटनः** प्राधिकरण ने कलस्टर आधारित उद्योगों के विकास हेतु प्रभावी कार्यवाही की है। प्राधिकरण के औद्योगिक सेक्टरों में MSME पार्क, टॉय सिटी एवं हैण्डीक्राफ्ट पार्क एवं अपैरल पार्क का विकास किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017 से 1 दिसम्बर 2023 तक कलस्टर आधारित औद्योगिक पार्कों एवं मिश्रित भू-उपयोग में कुल 2101 औद्योगिक ईकाईयों की स्थापना हेतु भूमि का आवंटन किया गया है। इन उद्योगों के स्थापना से प्राधिकरण क्षेत्र में लगभग 30652.19 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त होगा तथा 355689 लोगों को रोजगार की प्राप्ति होगी।
- **मेडिकल डिवाईस पार्कः** भारत सरकार की योजना के अन्तर्गत मेडिकल डिवाईस पार्क की स्थापना यमुना एक्सप्रेस प्राधिकरण द्वारा सेक्टर-28 में की जा रही है। परियोजना की कुल लागत रु. 439.40 करोड़ (भूमि लागत को छोड़कर) है। मेडिकल डिवाईस पॉलसी के अन्तर्गत रु. 100 करोड का ग्रान्ट भारत सरकार द्वारा दिया जाना है जिसके सापेक्ष रु. 30 करोड़ प्राप्त हो चुके हैं। मेडिकल डिवाईस पार्क में इकाईयों की स्थापना के लिए भारत सरकार द्वारा सैद्धान्तिक अनुमति में वर्णित विशेष प्रोत्साहन लाभ प्रदान करने हेतु फार्मास्यूटिकल मैन्यूफैक्चरिंग नीति-2018 (यथा संशोधित) के प्रस्तर-12.5 के तहत प्रस्ताव पर मा. मंत्री परिषद् द्वारा दिनांक 14.06.2022 को अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। Scheme For Promotion of Medical Devices Park के अनुसार मेडिकल डिवाइस पार्क योजना 02 वर्ष में क्रियान्वित की जानी है। मेडिकल डिवाईस पार्क योजना के अन्तर्गत फेज-1 में 37 एवं फेज-2 में 25 भूखण्डों का आवंटन हो चुका है। इस योजना में लगभग 3800 करोड़ का निवेश प्राप्त होगा साथ ही 15000 रोजगार का सृजन होगा।
- **इन्टरनेशनल फिल्म सिटीः** उ.प्र. में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की फिल्म सिटी के स्थापना की उ.प्र. शासन की परिकल्पना ने लिया आकार। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के विकसित क्षेत्र में 230 एकड़ में फिल्म सिटी की स्थापना हेतु निर्माता निर्देशक बोनी कपूर एवं भूटानी इंफ्रा सफल निविदाकार रहे।
- **नोयडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट, जेवरः** नॉयडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर नागरिक उड्डयन विभाग, उ.प्र. शासन की पी.पी.पी. मोड पर आधारित परियोजना है। इसका विकास प्राधिकरण के मास्टर प्लान क्षेत्र इन्टरनेशनल एयरपोर्ट एण्ड एविएशन हब के अन्तर्गत 1334 हेक्टेयर क्षेत्र में जेवर के निकट किया जा रहा है। इस हेतु 1334 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है तथा भारत सरकार की विभिन्न एजेंसियों से सभी प्रकार की एन.ओ.सी. एवं इन्वारयमेंट क्लीरेन्स प्राप्त हो चुका है। ग्लोबल बिडिंग प्रकिया से Zurich Airport International AG का चयन कंसेशनायर/ विकासकर्ता के रूप में किया गया है। समस्त भूमि का कब्जा विकासकर्ता को प्रदान किया जा चुका है तथा विकास हेतु Master Plan एवं Development Plan अनुमोदित किया जा चुका है। वर्तमान में विकासकर्ता Yamuna International Airport Pvt. Ltd. जो Zurich Airport International AG की SPV है के द्वारा Terminal Building, रनवे, ATC Building के निमार्ण कार्य किया जा रहा है। प्रथम चरण में 12 मिलियन यात्रियों के लिए एयरपोर्ट का निर्माण होगा जिसमें रु. 5730 करोड़ की धनराशि कम्पनी द्वारा व्यय की जाएगी। एयरपोर्ट की स्थापना से औद्योगिक अवस्थपना का संरचनात्मक विकास होगा, जिससे रोजगार के अवसर बढेगें, विनिर्माण एवं निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा तथा हवाई यातायात सुगम होगा साथ ही पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।
- **हेरीटेज सिटीः** राया नगरीय केन्द्र (वृन्दावन) प्राधिकरण की महायोजना में शासन द्वारा अनुमोदित है, जहाँ प्राधिकरण द्वारा हेरीटेज सिटी के रूप में विकास किये जाने की योजना है। इसके अध्ययन हेतु M/s CBRE South Asia Pvt. Ltd. को परामर्शदाता के रूप में चयन किया गया है। ब्रज विकास परिषद के सुझाव पर इसका विकास श्री बांकेबिहारी मंदिर के समीप ग्रीनफील्ड एरिया में किया जाएगा जहाँ पर पूर्व से ही भगवान श्रीकृष्ण से सम्बन्धित कई पौराणिक स्थल मौजूद हैं। इस योजना में यमुना एक्सप्रेसवे से श्री बांकेबिहारी मन्दिर हेतु ग्रीनफील्ड कनेक्टविटी प्रदान की जाएगी साथ ही रिवर फ्रन्ट, योग केन्द्र, प्रार्थना स्थल आदि का भी विकास हेरीटेज सिटी में सम्मिलित है। इसका DPR कंसलटेन्ट द्वारा तैयार किया जा रहा है। DPR के अनुमोदन के उपरान्त विकासकर्ता का चयन पी.पी.पी. मोट पर किया जाएगा।
- **डेटा सेन्टर पार्कः** सैक्टर-28 में डेटा सेन्टर पार्क 100 एकड़ में विभिन्न आकार के 10 भूखण्डों के आवंटन की योजना लायी गयी है। डेटा सेन्टर पार्क और एविएशन हब के बीच की दूरी 2.5 कि.मी. है।
- **लॉजिस्टिक पार्कः** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में टप्पल-बाजना नगरीय केन्द्र के रूप में महायोजना में उ.प्र. शासन द्वारा अनुमोदित किया गया हैं लॉजिस्टिक पार्क का विकास टप्पल-बाजना नगरीय केन्द्र में प्रथम चरण के रूप में विकसित किया जाना है। Deloitte Touche Tohmatsu India LLP को इस के अध्ययन हेतु परामर्शतादा नियुक्त किया गया है। जेवर एयरपोर्ट की स्थापना के दृष्टिगत लॉजिस्टिक हब की सम्भावित मांग के दृष्टिगत इसका विकास किया जाना है। परामर्शताता Deloitte द्वारा डीपीआर बनाया जा चुका है जिसे प्राधिकरण बोर्ड में दिनांक 24.08.2022 को फेज-1 (205एकड़) का अनुमोदन प्रदान किया है इसका विकास पी.पी.पी. मोड पर UP P.P.P. Guidelines 2016 के प्रावधानों के क्रम में किया जायेगा।
- **ग्रामों का सेक्टरों की तर्ज पर स्मार्ट विलेज के रूप में विकासः** प्रथम फेज में प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित क्षेत्र के कुल 29 औद्योगिक नगरों को स्मार्ट विलेज के रुप में विकसित किया जाना प्रस्तावित है। 02 औद्योगिक नगरों निलौनी एवं रामपुर बांगर का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। 06 औद्योगिक नगरों (मिर्जापुर, डूँगरपुर रीलका, अच्छेजा बुजुर्ग, सलारपुर, रूस्तमपुर, मूंजखेड़ा एवं चपरगढ़ माजरा - मिर्जापुर) में कुल रु.5209.27 लाख के विकास कार्य प्रगति में हैं। मुरादगढ़ी व गुनपुरा के कार्य की निविदा स्वीकृति हो चुकी है, जिसके सिविल कार्य की लागत रु. 725.79 लाख है। 07 औद्योगिक नगरों के प्राक्कलन तैयार कर प्रक्रियाधीन है। शेष 12 औद्योगिक नगरों के प्राक्कलन तैयार किया जाना प्रस्तावित है।
- **प्राधिकरण के 96 औद्योगिक नगरी क्षेत्रों के अन्तर्गत स्कूलों के कायाकल्प के कार्यः** ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों को अवस्थापना सुविधाओं से संतृप्त कराये जाने हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कराये गये सर्वे में 14 मानकों के अन्तर्गत 89 प्राईमरी स्कूल तथा 34 जूनियर हाई स्कूल में कार्य प्रगति में है।
- **अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयः** प्राधिकरण सीमा के अन्तर्गत आने वाले 15 विद्यालयों की सूची तैयार कर प्रस्तुत की गयी है, जिसमें नयी शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप At Grade Learning की अवधारणा के



आधार पर उक्त चिन्हित विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को विश्वस्तरीय एवं आधुनिक अवस्थापना सुविधाओं के साथ बेहतर शैक्षणिक परिवेश में शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य परिषदीय कम्पोजिट विद्यालयों को अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के रूप में उच्चीकृत किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। इसके अन्तर्गत विद्यालय में 05 कक्षों से युक्त 01 एकीकृत भवन का निर्माण किया जाएगा, जहाँ निम्नलिखित आधुनिक अवस्थापना सुविधाओं का विकसित किया जाएगाः

- Library with dedicated reading Corner
- Computer lab with language lab solution
- Modular composite (Math & Science) laboratory
- High-tech Smart class by interactive display smart board with virtual class room
- Staff room with attached toilet

अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप डिजिटल शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के उद्देश्य से बच्चों को डिजिटल एजुकेशन प्लेटफार्म एवं डिजिटल लर्निंग के माध्यम से गुणवत्तापरख शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आधुनिक स्मार्ट क्लास शैटअप को भी तैयार किया जायेगा । प्राधिकरण द्वारा कुल 12 विद्यालयों को दो चरणों में अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों के रूप में विकसित किये जाने की कार्यवाही गतिमान है।

Yamuna Expressway Industrial Development Authority
YEIDA
FUTURE IS HERE

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉपलेक्स, पी-2, सैक्टर ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा 201308, जनपद-गौतमबुद्ध नगर

Tolfree No.: 1800 180 8296 वेबसाईटः www.yamunaexpresswayauthority.com

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| आईटीसी | 4.49 प्रतिशत |
| आईसीआईआई बैंक | 0.59 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.44 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.33 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.01 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 7.28 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 6.67 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 5.87 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 4.28 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 3.32 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 65425 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 73100 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 850 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे। जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## पीएम मोदी ने तीन चिप संयंत्रों की रखी आधारशिला

**अहमदाबाद,** 13 मार्च (एजेंसियां)। देश को वैश्विक सेमीकंडक्टर हब बनाने के सपने को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 1.25 लाख करोड़ रुपए की तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की आधारशिला रखी। केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी के बाद इन परियोजनाओं के शिलान्यास में सिर्फ 15 दिन लगे।

**भारता का सेमीकंडक्टर हब बनने की ओर बड़ी छलांग**

इंडियाज टेकेड चिप्स फॉर विकसित भारत कार्यक्रम में देश भर से आए हजारों छात्रों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने इसे उज्ज्वल भविष्य की ओर एक बड़ी छलांग बताया। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक दिन भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर केंद्र बनने में मदद करेगा। मैं इस महत्वपूर्ण अवसर पर सभी नागरिकों को बधाई देता हूं। साठ हजार से अधिक कॉलेज, विश्वविद्यालय और संस्थान वस्तुत: इस कार्यक्रम का हिस्सा हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हाई-एंड चिप्स के बिना 21वीं सदी की कल्पना नहीं की जा सकती है और



**हाई-एंड चिप्स के बिना 21वीं सदी की कल्पना नहीं की जा सकती है और देश इंडस्ट्री 4.0 क्रांति में सभी स्पेक्ट्रम में सेमीकंडक्टर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा : नरेंद्र मोदी**

देश इंडस्ट्री 4.0 क्रांति में सभी स्पेक्ट्रम में सेमीकंडक्टर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

केंद्रीय संचार और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 1962 से देश में सेमीकंडक्टर बनाने की योजना चल रही है लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। अब, एक वर्ष के भीतर, हम चार सेमीकंडक्टर संयंत्रों (पिछले साल सितंबर में गुजरात के साणंद में माइक्रोन संयंत्र सहित) के भूमि-पूजन समारोह के साक्षी रहे हैं। यह केवल पीएम मोदी के आत्मनिर्भर भारत मिशन से ही संभव था।

प्रधानमंत्री ने गुजरात के धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र (डीएसआईआर) में सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र; असम के मोरीगांव में आउटसोर्स सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (ओएसएटी) संयंत्र; और गुजरात के साणंद में ही एक और ओएसएटी संयंत्र की आधारशिला रखी।

### पीएम मोदी वंचित वर्गों के एक लाख उद्यमियों को देंगे ऋण सहायता

**योजना का उद्देश्य समाज के सबसे वंचित वर्गों का उत्थान**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार शाम चार बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण (पीएम-सूरज) राष्ट्रीय पोर्टल का शुभारंभ करेंगे और देश के वंचित वर्गों के एक लाख उद्यमियों के लिए ऋण सहायता स्वीकृत करेंगे।

प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और स्वच्छता कार्यकर्ताओं तथा वंचित समूहों के विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत भी करेंगे। उनका एक जनसभा को भी संबोधित करने का कार्यक्रम है। पीएम-सूरज राष्ट्रीय पोर्टल का उद्देश्य वंचित वर्गों को आसान ऋण सहायता प्रदान करना है। यह एक परिवर्तनकारी पहल है, जिसका उद्देश्य समाज के सबसे वंचित वर्गों का उत्थान करना है। देश भर में पात्र व्यक्तियों को बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी)-सूक्ष्म वित्त संस्थानों (एमएफआई) और अन्य संगठनों के माध्यम से ऋण सहायता प्रदान की जाएगी। प्रधानमंत्री कार्यक्रम के दौरान मशीनी स्वच्छता व्यवस्था के लिए राष्ट्रीय कार्रवाई (नमस्ते) योजना के अंतर्गत सफाई मित्रों (सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों) को आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड और पीपीई किट भी वितरित करेंगे। यह पहल चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करने वाले अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा की दिशा में एक और महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम में देश भर के 500 से अधिक जिलों के विभिन्न सरकारी योजनाओं के वंचित समूहों के लगभग तीन लाख लाभार्थी भाग लेंगे।

## पेटीएम फास्टैग यूजर्स 15 मार्च से पहले बदलें बैंक

**15 मार्च के बाद बैलेंस को रिचार्ज या टॉप-अप नहीं कर पाएंगे**

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (एजेंसियां)। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने बुधवार को पेटीएम फास्टैग यूजर्स को 15 मार्च से पहले किसी अन्य बैंक से जारी नया फास्टैग खरीदने की सलाह दी।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि इससे नेशनल हाईवे पर यात्रा करते समय जुर्माना या किसी डबल शुल्क से बचने में मदद मिलेगी।

पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर बैन के संबंध में आरबीआई से जारी दिशानिर्देशों के अनुसार, पेटीएम फास्टैग यूजर्स 15 मार्च के बाद बैलेंस को रिचार्ज या टॉप-अप नहीं कर पाएंगे। हालांकि, यूजर्स तय तारीख के बाद टोल का भुगतान करने के लिए अपने मौजूदा बैलेंस का उपयोग कर सकते हैं।

मंत्रालय ने कहा कि पेटीएम फास्टैग से संबंधित किसी भी अन्य सवाल या मदद के लिए यूजर्स अपने संबंधित बैंकों तक पहुंच सकते हैं। इसके अलावा यूजर्स इंडियन हाईवे मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (आईएचएमसीएल) की वेबसाइट पर दिए गए अक्सर पूछे जाने वाले सवालों को देख सकते हैं।




**नेशनल हाईवे पर यात्रा करते समय जुर्माना या किसी डबल शुल्क से बचने में मदद मिलेगी : एनएचएआई**

एनएचएआई ने सभी पेटीएम फास्टैग यूजर्स से पूरे देश में नेशनल हाईवे पर बिना किसी रुकावट के यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाने की अपील की है।

पिछले महीने, केंद्रीय बैंक ने नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) से पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का उपयोग करने वाले ग्राहकों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा था

## सूरजमुखी तेल, पाम ऑयल व अरहर दाल सस्ती

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सूरजमुखी



तेल और पाम ऑयल के भाव गिर गए तथा अरहर दाल भी सस्ती हो गई वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा। **तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 45 रिंगिट की बढ़त लेकर 4245 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायद 0.33 सेंट की तेजी के साथ 48.15 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान सूरजमुखी तेल 74 रुपए और पाम ऑयल 34 रुपए प्रति क्विंटल उतर गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में अरहर दाल में 300 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा।

## दवाओं व मेडिकल उपकरण के मूल्य निर्धारण में सुधार जल्द

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (एजेंसियां)। भारत में दवाओं व मेडिकल उपकरणों की कीमत निर्धारण के नियमों में जल्द सुधार देखने को मिल सकता है। केंद्र सरकार ने मूल्य निर्धारण ढांचे में सुधार पर सुझाव देने के लिए समिति का गठन किया है। उद्योग जगत के सूत्रों ने बताया कि नए औषधि मूल्य नियंत्रण आदेश पर काम हो रहा है, क्योंकि मौजूदा डीपीसीओ 2013 से लागू है और यह 11 साल पुराना हो चुका है। एक सूत्र ने कहा कि समय-समय पर मूल्य निर्धारण को लेकर नियमों की समीक्षा की जाती है, जिससे उन्हें उद्योग व उपभोक्ता दोनों के लिए

**केंद्र सरकार ने गठित की तीन सदस्यों की कमेटी**



**यह एक नियमित कवायद है, जो समय-समय पर की जाती है और एक जिम्मेदार उद्योग के रूप में हम सकारात्मक इनपुट देंगे : विरंची शाह**

प्रासंगिक बनाया जा सके। मार्च में जारी एक अधिसूचना में औषधि विभाग ने कहा है कि अधिकृत प्राधिकारी की मंजूरी के बाद औषधि एवं मेडिकल उपकरणों के मूल्य निर्धारण ढांचे में सुधार के लिए समिति का गठन किया गया है। डीओपी ने कहा है कि समिति एनपीपीए के भीतर संस्थागत सुधारों पर विचार करेगी। वह इस बात पर गौर करेगी कि उद्योग की टिकाऊ वृद्धि व निर्यात को प्रोत्साहन देते हुए किस तरह से आवश्यक दवाओं की उपलब्धता और कीमत में संतुलन बनाए रखा जाए। इसकी पुष्टि करते हुए आईडीएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष विरंची शाह ने कहा कि यह एक नियमित कवायद है, जो समय-समय पर की जाती है और एक जिम्मेदार उद्योग के रूप में हम सकारात्मक इनपुट देंगे।' दवा उद्योग का मानना है कि नए डीपीसीओ पर काम चल रहा है और यह अगले साल लागू हो सकता है।

## भारी मुनाफा वसूली से शेयर बाजार में कोहराम

**मुंबई,** 13 मार्च (एजेंसियां)। एशियाई बाजार की गिरावट के दबाव के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर यूटिलिटीज, ऊर्जा, तेल एवं गैस, धातु और पावर समेत सभी समूहों में हुई भारी मुनाफा वसूली से आज शेयर बाजार में कोहराम मच गया।


बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 906.07 अंक अर्थात 1.23 प्रतिशत की

- सेंसेक्स में 906.07 अंक की भारी गिरावट
- निफ्टी 338 अंक का गोता लगाकर बंद

भारी गिरावट लेकर करीब दो सप्ताह बाद 73 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 72,761.89 अंक पर आ गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 338 अंक यानी 1.51 प्रतिशत का गोता लगाकर 22 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 21,997.70 अंक पर बंद हुआ।

वहीं, दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली का दबाव अधिक रहा। बीएसई का मिडकैप 4.20 प्रतिशत टूटकर 37,591.15 अंक और स्मॉलकैप 5.11 प्रतिशत कमजोर होकर 40,641.67 अंक पर आ गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3976 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3516 में बिकवाली जबकि 400 में लिवाली हुई वहीं 60 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 43




| | अंतिम भाव ₹ में | % बदलाव |
|---|---|---|
| पावर ग्रिड | 264.30 | -7.28 |
| एनटीपीसी | 321.85 | -6.67 |
| टाटा स्टील | 143.50 | -5.87 |
| टाटा मोटर्स | 973.05 | -4.28 |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 790.10 | -3.32 |
| टाइटन | 3,627.25 | -3.27 |
| भारती एयरटेल | 1,167.30 | -3.08 |
| रिलायंस | 2,864.70 | -2.90 |
| हिंद यूनिलीवर | 2,313.85 | -2.70 |
| एल एंड टी | 3,542.30 | -2.18 |

कंपनियां लाल जबकि शेष सात हरे निशान पर रही।

बीएसई के सभी समूहों पर मुनाफ़ावसूली का दबाव रहा। इससे यूटिलिटीज 7.21, पावर 6.35, धातु 5.75, सर्विसेज 5.71, दूरसंचार 5.45, रियल्टी 5.41, तेल एवं गैस 5.16, ऊर्जा 5.12, कमोडिटीज 4.28, इंडस्ट्रियल्स 4.23, सीडी 3.38, कैपिटल गुड्स 3.33, कंज्यूमर डयूरेबल्स 3.01, ऑटो 2.73, हेल्थकेयर 2.28, वित्तीय सेवाएं 1.63, आईटी 1.03 और टेक समूह के शेयर 1.30 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.25 और जर्मनी का डैक्स 0.08 प्रतिशत बढ़ गया। वहीं, जापान कि निक्केई 0.26, हांगकांग हैंगसेंग 0.07 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.40 प्रतिशत फिसल गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 325 अंक की जबरदस्त तेजी के साथ 73,993.40 अंक पर खुला और दमदार लिवाली के दम पर थोड़ी देर बाद ही 74,052.75 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। लेकिन, इसके बाद शुरू हुई बिकवाली से यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 73,667.96 अंक की तुलना में 1.23 प्रतिशत की गिरावट लेकर 72,761.89 अंक रह गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में पावरग्रिड 7.28, एनटीपीसी 6.67, टाटा स्टील 5.87, टाटा मोटर्स 4.28, जेएसडब्ल्यू स्टील 3.32, टाइटन 3.27, भारती एयरटेल 3.08, रिलायंस 2.90, हिंदुस्तान यूनिलीवर 2.70, एलटी 2.18, एसबीआई 1.71, एक्सिस बैंक 1.51, मारुति 1.43, विप्रो 1.23, टेक महिंद्रा 1.18, टीसीएस 1.02, एचसीएल टेक 0.59 और इंफ़ोसिस 0.03 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, आईटीसी 4.49, आईसीआईआई बैंक 0.59, कोटक बैंक 0.44, बजाज फाइनेंस 0.33 और एचडीएफसी बैंक के शेयर 0.01 प्रतिशत मजबूत रहे।

## एशिया के सर्वश्रेष्ठ रेस्तरां में पांच भारतीय रेस्तरां को मिली जगह

**नई दिल्ली**, 13 मार्च (एजेंसियां)। दुनिया के बेहतरीन रेस्तरां ढूंढने के लिए, यूके की कंपनी विलियम रीड बिजनेस मीडिया हर साल एक लिस्ट बनाती है। कंपनी अपनी 50 बेस्ट रैंकिंग में दुनिया भर के बेहतरीन रेस्तरां को शामिल करती है। फरवरी में, उन्होंने पश्चिमी एशिया और उत्तरी अफ्रीका के लिए सालाना 50 सर्वश्रेष्ठ रेस्तरां की लिस्ट जारी की थी। हाल ही में, उन्होंने एशिया के 2024 के लिए 51 से 100 तक के रेस्तरां की रैंकिंग जारी की है। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि इस लिस्ट में 5 भारतीय रेस्तरां ने भी अपनी जगह बनाई है। इस साल के टॉप 50 रेस्तरां की लिस्ट महीने के अंत में घोषित की जाएगी।

देश के बाहर अन्य ध्यान खींचने वाली एंट्री में बैंकॉक का गा रेस्तरां शामिल है। यह रेस्तरां भारतीय शेफ गरिमा अरोड़ा द्वारा संचालित है। यह 38वें स्थान पर है, जो इसे लिस्ट में सबसे ऊंचा स्थान प्राप्त करने वाला भारतीय रेस्तरां बनाता है।इस रेस्तरां को 2023 में दूसरे मिशेलिन स्टार से



- विलियम रीड बिजनेस मीडिया हर साल बनाती है लिस्ट
- 26 मार्च को होगी एशिया के 50 सर्वश्रेष्ठ रेस्तरां की घोषणा

भी सम्मानित किया गया था। 54वें स्थान पर सुश्री मारिया और मिस्टर सिंह हैं, जो प्रसिद्ध शेफ गग्गन आनंद द्वारा बैंकॉक का एक मैक्सिकन-भारतीय रेस्तरां है। पिछले साल, दिल्ली का आईटीसी मौर्या का बुखारा और मुंबई का द टेबल 51-100 की लिस्ट में शामिल थे। 2023 में, अमेरिकनो 66वें और एका 93वें स्थान पर रहे थे। एशिया के 50 सर्वश्रेष्ठ रेस्तरां की 2024 लिस्ट की घोषणा 26 मार्च, 2024 को सियोल, दक्षिण कोरिया में आयोजित एक पुरस्कार समारोह में की जाएगी।

## दो रुपए का प्लेटफॉर्म शुल्क लगाने वाली पहली क्विक कंपनी बनी जेप्टो

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (एजेंसियां)। जेप्टो प्रति ऑर्डर 2 रुपए का प्लेटफॉर्म शुल्क लगाने वाली पहली क्विक-कॉमर्स कंपनी बन गई है। प्लेटफॉर्म पर शुल्क चुनिंदा यूजर्स पर लागू होगा। इस समय जोमैटो के मालिकाना हक वाली ब्लिंकिट और स्विगी इंस्टामार्ट, जेप्टो की प्रतिस्पर्धी हैं। यह दोनों ग्रॉसरी ऑर्डर पर कोई शुल्क नहीं लेती हैं, लेकिन डिलेवरी ऑर्डर से प्लेटफॉर्म शुल्क लेती हैं।

कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा कि हम मुनाफे के लिए डिलीवरी शुल्क पर ज्यादा निर्भर होने में विश्वास नहीं करते। हम फायदे के लिए मुख्य परिचालन दक्षता और लागत में कमी में विश्वास करते हैं। हम बहुत कम डिलीवरी शुल्क के साथ भी एबिटडा पॉजिटिव




- प्लेटफॉर्म पर शुल्क चुनिंदा यूजर्स पर होगा लागू

मील का पत्थर हासिल करने की राह पर हैं, जेप्टो पास इसका सबसे अच्छा उदाहरण है।

जेप्टो की ओर से ग्रहाकों पर लगाए जाने वाला प्लेटफॉर्म शुल्क एकमात्र एक्ट्रा शुल्क नहीं है। कंपनी कुछ मामलों में रात 11 बजे के बाद दिए गए ऑर्डर पर 15 रुपए का लेट नाइट हैंडलिंग शुल्क भी लेती है।

## भारत के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आय के अंतर में हो रही गिरावट

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (एजेंसियां)। अगर आप भारत में उपभोग के विभिन्न प्रारूप के बजाय किसी एक ढर्रे पर ध्यान केंद्रित करते हैं तो उलझन की स्थिति पैदा हो जाती है। उलझन तब और बढ़ जाती है जब आप देश के उपभोग के आधारभूत प्रारूप को आंतरिक तथ्यों के संदर्भ में नहीं देखते है।

उपभोग का आधारभूत प्रारूप सकल आधार पर भारी भरकम दिखता है मगर इसमें औसत आय अर्जित और व्यय करने वाले लोग शामिल होते हैं। या फिर आपका ध्यान इस बात पर नहीं जाता कि भारत की एक बड़ी आबादी का छोटा प्रतिशत दूसरे बाजारों की छोटी आबादी के बड़े प्रतिशत से कहीं अधिक है। यही कारण है कि भारत को ऊंची आय वाले लोगों की कम आबादी के बावजूद महंगे ब्रांड या महंगी कारों का दूसरा या तीसरा बाजार आसानी से माना जा सकता है। इस समय कारोबारी जगत और मीडिया में हमारे उपभोग के प्रारूप को लेकर तीन समानांतर चर्चा चल रही हैं। पहली चर्चा लोगों के बीच लैंबॉर्गिनी खरीदने की बढ़ती चाहत और महंगी स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) खरीदने के लिए लोगों की लंबी कतारों के इर्द-गिर्द घूमती है। यह दिखाता है कि लोगों के पास 'बहुत अधिक पैसा' है। दूसरी चर्चा तिमाही नतीजों के निराशाजनक



- शहरी भारतीयों में पांच प्रतिशत लोग करते हैं सालाना 11,24,000 लाख रुपए खर्च
- भारत की एक बड़ी आबादी का छोटा प्रतिशत दूसरे बाजारों की छोटी आबादी के बड़े प्रतिशत से कहीं अधिक

प्रदर्शन के इर्द-गिर्द घूमती है। ये नतीजे उपभोग में 'के आकृति वाली असंतुलित वृद्धि', बड़े बाजार एवं ग्रामीण बाजारों के गायब होने और सफलता की एक नई रणनीति के रूप में 'महंगी वस्तुएं उतारने' का संकेत देते हैं। तीसरी चर्चा हाउसहोल्ड कंजम्प्शन एक्सपेंडिचर सर्वे (एचसीईएस) के नए आंकड़ों पर आधारित है। कुछ लोगों का कहना है कि इन आंकड़ों में पिछले 10 वर्षों में सुधार के आंकड़े बढ़ा-चढ़ा कर पेश किए गए हैं। वहीं, कुछ दूसरे लोग इस बात से हैरत में हैं कि आंकड़े इतने कम क्यों हैं। मगर इसके बावजूद वे यह सोचकर उत्साहित हैं कि व्यय में खाद्य पदार्थों पर होने वाले खर्च की हिस्सेदारी में तेजी से कमी आई है।

अब एचसीईएस के आंकड़ों पर नजर डालते हैं। मगर इसके बाद भी औसत आय के प्रमाण मिलते हैं। सर्वाधिक खर्च करने वाले शहरी भारतीयों में 5 प्रतिशत लोग उन परिवारों से ताल्लुक रखते हैं जो सालाना 11,24,000 लाख रुपए खर्च करते हैं (इससे परिवार का आकार बढ़कर 4.5 हो जाता है, यह अलग बात है कि धनी शहरी परिवारों का आकार छोटा होता है।) अब कुछ लोगों के तर्क से परे इसे बढ़ाकर 2.2 गुना कर देते हैं। 2.2 सरकार द्वारा दिया गया प्रति व्यक्ति निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) आंकड़ा है। पिछले आय सर्वेक्षण की तरह ही शहरी एवं ग्रामीण भारत में समान आय आबादी की उपस्थिति का पता चला है। बाजार ने काफी पहले ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में घटते अंतर का अनुभव कर लिया था। मीडिया, वस्तु, सड़क और अघोषित शहरों आदि की मदद से दोनों क्षेत्र एक दूसरे से जुड़ने लगे हैं। इसका परिणाम यह हुआ है कि अर्द्ध शहरी 'अरबन उपभोक्ता' सामने आ रहे हैं।

## सार संक्षेप

### स्विस ब्यूटी ने की ऑफलाइन विस्तार की घोषणा

**नई दिल्ली।** कलर कॉस्मेटिक्स ब्रांड स्विस ब्यूटी ने देश भर में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के उद्देश्य से वित्त वर्ष 2024 में टियर 2 और स्मार्ट शहरों में अपनी पहुंच बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना का खुलासा किया है। कंपनी ने आज कहा कि इनोवेटिव कलर कॉस्मेटिक्स भारतीय ब्रांड मार्च 2024-25 तक भारत के 12 शहरों में अपने एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट्स (ईबीओ) की संख्या दोगुना करने जा रहा है। बेहद तेजी से विस्तार करने की अपनी रणनीति के माध्यम से, स्विस ब्यूटी अपने उच्च-गुणवत्तापूर्ण, प्रीमियम और तरह-तरह की वैरायटी वाले सौंदर्य उत्पादों को अपने ग्राहकों के और करीब उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत में 550 से अधिक शहरों में लगभग 25,500 रिटेल टचप्वाइंट्स के साथ स्विस ब्यूटी का लक्ष्य इस वर्ष अपनी ऑफलाइन रिटेल मौजूदगी के विस्तार की तेज रफ़्तार का लाभ उठाना है।

### अल्ताफ हाल्दे बने चीफ बिजनेस ऑफिसर

**नई दिल्ली।** साइबर सुरक्षा फर्म टीएसी सिक्योरिटी ने अल्ताफ हाल्दे को कंपनी का चीफ बिजनेस ऑफिसर (सीबीओ) नियुक्त किया है। टीएसी सिक्योरिटी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अल्ताफ हाल्दे की नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब कंपनी आईपीओ से फंड जुटाकर बिजनेस ग्रोथ और विस्तार पर नजर रखे हुए है। टीएसी सिक्योरिटी के संस्थापक और सीईओ त्रिशनीत अरोड़ा ने कहा, साइबर सुरक्षा सेक्टर में उनका अनुभव और प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड कंपनी की ग्रोथ को अगले क्षेत्र में रफ्तार देगा। अल्ताफ हाल्दे अपनी नई भूमिका में एपीएसी (एशिया-प्रशांत) और मध्य पूर्व क्षेत्रों में कंपनी के संचालन की देखरेख के अलावा, व्यावसायिक रणनीतियों को विकसित करने और लागू करने के लिए जिम्मेदार होंगे।


### केकेसीएल दाखिल करेगी हलफनामा, नेटफ्लिक्स बनाम किलर जीन्स वाद

नई दिल्ली। वेब सीरीज 'किलर सूप' के शीर्षक में 'किलर' शब्द के उपयोग को लेकर नेटफ्लिक्स और केवल किरण क्लोदिंग लिमिटेड के बीच चल रही कानूनी लड़ाई पहली बार बॉम्बे हाई कोर्ट में सुनवाई के लिए आई। बॉम्बे हाई कोर्ट में इस सुनवाई के दौरान केकेसीएल के वकील ने मैकगुफ्फिन पिक्चर्स एलएलपी और नेटफ्लिक्स एंटरटेनमेंट सर्विसेज इंडिया एलएलपी द्वारा दायर जवाब के उत्तर में अपना हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा है। यह मामला अब 28 मार्च 2024 को सूचीबद्ध होने की संभावना है। 'किलर जीन्स' के निर्माता केवल किरण क्लोदिंग लिमिटेड ने अपने ट्रेड मार्क 'किलर' का उल्लंघन करने के लिए वेब सीरीज 'किलर सूप' के निर्माताओं के विरुद्ध बॉम्बे हाई कोर्ट में मुकदमा दायर किया है। केकेसीएल ने निर्माता मैकगुफ्फिन पिक्चर्स एलएलपी और नेटफ्लिक्स एंटरटेनमेंट सर्विसेज इंडिया एलएलपी को मुकदमे में प्रतिवादी के रूप में शामिल किया है।नेटफ्लिक्स द्वारा निर्मित एक मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज 'किलर सूप' ने अपनी आकर्षक कहानी और किरदारों के लिए प्रशंसा प्राप्त की है। मनोज बाजपेयी और कोंकणा सेन शर्मा स्टारर इस सीरीज को नेटफ्लिक्स ने अपने प्लेटफॉर्म पर 11 जनवरी 2024 को 'किलर सूप' शीर्षक के साथ रिलीज़ किया था। केकेसीएल ने नेटफ्लिक्स सीरीज़ के नाम के तहत उनके ट्रेड मार्क के इस्तेमाल पर कड़ी आपत्ति जताई है।

# खेल जगत

## लीजेंड्स लीग क्रिकेट ने एड्रियन ग्रिफिथ को चीफ क्रिकेट ऑपरेशन ऑफिसर नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) ने आगामी सीजन के लिए वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी एड्रियन ग्रिफिथ को लीग के चीफ क्रिकेट ऑपरेशन ऑफिसर के रूप में अनुबंधित किया है। ग्रिफ़िथ के पास मैच अंपायरिंग और प्रौद्योगिकी से लेकर इवेंट प्लानिंग और संचालन तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के विभिन्न पहलुओं का नेतृत्व और प्रबंधन करने का 15 वर्षों से अधिक का अनुभव है। एलएलसी के एक बयान के अनुसार ग्रिफिथ जून 2024 में यूएसए में टी20 विश्व कप में आईसीसी के साथ अपना काम पूरा करने के बाद एलएलसीटी20 एपेक्स काउंसिल और तकनीकी समिति को खेल की स्थिति और आचार संहिता जैसे परिचालन दस्तावेजों को तैयार करने में सहायता प्रदान करेंगे।



# बुमराह को पीछे छोड़ नंबर-1 बने अश्विन

## प्लेयर ऑफ द मैच कुलदीप, जो सबसे तेज 50 टेस्ट विकेट लेने वाले भारतीय बने




**दुबई,** 13 मार्च (एजेंसियां)। भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन धर्मशाला में अपने 100वें टेस्ट मैच में नौ विकेट लेने के बाद आईसीसी पुरुष टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर वापस आ गए हैं। अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में (4-51) और (5-77) विकेट लिए, जिससे भारत ने पांचवें और अंतिम टेस्ट में पारी और 64 रन से जीत हासिल की और 4-1 से सीरीज पर कब्जा जमाया। इस बड़ी जीत के बाद भारत आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है।

अश्विन ने हमवतन और टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान पर कब्जा किया। वह पहली बार दिसंबर 2015 में नंबर वन बने थे। प्लेयर ऑफ द मैच कुलदीप यादव, जो सबसे तेज 50 टेस्ट विकेट लेने वाले भारतीय बन गए, मैच में सात विकेट लेने के बाद 15 स्थान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के कप्तान रोहित शर्मा (पांच पायदान ऊपर छठे स्थान पर) और शुभमन गिल (11 पायदान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ 20वें स्थान पर) ने भी बढ़त बनाई, जबकि प्लेयर ऑफ द सीरीज यशस्वी जायसवाल दो पायदान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज, जायसवाल ने नौ टेस्ट के बाद 740 रेटिंग अंक जुटाए हैं, केवल दो बल्लेबाजों ऑस्ट्रेलियाई डॉन ब्रैडमैन (752) और माइक हसी (741) ने इतने ही टेस्ट के बाद इतने रेटिंग अंक हासिल किए थे। इंग्लैंड के बल्लेबाज जैक क्रॉली और जॉनी बेयरस्टो बल्लेबाजी रैंकिंग में एक-एक पायदान आगे बढ़ गए हैं, जबकि ऑफ स्पिनर शोएब बशीर 11 पायदान आगे बढ़कर 71वें स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया ने क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड पर 2-0 से श्रृंखला जीतकर डब्ल्यूटीसी तालिका में भारत के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। विकेटकीपर-बल्लेबाज एलेक्स कैरी की नाबाद 98 रन की मैच जिताऊ पारी ने उन्हें 50वें से 38वें स्थान पर पहुंचा दिया है। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मैच में पांच विकेट सहित छह विकेट लिए, जिससे सीजन में उनके 15.31 के औसत से 35 विकेट हो गए और वह गेंदबाजों की रैंकिंग में अश्विन के बाद दूसरे स्थान पर आ गए। यह रैंकिंग में उनकी अब तक की सर्वश्रेष्ठ स्थिति के बराबर है, जिसे उन्होंने पहली बार फरवरी 2017 में हासिल किया था।

> ■ भारत के कप्तान रोहित शर्मा (पांच पायदान ऊपर छठे स्थान पर) और शुभमन गिल (11 पायदान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ 20वें स्थान पर) ने भी बढ़त बनाई

मार्च 2017 में हासिल की गई 864 की सर्वोच्च गेंदबाजी रेटिंग के बावजूद हेजलवुड कभी भी शीर्ष स्थान पर नहीं रहे हैं। केवल कपिल देव (877), रयान हैरिस (870), कर्टनी वॉल्श (868) और रंगना हेराथ (866) ही नंबर एक स्थान तक पहुंचे बिना ऊंचे शिखर पर हैं।

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी के पहली पारी में 67 रन पर सात विकेट के शानदार आंकड़े ने उन्हें छह पायदान आगे बढ़ाकर 12वें स्थान पर और अपने करियर में पहली बार 700 अंक से अधिक अंक हासिल करने में मदद की। वह ऑलराउंडरों में भी छठे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श (आठ पायदान ऊपर 55वें स्थान पर) और न्यूजीलैंड के खिलाड़ी टॉम लैथम (छह पायदान ऊपर 35वें स्थान पर) और रचिन रवींद्र (10 पायदान ऊपर 66वें स्थान पर) बल्लेबाजी रैंकिंग में आगे बढ़ने वाले अन्य खिलाड़ी हैं।



# क्रिकेटर दानिश ने किया सीएए का समर्थन, कहा- थैंक्यू मोदी जी

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (एजेंसियां)। भारत सरकार ने सीएए कानून लागू करने की घोषणा कर दी है। केंद्र सरकार के इस फैसले से न केवल भारतीय बल्कि पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया भी काफी खुश हैं।दानिश कनेरिया ने मोदी सरकार द्वारा नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 को लागू करने पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने पीएम मोदी का धन्यवाद किया है। इस कानून के तहत पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आए लोगों को भारतीय नागरिकता मिलने में आसानी होगी।

भारत सरकार के इस कदम की तारीफ करते हुए दानिश ने कहा कि हर किसी को अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार है...पीएम मोदी को धन्यवाद। आईएएनएस से खास बातचीत में दानिश ने कहा कि यह अच्छी बात है, इससे सभी को फायदा होगा।



भारत के पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने बहुत अच्छा कदम उठाया। यह अल्पसंख्यकों और हिंदुओं के लिए बहुत अच्छा है। एक हिंदू और सनातनी होने के नाते, अपने साथी लोगों के लिए आवाज उठाना मेरा कर्तव्य है। एक हिंदू होने के नाते, मेरा भगवान हनुमान और भगवान राम के साथ गहरा संबंध है। लोगों को इसे नकारात्मक चीज़ के रूप में नहीं देखना चाहिए, हर किसी को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को सीएए के नियमों के लिए अधिसूचना जारी कर दी। गृह मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि सीएए के तहत नागरिकता प्राप्त करने वाले अप्रवासियों को ऑनलाइन मोड में आवेदन जमा करना होगा, जिसके लिए एक वेब पोर्टल बनाया गया है।कनेरिया ने 2000 से 2010 के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने पाकिस्तान के लिए 61 टेस्ट मैच खेले और 34.79 की औसत से 261 विकेट लिए। लेग स्पिनर ने पाकिस्तान के लिए 18 वनडे मैच भी खेले और 15 विकेट लिए। उन्होंने 206 प्रथम श्रेणी मैचों में 1024 विकेट लिए हैं, जिसमें उन्होंने 71 बार पांच विकेट और 12 बार 10 विकेट लिए हैं।

# रसेल मेरे आदर्श, उनकी तरह केकेआर के लिए मैच जीतना चाहता हूं : रमनदीप



**नई दिल्ली,** 13 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल 2024 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। सभी टीमें अपनी-अपनी तैयारियों में जुट चुकी है। टूर्नामेंट के नए सीजन के आगाज से पहले सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर रमनदीप सिंह, जो कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलेंगे, ने कहा कि वह आंद्रे रसेल के साथ खेलने के लिए उत्सुक हैं। जिस तरह आंद्रे रसेल केकेआर के लिए एक मैच विनर रहे हैं, ठीक वही भूमिका रमनदीप सिंह टीम में भी निभाना चाहते हैं। घरेलू क्रिकेट में पंजाब के लिए खेलने वाले रमनदीप ने मुंबई इंडियंस के लिए पांच आईपीएल मैच खेले, जिसमें उनका सबसे अच्छा योगदान हैदराबाद के खिलाफ (3/20) और दिल्ली के खिलाफ (2/29) के रूप में रहा। मुंबई द्वारा रिलीज़ किए जाने के बाद रमनदीप को पिछले साल दुबई में नीलामी में आईपीएल 2024 सीज़न से पहले केकेआर ने अपने साथ जोड़ा था। रमनदीप ने केकेआर नाइट क्लब से कहा कि मैं शुरू से ही रसेल को फॉलो कर रहा हूं और मैंने देखा है कि वह टी-20 प्रारूप में बल्ले के साथ-साथ गेंद से भी किस तरह प्रभाव पैदा करते हैं। मैं जब भी बल्लेबाजी करता हूं तो कोशिश करता हूं और सोचता हूं कि रसेल इस स्थिति में क्या करेंगे और फिर उस पर अमल करने की कोशिश करता हूं। जहां तक गेंदबाजी का सवाल है, रसेल अपनी टीम के लिए सबसे कठिन ओवर फेंकते हैं और उन्होंने केकेआर के लिए कई मैच जीते हैं। मुझे उम्मीद है कि मैं भी आंद्रे रसेल की तरह केकेआर के लिए मैच जीतने में सक्षम हूं। इस बारे में बात करते हुए कि उन्हें कैसे पता चला कि केकेआर ने उन्हें चुना है, रमनदीप ने कहा कि उन्हें फ्रेंचाइजी द्वारा चुने जाने का अंदाजा था। रमनदीप ने कहा कि मैं टीवी पर नीलामी पर नज़र रख रहा था, लेकिन एक बार जब मेरा नाम सामने आया, तो मैंने यह सोचकर टीवी बंद कर दिया कि देखेंगे कि क्या होता है। कुछ समय में, मुझे अपने परिवार और दोस्तों से कॉल और मैसेज आने लगे कि मुझे केकेआर द्वारा चुना गया है।

### आईपीएल 2024 के लिए केकेआर टीम

श्रेयस अय्यर, फिल साल्ट, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, आंद्रे रसेल, नीतीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिचेल स्टार्क, दुष्मंत चमीरा, शाकिब हुसैन और मुजीब उर रहमान

## अंतरराष्ट्रीय धाविका सुनीता सरोज ने रजत जीता पदक, किया नाम रोशन

**कौशांबी,** 13 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के कौशांबी की अंतरराष्ट्रीय



धाविका सुनीता सरोज ने लखनऊ में संपन्न हुई अंडर-20 नेशनल एथलेटिक चैंपियनशिप में 5000 मीटर दौड प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। इसके साथ ही सुनीता देवी ने यूएई में होने वाली एशियाई एथलेटिक चैंपियनशिप में क्वालीफाई किया है। जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में उन्हें सम्मानित किया। सुनीता इस समय स्पोर्ट्स स्टेडियम टेवा में अभ्यास कर रही हैं। जिला क्रीड़ा अधिकारी रवि कुमार शर्मा, खेलो इंडिया प्रशिक्षक संदीप कुमार एवं स्टेडियम में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ी सुनीता के इस प्रदर्शन से काफी खुश हैं।

# श्रीलंका ने वनडे सीरीज के लिए लाहिरू कुमारा, कामिंडु मेंडिस को वापस बुलाया

**कोलंबो,** 13 मार्च (एजेंसियां) श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने मंगलवार को बांग्लादेश के खिलाफ आगामी सीरीज के लिए 16 सदस्यीय वनडे टीम की घोषणा की, जिसमें तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा की टीम में वापसी हुई है, जिन्होंने हाल ही में सूची ए मैचों में नौ विकेट लेकर शानदार फॉर्म का प्रदर्शन किया है। उनके साथ वापसी करने वालों की सूची में बल्लेबाजी ऑलराउंडर कामिंडु मेंडिस भी शामिल हो गए। जिन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज के दौरान प्रभावित किया था। उल्लेखनीय अनुपस्थित खिलाड़ियों में चोट के कारण बाहर किए गए अनुभवी तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा और बल्लेबाज शेवोन डैनियल शामिल हैं, जो पिछले दो एक दिवसीय मैचों में टीम का हिस्सा होने के बावजूद केवल सीमित क्रिकेट का समय देख पाए हैं। टेस्ट कप्तान धनंजय डी सिल्वा को भी बाहर रखा गया है, जबकि कामिंडु को शामिल करने से उन्हें शेवोन डेनियल पर तरजीह दी गई है। टीम में सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका, जो अब हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर चुके हैं, और ऑफ-स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर सहान अराचिगे, जो बल्ले और गेंद दोनों से घरेलू स्तर पर अच्छी फॉर्म में हैं, की वापसी हुई है । जबकि लाहिरू कुमारा ने तेज आक्रमण में अनुभव जोड़ा है, श्रीलंका ने एक विविध सीम गेंदबाजी लाइनअप का विकल्प चुना है, जिसमें प्रमोद मदुशन, दिलशान मदुशंका और हरफनमौला विकल्प चमिका करुणारत्ने और जांथ लियानगे शामिल हैं। दासुन शनाका उल्लेखनीय रूप से अनुपस्थित हैं। स्पिन विभाग में, वानिंदु हसरंगा और महेश थीक्षाना के नेतृत्व करने की उम्मीद है, जिसमें अकीला धनंजय और बाएं हाथ के स्पिनिंग ऑलराउंडर डुनिथ वेलालेज भी दावेदार हैं।



## समर्थ चैंपियनशिप में भारत ने तीसरे टी-20 में श्रीलंका को 7 विकेट से हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम ने बुधवार को संयुक्त बल्लेबाजी प्रयास की मदद से अंतर्राष्ट्रीय द्विपक्षीय दृष्टिबाधित पुरुष क्रिकेट श्रृंखला समर्थ चैंपियनशिप फॉर ब्लाइंड क्रिकेट के तीसरे टी20 में श्रीलंका को 7 विकेट से हरा दिया। करनैल सिंह स्टेडियम में खेले गए इस मैच में पंकज भुए, दिनेश राठ्वा, नरेश तुमड़ा और लोकेश सभी ने योगदान दिया और भारत ने 27 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

## सार संक्षेप

### पीसीबी ने न्यूजीलैंड के साथ टी-20 सीरीज का किया ऐलान

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को कहा कि न्यूजीलैंड पुरुष क्रिकेट टीम पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए अप्रैल में देश का दौरा करेगी। पीसीबी ने आज यहां न्यूजीलैंड के साथ पांच टी-20 मैचों की सीरीज की घोषणा करते हुए कहा कि इस श्रृंखला के सभी मुकाबले 18 से 27 अप्रैल के बीच खेले जायेंगे। जून में शुरू होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप से पहले प्रशिक्षण और अभ्यास सत्र के लिए न्यूजीलैंड की टीम 14 अप्रैल को पाकिस्तान पहुंचेगी। पिछले 17 महीनों में न्यूजीलैंड की यह तीसरा दौरा है। सीरीज के पहले तीन टी-20 मैच रावलपिंडी में होंगे तथा शेष दो मैच लाहौर में खेलें जायेंगे। इस वर्ष की शुरुआत में पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड का दौरा किया और टी-20 सीरीज में उसे 4-1 से हार का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक उस्मान वाहला ने कहा कि यह सीरीज पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के बीच अटूट सौहार्द के प्रमाण है। हमें न्यूजीलैंड पुरुष टीम के 2024 के पाकिस्तान दौरे का कार्यक्रम पेश करते हुए खुशी हो रही है।

### भारत पेरिस ओलंपिक में एक से अधिक भाला फेंक पदक जीत सकता है : किशोर जेना

**चंडीगढ़।** उभरते भाला फेंक स्टार किशोर कुमार जेना, जो मई में दोहा में डायमंड लीग से अपने आउटडोर सीज़न की शुरुआत करेंगे, ने कहा है कि वह नीरज चोपड़ा को प्रतिद्वंद्वी के रूप में नहीं देखते हैं। ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल अब 130 दिन से कुछ अधिक दूर हैं और जेना ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा के साथ इसे देश के लिए यादगार बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। जेना, जो वर्तमान में पटियाला में राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) में प्रशिक्षण ले रहे हैं, ने कहा कि भारत पेरिस में एक से अधिक भाला फेंक पदक जीत सकता है। पिछले साल बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स मीट में नीरज चोपड़ा के साथ आमने-सामने होने के बाद से जेना सुर्खियां बटोर रहे हैं। एशियाई खेलों के इतिहास में पहली बार, चोपड़ा और किशोर कुमार जेना ने हांगझोउ 2023 में भाला फेंककर इसे एक-दो कर दिया। पेरिस के लिए क्वालीफाई करने के बाद, जेना को लगता है कि भाला फेंक में पदक की संभावनाएं केवल चोपड़ा तक ही सीमित नहीं हैं। नियम के अनुसार, भाला फेंक में एक देश से तीन खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। इससे पेरिस में अधिक पदक जीतने की संभावना बढ़ जाती है। जेना ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) से कहा कि हम सभी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और अगर हम चोट मुक्त रह सकते हैं, तो भारत टोक्यो से बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। जेना, जो ओडिशा के पुरी जिले के एक किसान परिवार से आते हैं, पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में एक एक्सपोज़र ट्रिप के लिए गए थे।

# आईपीएल के आगाज से पहले दिल्ली को झटका

## निजी कारणों से टूर्नामेंट से हटे हैरी ब्रूक



**नई दिल्ली,** 13 मार्च (एजेंसियां)। इंग्लैंड के मध्यक्रम के बल्लेबाज हैरी ब्रूक निजी कारणों का हवाला देते हुए 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के 2024 संस्करण से हट गए हैं। हैरी ब्रूक को पिछले साल दुबई में नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने 4 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा था। जेसन रॉय के बाद वह निजी कारणों से आईपीएल 2024 से हटने वाले इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी हैं। क्रिकबज की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि इंग्लैंड के खिलाड़ियों द्वारा व्यक्तिगत कारणों का हवाला देकर इस तरह पीछे हटने से आईपीएल फ्रेंचाइजी नाराज है। इसमें यह भी बताया गया है कि इस तरह अचानक हटने से विभिन्न टीमों की नीलामी योजना बाधित हो जाती है। आईपीएल फ्रेंचाइजी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के साथ इस मुद्दे पर विचार कर रही हैं। ब्रूक ने आईपीएल 2023 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 21 की कम औसत से केवल 190 रन बनाए थे। रिपोर्ट में एक फ्रेंचाइजी अधिकारी के हवाले से कहा गया है, एक बार जब खिलाड़ी नीलामी के लिए पंजीकरण करा लेते हैं, तो उन्हें अपनी प्रतिबद्धता का सम्मान करना चाहिए। इससे मुकरना गैर-पेशेवर है और बीसीसीआई को इस पर ध्यान देना चाहिए। दिल्ली कैपिटल्स अपने आईपीएल 2024 अभियान की शुरुआत 23 मार्च को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर, मोहाली के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में करेगी।

# सिंगापुर स्मैश : शरत कमल वर्ल्ड नंबर 13 को हराकर राउंड 16 में पहुंचे

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (एजेंसियां)। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अचंत शरत कमल विश्व नंबर 13 डार्को जोर्गिक पर 3-1 (8-11, , 11-6, 11-8, 11-9) से शानदार जीत के बाद पहली बार सिंगापुर स्मैश के राउंड 16 में पहुंच गए। डार्को को अपने ब्लॉक से बाहर निकलने में थोड़ा समय लगा लेकिन उन्होंने पहला गेम जीत लिया था और तेज दिख रहे थे, मगर उसके बाद सब कुछ शरत कमल का था क्योंकि उन्होंने डार्को को चकमा दे दिया, जो उनके रास्ते में आने वाले स्मैश और ड्रॉप्स की बौछार का सामना नहीं कर सके। खेल के दौरान दोनों पैडलर्स ने कई अद्भुत रैलियां की और शरत ने अक्सर अंक जीतने के लिए अपना संयम बनाए रखा। दुनिया के 88वें नंबर के खिलाड़ी शरत ने अपने सिंगापुर दौरे के शुरूआती क्वालीफाइंग राउंड में रोमानिया के आंद्रे इस्ट्रेट, जापान के युटा तनाका और स्लोवेनिया के डेनी कोजुल को हराकर मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह पक्की की। राउंड ऑफ 64 में शरत ने चिली के विश्व नंबर 31 निकोलस बर्गोस पर 3-0 (11-5, 11-4, 11-6) से जीत हासिल की। भारत के दस बार के राष्ट्रीय चैंपियन क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए कोरिया के ली सांग सू या मिस्त्र के ओमास असार से प्रतिस्पर्धा करेंगे।

# ऐसा महसूस हो रहा है जैसे मैं फिर से पदार्पण कर रहा हूं : पंत

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल के आगामी संस्करण के लिए बीसीसीआई द्वारा फिट घोषित किए जाने पर स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा कि मैं एक ही समय में उत्साहित और घबराया हुआ था। लेकिन अब ऐसा लगता है जैसे मैं फिर से पदार्पण करने जा रहा हूं।

26 वर्षीय, जो एक जानलेवा सड़क दुर्घटना के बाद व्यापक पुनर्वास प्रक्रिया से गुजरा, 14 महीने के बाद पेशेवर क्रिकेट में वापसी करेगा। भावुक पंत ने कहा कि मैं जो कुछ झेल चुका हूं उसके बाद फिर से क्रिकेट खेलने में सक्षम होना किसी चमत्कार से कम नहीं है। मैं अपने सभी शुभचिंतकों और प्रशंसकों और सबसे महत्वपूर्ण, बीसीसीआई और एनसीए के कर्मचारियों का आभारी हूं। उनका सारा प्यार और समर्थन मुझे अपार शक्ति देता रहता है। दिल्ली कैपिटल्स के प्री-सीज़न कैंप में शामिल होने पर, पंत ने कहा कि मैं दिल्ली कैपिटल्स और आईपीएल में वापसी के लिए उत्साहित हूं - एक ऐसा टूर्नामेंट जिसका मैं बहुत आनंद लेता हूं। हमारी टीम के मालिक और सहयोगी स्टाफ हर कदम पर अपने पूर्ण समर्थन, मार्गदर्शन और सहयोग से मेरे साथ रहे हैं, जिसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। मैं अपने डीसी परिवार के साथ फिर से जुड़ने और प्रशंसकों के सामने फिर से खेलने का इंतजार नहीं कर सकता। इस अवसर पर बोलते हुए, दिल्ली कैपिटल्स के अध्यक्ष और सह-मालिक पार्थ जिंदल ने कहा कि हमें दिल्ली कैपिटल्स परिवार में ऋषभ का वापस स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। चुनौतियों पर काबू पाने में उन्होंने जिस तरह का धैर्य और लचीलापन दिखाया है, वह कम से कम प्रेरणादायक है। हम उनके ठीक होने की यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आभारी हैं, जो असाधारण रही है। ऋषभ की वापसी हाल के दिनों में सबसे अधिक प्रतीक्षित वापसी में से एक है, और मैं उसे फिर से प्रतिस्पर्धा करते देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। टीम के सह-मालिक किरण ग्रांधी ने कहा कि ऋषभ की वापसी न केवल दिल्ली कैपिटल्स में हम सभी के लिए, बल्कि भारतीय क्रिकेट के लिए भी जबरदस्त खबर है। जब भी कोई आवश्यकता पड़ी, हमें उसकी सहायता और समर्थन करने में खुशी हुई। हम उन्हें वापस डीसी रंग में देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं।




## वोज्नियाकी ने केर्बर को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया

**इंडियन वेल्स।** डेनमार्क की कैरोलिन वोज्नियाकी ने एंजेलिक केर्बर को एकतरफा अंदाज में 6-4, 6-2 से हराकर इंडियन वेल्स के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, यह 2019 के बाद उनका पहला डब्ल्यूटीए 1000 क्वार्टर फाइनल है। अपनी जीत के साथ, वोज्नियाकी 33 वर्ष से अधिक उम्र में बीएनपी परीबा ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली सातवीं महिला बन गईं। 36 वर्षीय केर्बर अपनी बेटी लियाना को जन्म देने के बाद 17 महीने के विश्राम के बाद 2024 में 1-6 के रिकॉर्ड के साथ कैलिफोर्निया आई थीं।वोज्नियाकी ने शुरुआत में तेज प्रदर्शन करते हुए ओपनर में 5-1 की डबल ब्रेक बढ़त बनाई, इससे पहले कि केर्बर ने पलटवार किया और सर्विस पर वापस आने के लिए अगले तीन गेम अपने नाम कर लिए। पैर या टखने की चोट के कारण मेडिकल टाइमआउट के बाद वोज्नियाकी ने 6-4 से सेट अपने नाम कर लिया।